रांची
शुक्रवार
04.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-268 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

खुद को काटकर भी रख दोगे, तब भी ये दुनिया आपसे खुश नहीं होगी, इसलिए वह करो जो दिल चाहे, वह नहीं जो दुनिया चाहे, क्योंकि दुनिया की पसंद बदलते वक्त नहीं लगता।

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज

रांची। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा। झारखंड हाई कोर्ट ने पूजा सिंघल के उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें स्वास्थ्य को आधार मानकर उन्हें जमानत देने की अर्जी दी गयी थी। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने याचिका की सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। जमानत के लिए स्वास्थ्य का मुख्य आधार बताते हुए कोर्ट को बताया गया था कि उनकी तबीयत खराब रह रही है इस वजह से उन्हें जमानत दी जाये। लेकिन कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि पिछले चार महीनों से जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी की ओर से जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने सभी पक्षों को सुनते हुए पूजा सिंघल की जमानत से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि पूजा सिंघल को रांची स्थित ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद है।

ईडी जोनल ऑफिस में हाजिर नहीं हुए सीएम, मांगा तीन सप्ताह का समय

ईडी ने सीएम के टाइम पीटिशन पर नहीं लिया है फैसला, मुख्यालय के निर्देश का इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की सुबह 11.30 बजे ईडी के जोनल ऑफिस में हाजिर नहीं हुए। उन्होंने शाम तीन बजे विशेष दूत के माध्यम से संदेश भिजवाया कि वह झारखंड स्थापना दिवस समेत कई कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, ऐसे में वह तीन हफ्तों के बाद ईडी के समक्ष हाजिर हो सकते हैं। सीएम के पत्र मिलने के बाद ईडी ने टाइम पीटिशन पर कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया है। ईडी अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी मुख्यालय को दी है। मुख्यालय के निर्देश के बाद इस संबंध में ईडी आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला लेगी।

ईडी के अधिकारी करते रहे इंतजार, बढ़ा दी गयी थी सुरक्षा : ईडी जोनल कार्यालय में गुरुवार को दिल्ली से आये अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय डिप्टी डायरेक्टर व असिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों की टीम इंतजार कर रही थी। इस दौरान ईडी के कार्यालय के बाहर सुबह से ही सुरक्षाबलों की भारी संख्या में तैनाती की गयी थी। सीआरपीएफ व पुलिस के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम ने ईडी को दी खुली चुनौती, कहा– अगर मैं गलत हूं, तो पूछताछ नहीं सीधे मुझे गिरफ्तार करे

ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी करने के विरोध में गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में झामुमो कार्यकर्ताओं का महाजुटान हुआ। इस दौरान रांची का मोरहाबादी मैदान झारखंड मुक्ति मोर्चा के आक्रोश का गवाह बना। प्रदेश भर से आये कार्यकर्ताओं ने ईडी की हालिया कार्रवाई का जमकर विरोध किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा प्रदेश की मौजूदा सरकार को अस्थिर करने के कई प्रयोग पहले भी कर चुकी है, लेकिन असफल होने पर अब केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। श्री सोरेन ने खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर मैं गलत हूं, तो पूछताछ नहीं बल्कि सीधे-सीधे ईडी मुझे गिरफ्तार कर ले। उन्होंने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है और हमें अपने पुराने जज्बे को फिर से बहाल करना होगा। श्री सोरेन ने कहा कि विपक्ष लाख जतन कर ले, लेकिन राज्य की जनता के मिले समर्थन से यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी की ओर से समन भेजना एक साजिश का नतीजा है, वो डरनेवाले नहीं हैं, ईडी आये और मुझे गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए उनका गुरुवार को रायपुर जाने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। इसके बावजूद ईडी ने जान-बूझकर आज का दिन चुना। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम मोदी का जांच एजेंसियों को बड़ा आदेश

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनेवाले एजेंसियों को रक्षात्मक होने की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भ्रष्टाचार रोधी एजेंसियों के प्रति बेहिचक समर्थन जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करनेवाले संगठनों को ना तो रक्षात्मक होने की और ना ही अपराध बोध में जीने की जरूरत है, क्योंकि निहित स्वार्थ वाले उनके काम में बाधा डालने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करते रहेंगे। विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए और उन्हें राजनीतिक व सामाजिक प्रश्रय भी नहीं मिलना चाहिए। मोदी ने कहा कि भ्रष्ट लोग कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उन्हें किसी भी परिस्थिति में नहीं बचाना चाहिए, यह आप जैसे संगठनों की जिम्मेदारी है। किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को राजनीतिक-सामाजिक समर्थन न मिले, हर भ्रष्ट व्यक्ति को समाज कटघरे में खड़ा करे, ऐसा माहौल बनाना भी जरूरी है। उन्होंने भ्रष्टाचार को एक बड़ी बुराई बताया और सभी को इससे दूर रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करनेवाले सीवीसी जैसे संगठनों और एजेंसियों को रक्षात्मक होने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि देश की भलाई के लिए काम करनेवालों को अपराध बोध में जीने की जरूरत नहीं है।

■ किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए और उन्हें राजनीतिक व सामाजिक प्रश्रय भी नहीं मिलना चाहिए

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए मोदी ने कहा कि देश के लिए ईमानदारी से काम करते समय कुछ भी अगर इस प्रकार के विवाद खड़े होते हैं तो आपको रक्षात्मक होने की जरूरत नहीं है। समाज आपके साथ खड़ा होता है। मोदी ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियों को तंत्र को बदलने के लिए काम करना चाहिए और भ्रष्टाचार की परिपाटी समाप्त होनी चाहिए, क्योंकि भारत आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी राजनीतिक एजेंडे पर काम करने की जरूरत नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। जिनके निहित स्वार्थ हैं वे कार्रवाई में बाधा डालने और इन संस्थानों से जुड़े व्यक्तियों को बदनाम करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन है और वह सत्य को जानती और समय आने पर सच्चाई के समर्थन में खड़े भी होती है।

रायपुर में आदिवासी नृत्य महोत्सव में सीएम हेमंत ने की शिरकत

सदियों से संघर्षरत आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ाने का कर रहे हैं प्रयास : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

रांची/रायपुर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री सोरेन ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का उत्कृष्ट उदाहरण है। सीएम ने कहा कि विविधता में एकता हमारे देश की पहचान है। हर धर्म, मजहब और जाति के लोग यहां दशकों से आपसी एकजुटता और मजबूती के साथ रहते आये हैं और पूरी दुनिया इसका लोहा मानती है। अगर हम अपने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं तो इसके लिये जरूरी है कि सभी वर्गों, समूह और तबके का समुचित और समेकित विकास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड, बिहार, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल समेत देश के कई हिस्सों में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग की कई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

छत्तीसगढ़ और झारखंड में है कई सारी समानताएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ भाई-भाई हैं। दोनों ही राज्यों में कई समानताएं हैं। दोनों ही राज्यों में आदिवासियों की एक बड़ी आबादी निवास करती है। अगर आप इन दोनों राज्यों के कुछ हिस्सों में चले जायें तो आपको पता ही नहीं चलेगा कि कौन छत्तीसगढ़ का क्षेत्र है और कौन झारखंड का। यही विशेषता दोनों राज्य को एक-दूसरे के बेहद करीब लाती है।

क्रेन से दबकर दो रेलकर्मियों की मौत

कोडरमा। कोडरमा-गया रेल खंड के गुरपा रेलवे स्टेशन पर 26 अक्टूबर को बेपटरी हुई मालगाड़ी का मलबा हटाने के क्रम में गुरुवार को दो रेलकर्मियों की क्रेन से दबकर मौत हो गयी। मृतक की पहचान धनबाद लोको शेड के धनंजय कुमार व आरा के रहनेवाले रंजीत कुमार के रूप में की गयी है। वहीं, इस घटना में पटना के फतुहा निवासी रेलकर्मी मृग भूषण घायल हो गये हैं।

खूंटी में राष्ट्रपति महिला सम्मेलन सह जनजातीय महिला स्वयं सहायता समूहों को करेंगी संबोधित

खूंटी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू (खूंटी) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम पर प्रसन्नता जताते हुए उनका हार्दिक स्वागत किया है। श्री मुंडा ने कहा कि देश की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उलिहातू और खूंटी आना खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात होगी। राष्ट्रपति उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद खूंटी में महिला सम्मेलन सह जनजातीय महिला स्वयं सहायता समूहों को संबोधित करेंगी।

गुजरात चुनाव की तारीखों का ऐलान

एक और पांच दिसम्बर को होगा मतदान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसम्बर को मतदान होगा और मतों की गिनती हिमाचल प्रदेश के साथ ही आठ दिसम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉनफ्रेंस में गरुवार को यह घोषणा की। गुजरात की कुल 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 89 सीटों पर और दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा।

■ आठ दिसम्बर को हिमाचल के साथ ही आयेंगे नतीजे

भाजपा ने गुजरात में पिछले छह विधानसभा चुनावों में लगातार जीत दर्ज की है। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 99 सीट जीती थीं जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थीं। प्रतिशत के लिहाज से देखा जाये तो उस चुनाव में भाजपा को 49.05 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस को 42.97 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के कई विधायक भाजपा में शामिल हो गये। इस वजह से विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर 111 हो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम के बयान पर भड़के भाजपाई, बाबूलाल ने पूछा –

क्या टारगेट पॉलिटिकल किलिंग करने का नहीं दे रहे हैं आदेश ?

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ईडी के समन मिलने पर कार्यकर्ताओं के संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान को भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के राजनीतिक हत्या की साजिश करार दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को आवास के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 22 सेंकेंड का एक वीडियो ट्वीट किया है। जिसमें मुख्यमंत्री यह कह रहे हैं कि भाजपा ने जो धरना-प्रदर्शन बुलाया है, उसमें जानेवालों को चिन्हित करें, वक्त आने पर सबको चुन-चुन कर सबक सिखाया जायेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अनुच्छेद 19 (1) (बी) के तहत नागरिकों को अधिकार है कि वो अपनी मांग और किसी बात के विरोध के लिए शांतिपूर्ण तरीके से एक जगह इकट्ठा होकर धरना-प्रदर्शन कर सकते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के पद पर बैठा शख्स अपने कार्यकर्ताओं को कह रहा है कि भाजपा के धरना में शामिल होन वालों की पहचान करो, उन्हें वक्त पर सबक सिखायेंगे। क्या मुख्यमंत्री राज्य में टारगेट पॉलिटिकल किलिंग करने का आदेश नहीं दे रहे? क्या ये भाजपा के कार्यकर्ताओं को धमकी नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने चेतावनी भरे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

युवक-युवतियां पढ़ाई के समय इश्कबाजी के चक्कर में पड़ रहे हैं बीमार

डिसोसिएटिव डिसऑर्डर ○ लवेरिया के कारण हो रही है जिंदगी तबाह

- आरएनएम

नयी दिल्ली। 12वीं का एक छात्र बीमार रहने लगा, तो मां-बाप को चिंता हुई। उसे भूख लगनी कम हो गयी। हर समय तनाव में रहता। तनाव से बेहोश तक होने लगा। इसे परीक्षा का तनाव मानकर मां-बाप जब मनोचिकित्सक के पास पहुंचे, तो मामला कुछ और ही निकला। छात्र ने काउंसलर को बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड ने उससे बात करना बंद कर दिया है, उससे यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों लगभग दस प्रतिशत केस ऐसे ही आ रहे हैं। इसे चिकित्सकीय भाषा में डिसोसिएटिव डिसऑर्डर कहते हैं। ये कई तरह के होते हैं। इनमें एक स्थिति ऐसी है जब इंसान अपनी दुनिया में खो जाता है। ये विघटनकारी विकार मनोवैज्ञानिक आघात से उत्पन्न होते हैं। इसके शिकार लोगों में किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों की संख्या बराबर है। पिछले तीन-चार सालों में यह परेशानी बढ़ी है। सोशल मीडिया पर रिश्ते आसानी से बन रहे हैं, लेकिन जब इनमें धोखा मिलता है तो युवक-युवतियां न तो किसी से मन की बात साझा कर पाते हैं और न ही इस स्थिति को सहन कर पाते हैं। ऐसे में तनाव से बीमार पड़ जाते हैं। इसी तरह बीटेक की एक छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ती चली गयी, वह बेहोश हो गयी। डॉक्टर को दिखाया गया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर,

इन हालात में माता-पिता, गार्जियन क्या करें -

- ▸▸बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करें ताकि वह अपने मन की बात साझा करने में हिचक महसूस न करें।
- ▸▸बच्चों पर अपने फैसले न थोपें, इससे वे तनाव में आते हैं और फिर दूरी बनाने लगते हैं।
- ▸▸बच्चों से 24 घंटे में कम से कम एक बार बात जरूर करें, उनके व्यवहार में बदलाव आये तो इसे समझें।
- ▸▸बच्चों को भावनात्मक जुड़ाव महसूस करायें, वे कोई गलती करें तो प्यार से समझायें।

इंजीनियरिंग और मेडिकल के छात्रों में समस्या ज्यादा

दिल्ली के कई चिकित्सकों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में बाहर से आकर पढ़नेवाले इंजीनियरिंग और मेडिकल के छात्रों में यह समस्या ज्यादा है। ये छात्र-छात्राएं ब्वॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड के चक्कर में पढ़ाई पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते और जब परीक्षा नजदीक आते हैं, तो परिणाम के डर से गहरे तनाव में चले जाते हैं। जिन्हें दोस्ती में दगा मिलती है, उनके तनाव का स्तर और ज्यादा होता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बड़ा बयान

पीओके पर हमें धैर्य रखना चाहिए बीजेपी जो कहती है वह करती है

शिमला (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर गुरुवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हमें पीओके को लेकर धैर्य रखना चाहिए। भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के जयसिंहपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कई लोगों ने उनसे कहा कि वे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के लोग अच्छी तरह से मूल्यांकन कर सकते हैं कि पहले की सरकारों ने क्या किया और वर्तमान सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रही है, लेकिन केवल दो प्रधानमंत्री-अटल बिहारी वाजपेयी और पीएम मोदी ने ही हिमाचल प्रदेश को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में एक नहीं छह मेडिकल कॉलेज या तो खुल गये हैं या खुल रहे हैं। यहां एम्स भी खोला गया है। उन्होंने कहा कि इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी। आज अगर भारत वैश्विक मंच पर कुछ कहता है, तो अन्य देश ध्यान से सुनते हैं कि भारत क्या कह रहा है। इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान ने जो किया है, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वहां अत्याचार कर रहा है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमारा लक्ष्य गिलगित-बाल्टिस्तान तक पहुंचना है।

न्यूज गैलरी

रातू में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

रातू। रातू क्रिकेट कल्ब के तत्वाधान में सीएन राज हाई स्कूल रातू मैदान में आयोजित वीमेंस ट्रांइगुलर सीरीज मैच का आयोजन किया गया। जिसमे रामगढ राइडर ने रांची ब्लु को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हरा दिया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को उतरी रांची ब्लु ने 10 विकेट खोकर 147 रन बनाया। जबकि 148 का लक्ष्य लेकर उतरी रामगढ राइडर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 22.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एशोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय मे किसी भी मायने में महिला पुरुषों से कम नही हैं । देश की बहने शिक्षा व राजनीति से लेकर खेल तक मे देश का प्रतिनिधित्व कर नाम रौशन कर रही हैं। यदी बहनों को उचित सुबिधा मुहैया कराई जाए तो वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने इस तरह के प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की भी बात कही। मौके पर आयोजक सुजीत प्रजाति, गुड्डू, अतुल ठाकुर समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह मिले खेल मंत्री से

रांची। हॉकी इंडिया के महासचिव एवं हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मिले झारखंड सरकार के खेल मंत्री महोदय से हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह एवं हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने आज रांची में कला संस्कृति, खेलकूद युवा कार्य एवं पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री हाफिजुर हसन से मिले। हॉकी इंडिया के महासचिव बनने के बाद आज पहली बार खेल मंत्री झारखंड सरकार से मिले भोला नाथ सिंह।

भुसूर पुल से एक व्यक्ति का शव बरामद

रांची। डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह के भुसूर पुल से गुरुवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त मरांग नायक के रूप में हुई है। मृतक पुंदाग का ही रहने वाला है। वह कूड़ा चूनकर अपना तथा अपने परिवार को पालन पोषण करता था। पुलिस के अनुसार डिबडीह में एक शादी समारोह था, उस समारोह का बचा हुआ खाना आयोजकों ने पुल के नीचे फेंक दिया था। वह उसी को चुनने के लिए गया था। पुलिस को आशंका है कि पुल में कचरा चुनने के दौरान उसे मिर्गी आ गयी और डूब को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल कोर्ट में चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रांची। रांची के सिविल कोर्ट में चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आशीष खाखा है और वह कोर्ट में दैनिक रूप से कार्य करता है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दस्तावेज गायब करने के लिए ताला तोड़ने का प्रयास किया था। बता दें कि बुधवार की शाम रांची सिविल कोर्ट के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ने कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें कहा गया कि कोर्ट के कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने कार्यालय के मुख्य गेट के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई पायी। घटना के बाद कोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गयी। फुटेज में एक व्यक्ति स्कूटी में सवार है, जो घटना के समय कोर्ट परिसर में दिख रहा है। एसडीजेएम के आवेदन के आधार पर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में पुलिस ने आरोपी को बुधवार देर रात गिरफ्तार किया।

डोभा में डूबने से हुई वृद्ध की मौत

रातू । थाना क्षेत्र के काटू लहना के एक डोभा से पुलिस ने एक वृद्ध का शव बरामद किया। शव की पहचान काटू निवासी 55 वर्षीय विमल महतो के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह बिमल शौच के लिये खेत की ओर गया था।

ईटा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

वृद्धा व विधवा पेंशन के आवेदन में 24 का हुआ तत्काल स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि दिन-प्रतिदिन यह कार्यक्रम जोर पकड़ता जा रहा है और लोगों का विश्वास भी बढ़ता जा रहा है। हम लोगों को भी लोगों का तत्काल काम करने में जो आनंद आ रहा है यह वाकई सरकार की दूरगामी सोच है, आप सभी ग्रामीण को सरकार द्वारा जारी विभिन्न विभागों के योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी का पंपलेट को जरूर पढ़ें और इससे आप नई-नई योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाए।

इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सर्वजन पेंशन सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना सावित्रीबाई फुले योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। वही अंचल अधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्हें इस योजना से अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही अंचल द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजना में प्राकृतिक आपदा के तहत मानव क्षति पशु क्षति फसल क्षति मकान में मुआवजा एवं जमीन संबंधी त्रुटि के निराकरण के उपाय बताए। कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित लोगों को से आह्वान किया की जब भी आप दोपहिया वाहन में होते हैं तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, साथ ही सभी कागज पत्र गाड़ी में रखें अगर किसी तरह का सड़क दुर्घटना हो जाती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी को दें या एक सौ नंबर पर डायल करें एवं घायल को चिकित्सा हेतु अस्पताल पहुंचाएं। जिससे थाना द्वारा या किसी पुलिस पदाधिकारी द्वारा ऐसा पुण्य काम करने पर किसी तरह की कोई पूछताछ आपसे नहीं की जाएगी ना ही कोई कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह गांव घर में किसी तरह की कोई भी समस्या हो विधि जो जिससे विधि व्यवस्था में कठिनाई उत्पन्न हो रही हो तो तत्काल इसकी सूचना हमें दें, हम तत्काल इस पर कार्रवाई करेंगे। कार्यक्रम में सभी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, सर्वजन पेंशन अंचल से संबंधित एवं अन्य विषय शामिल है।

लोककल्याण संस्थान के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन

प्रशिक्षण में 76 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीआरटीसी चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । बृहस्पतिवार को दूसरे चरण के तीसरे दिन अर्थात प्रशिक्षण के ग्यारहवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार, राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी, चंद्रेस्वर ओझा ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। जिसमें टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया(18) एवं सगरकत्ता (18) ग्राम के, 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो(20) ओर पेटापेटी (20) ग्राम के 40 , कुल 76 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया । मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों जिसमें मुख्यतः फसल चक्र, मधुमक्खी का बस्ती का विभाजन, कृत्रिम रस व पराग बनाने की विधि तथा पिछले दस दिनों में पढ़ाये गये सभी विषयों का पुर्नवलोकन किया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया व मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया , साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा विभिन्न सवालों के माध्यम से अब तक अर्जित ज्ञान का परिक्षण भी लिया गया।

नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों तक पहुंच रहीं हैं सरकार की योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। दूरस्थ गांव पहुंच रही आपकी सरकार - ग्रामीणों तक अपनी पहुंच बना योजनाओं से जोड़ रही सरकारनवीन मेल संवाददातारांची। सरकार की योजनाएं लोगों तक पहुंच रहीं हैं। यह संभव हो रहा है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुरू किये गये महा अभियान- आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के जरिये। यही नहीं सरकार वैसे क्षेत्रों में भी पहुंच रही है, जहां आजादी के बाद से पदाधिकारी नहीं पहुंचे थे। लेकिन अब बदलाव नजर आने लगा है, ऐसे दूरस्थ जगहों पर सिर्फ पदाधिकारी ही नहीं पहुंच रहे बल्कि सरकार की योजनाएं भी जरुरतमंदों तक पहुंच रहीं हैं। पहले ऐसे जगह में नक्सली डर से अधिकारी भी जाने से कतराते थे, लेकिन अब परिस्थितियों में बदलाव हुआ है। सरकार सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले ग्रामीणों तक अपनी पहुंच बना योजनाओं से जोड़ रही है, जिससे ग्रामीण अबतक अछूते थे। कल तक जहां नक्सालियों की चहलकदमी थी, आज वहां के लोगों के दरवाजे तक सरकार योजना लेकर पहुंची। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आजादी के बाद पहली बार घोर नक्सल प्रभावित गढ़वा स्थित बूढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही, डुमरी स्थित मिरचाई पाट पहुंच कर पदाधिकारियों ने लोगों को योजनाओं से जोड़ा। गांव के विकास कार्य को गति देने की कवायद शुरू हुई। चतरा के मयूरहंड में 1964-66 के सरकार के अधिकारी आये थे। 58 वर्षों के बाद चतरा उपायुक्त सरकार की योजनाओं को लेकर मयूरहंड पहुंचे है। ग्रामीणों की समस्याओं का उनके द्वार पर निपटारा किया गया। अपने बीच सरकार की योजनाओं का मिलता लाभ देख ग्रामीणों में उत्साह था। ग्रामीणों ने कहा हमें विभागीय और प्रखंड कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ी। सरकार हमारे दरवाजे तक आयी है। आजादी के बाद पहली बार गुमला के बिशुनपुर प्रखंड स्थित बोरहा गांव में सरकार पहुंची।

रांची पासपोर्ट कार्यालय में पुलिस वेरीफिकेशन के लिए कल विशेष सत्र

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी के ग्लेक्सिया मॉल स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट बनाने को लेकर एक विशेष पहल करने जा रहा है। इसके लिए पांच नवंबर को कार्यालय विशेष सत्र आयोजित करेगा। इस दिन कार्यालय ऐसे छह सौ आवेदनों को स्वीकार करेगा। दरअसल, करीब 17 ऐसे देश हैं, जहां लोग रोजगार और दूसरी वजह से जाते हैं, तो उन्हें वहां पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट की जरुरत होती है। लेकिन, हाल ही में एक दो अन्य देशों ने भी इसकी डिमांड शुरू कर दी है। जाहिर है ऐसे में इस रिपोर्ट के आवेदकों की संख्या अचानक बढ़ गई है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता के ने बताया कि कार्यालय में जो आवेदक इस रिपोर्ट के लिए आना चाहते हैं, उन्हें पहले कार्यालय के वेबसाइट पर जाकर कुछ प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा। झारखण्ड की एक बड़ी आबादी खासकर रोजगार की तलाश में दुनिया के कई दूसरे देशों का रुख करती है। ऐसे में पासपोर्ट कार्यालय की यह पहल उनके लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

मुख्यमंत्री को ईडी का सम्मन पर झामुमो कार्यकर्ताओं का रातू में विरोध प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

रातू। ईडी द्वारा राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन को पुछताछ के लिए सम्मन जारी करने के विरोध में रातू प्रखंड झामुमो कार्यकताओं ने गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर से सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ताओ ने जुलूस निकाला। जुलूस राँची मोरहाबादी में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवाज पहुंचे। इस बीच कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के समर्थन तथा इडी एंव केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीति के विरुद्ध में जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, बबलू मिंज,जाबिर अंसारी,कमरुल होदा, असलम अंसारी, रवि कुमार, खेदु महाली ,प्रदीप बिसपोर्ट, सैयद मुदस्सर खान, फिरोज, सचिन , मंसूरी, अजय साहू राकेश उरांव, राजू कुमार, अनूप तिग्गा, अशोक साहू के अलावा सैकड़ो की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

रातू चटकपुर में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित

रातू । प्रखंड के चटकपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में जिले के वरीय पदाधिकारी ,रातू वीडीओ हरिशंकर बारिक, सीओ प्रदीप कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 2017 आवेदन प्राप्त हुए ,जिसमें 1287 आवेदनों का तत्काल निपटारा कर दिया गया।मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा वार्ड सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
झारखण्ड, राँची
जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची

-: आवश्यक सूचना :-

राज्य सरकार द्वारा **"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"** कार्यक्रम का आयोजन राँची जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत में चलाया जा रहा है, जिसमें **"गव्य विकास"** की संचालित योजना का प्रचार–प्रसार के साथ–साथ निःशुल्क आवेदन पत्र पशुपालन विभाग के स्टॉल पर से वितरण किया जा रहा है।

अतः आप सभी ग्रामीण/पशुपालकों/दुग्ध–उत्पादकों से अनुरोध है कि **"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना संबंधी प्राप्त किये गये आवेदन पत्र को भरकर संबंधित पंचायत के ग्राम–सभा/पंचायत स्तरीय समिति से अनुशंसा कराते हुए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी या जिला गव्य विकास पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में शीघ्र जमा करना सुनिश्चित करेंगें, ताकि आवेदन का निष्पादन ससमय किया जा सके।

ह०/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
राँची

PR 281367 (Animal Husbandry) 22-23 (D)

रातू में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ राइडर ने रांची ब्लु को हराया

नवीन मेल संवाददाता

रातू। रातू क्रिकेट कल्ब के तत्वाधान में सीएन राज हाई स्कूल रातू मैदान में आयोजित वीमेंस ट्रांइगुलर सीरीज मैच का आयोजन किया गया। जिसमे रामगढ राइडर ने रांची ब्लु को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हरा दिया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को उतरी रांची ब्लु ने 10 विकेट खोकर 147 रन बनाया। जबकि 148 का लक्ष्य लेकर उतरी रामगढ राइडर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 22.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एशोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया । उन्होंने अपने

संबोधन में कहा कि आज के समय मे किसी भी मायने में महिला पुरुषों से कम नही हैं । देश की बहने शिक्षा व राजनीति से लेकर खेल तक मे देश का प्रतिनिधित्व कर नाम रौशन कर रही हैं । यदी बहनों को उचित सुबिधा मुहैया कराई जाए तो वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी । उन्होंने इस तरह के प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की भी बात कही। मौके पर आयोजक सुजीत प्रजाति, गुड्डू, अतुल ठाकुर समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

किसान सभा का कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया

सिल्ली । सिल्ली में झारखंड राज्य किसान सभा राज्य सम्मेलन हेतु कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो, जिला संयुक्त सचिव चितरंजन महतो, स्वागत समिति सचिव अमर महली, जिला सदस्य निलकांत सिंह मुंडा, किसान नेता जितेन्द्र महतो, दीपक सोनार,रविपदो बेदिया,रंथु सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मुंडा, रमेश लोहरा, घुमेश्वर रजक आदि उपस्थित थे। 5 नवम्बर किसान रैली होगी एवं सम्मेलन 6 नवम्बर तक चलेगा। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अशोक ढावले, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो संबोधित करेंगे।

रिम्स में कल से फ्री हार्ट चेकअप कैंप, इलाज में नहीं होगा खर्च

रांची। झारखंड सरकार और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फ्री हार्ट चेकअप कैंप का शुभारंभ 4 नवम्बर को रिम्स में होगा. चेकअप के बाद मरीजों को इलाज के लिए श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल भेजा जाएगा. जहां हार्ट के मरीजों के इलाज में कोई खर्च नहीं होगा. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता 11.30 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे. जिसमें विशिष्ट अतिथि के रुप में अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहेंगे. इसके अलावा श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज भिमानी, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, निदेशक प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार, उपनिदेशक डॉ बुका उरांव समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे. राज्य स्तरीय हार्ट चेक अप कैंप 6 नवंबर तक चलेगा. 4 नवंबर को पहले दिन के कैंप में रांची, पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, गुमला, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले के हार्ट मरीजों की स्क्रीनिंग होगी. इन मरीजों का उपरोक्त जिलों के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्क्रीनिंग की गई है. 5 नवंबर को देवघर, पलामू, चतरा, दुमका, गोड्डा, गढ़वा, जामताड़ा, कोडरमा, लातेहार, पाकुड़ और साहेबगंज जिले के मरीजों की स्क्रीनिंग होगी. 6 नवंबर को हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा और रामगढ़ जिले के मरीजों की जांच की जाएगी.

1932 खतियान, ओबीसी आरक्षण को विधानसभा सत्र से पारित कराने को अंबा प्रसाद को बनाया गया संयोजक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आगामी 11 नवंबर को 1932 खतियान एवं ओबीसी आरक्षण को विशेष सत्र के माध्यम से विधानसभा में पारित कराये जाने की तैयारी सरकार की है. इसे लेकर झारखंड मंत्रालय, रांची के कैबिनेट कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. यह बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर के निदेर्शानुसार प्रोफेसर स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में हुई. इसमें आलमगीर आलम के अलावा जगरनाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत कई लोग मौजूद रहे. आगामी विशेष विधानसभा सत्र में दोनों महत्वपूर्ण विषयों को विधानसभा से पारित कराने को लेकर एवं इस मामले के महत्वपूर्ण संशोधन इत्यादि प्रस्ताव को लेकर विचार विमर्श किया गया. इस क्रम में कॉन्ग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को संयोजक मनोनीत किया गयो ज्ञातव्य हो कि बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा ने ओबीसी आरक्षण के प्रभावी आरक्षण सीमा

को बढ़ाने को लेकर राज्य में प्रमुखता के साथ आवाज उठाया है. अंबा ने सदन से लेकर सड़क तक इस मांग को समय-समय पर उठाया. राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण की प्रभावी सीमा 27% करने को लेकर कैबिनेट से प्रस्ताव पास किया. अब इसे विधानसभा से पारित कराया जाएगा जिसमें बड़कागांव विधायक को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है. इस मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसके लिए वे सरकार के प्रति आभार व्यक्त करती हैं. आम आवाम एवं राज्य वासियों के हित के लिए जो भी कार्य करना पड़ेगा, उस फर्ज का बखूबी वे निर्वहन करेंगी.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–20/2022–.23

1.	विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम	:	कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:	दिनांक 11.11.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:	दिनांक 12.11..2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	दिनांक 12.11.2022 को अपराह्न 3.30 बजे
5.	परिमाण विपत्र विक्री का स्थान	:	1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6	निविदा प्राप्ति का स्थान	:	01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Deep Boring in the Campus of Police Superintendents Residential at Hazaribag	244850/-	5000/-	500/-	01 माह
2	Renovation of Kitchen in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21	249950/-	5000/-	500/-	01 माह
3	Deep Boring in the Campus of A.D.J Court Building and Magisterial Court Building at Civil Court Hazaribag	244850/-	5000/-	500/-	01 माह
4	Construction of Floor and Staircase at Fisheries office Hazaribag Block Sadar for the year 2022-22	249400/-	5000/-	500/-	01 माह
5	Renovation of ICTC in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21	249650/-	5000/-	500/-	01 माह
6	E/R to Generator shed Behind Sub Judge Building in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23	240400/-	5000/-	500/-	01 माह
7	Parking Shed and Sanitary Work in Commissioner Office Hazaribag for the year 2022-23	245850/-	5000/-	500/-	01 माह
8	Repair Work of Qtr no G3(2) Block G at Judicial Colony Near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2022-23	162900/-	4000/-	500/-	01 माह
9	E/R to Boundary Wall in Residence sri Raman Kr Singh Correspondence Clerk Building Circle Behand B.C.D office in Residence at Hazaribag year 2022-23	80400/-	2000/-	500/-	01 माह
10	E/R to Flag Hosting Stage in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23	227600/-	5000/-	500/-	01 माह
11	Installation Submersible Moter Pump and Bath Room Fitting in Court Campus at Hazaribag for the Year 2022-23	208350/-	5000/-	500/-	01 माह
12	Installation Submersible Pump Civil Court Campus at Hazaribag for the Year of 2022-23	91450/-	2000/-	500/-	01 माह

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.281319 Building(22-23):D

न्यूज गैलरी

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने रिम्स में जाना भर्ती मरीजों का हाल

रांची। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को रिम्स पहुंचीं रांची। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को रिम्स पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने रिम्स के विभिन्न विभागों में भर्ती अपने क्षेत्र के मरीजों से मिलकर हालचाल जाना। गौरतलब है कि अन्नपूर्णा रिम्स के मेडिसिन विभाग और न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती बगोदर के विजय टुडू से मुलाकात की। विजय टुडू का ब्रेन हेमरेज हुआ है। इसके बाद इलाज के लिए उन्हें रिम्स के मेडिसिन विभाग में डॉ विद्यापति के यूनिट में भर्ती किया गया है। शिक्षा राज्य मंत्री के आगमन को लेकर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ और चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

श्रीरामकृष्ण सेवा संघ ने की गरीबों और जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र वितरण की अपील

रांची। बेघर और बेसहारों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। पीड़ित मानवता की सेवा करने से मानव जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है, सुखद अनुभूति होती है। उक्त बातें श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव और जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट ने कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष जाड़े के मौसम में विपरीत परिस्थितियों में जिंदगी जीने की जद्दोजहद कर रहे बेघर और बेसहारा लोगों को गर्म वस्त्र देकर राहत प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी संस्था की ओर से बेघर-बेसहारे गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल व अन्य गर्म वस्त्र के वितरण की योजना है। स्लम एरिया और शहर के विभिन्न जगहों पर ठंड से ठिठुरते बेघर और बेसहारा लोगों की सहायता करने के लिए श्रीरामकृष्ण सेवा संघ की ओर से अपील भी की गई है। गौरतलब है कि संस्था के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष जाड़े में गरीबों-बेसहारों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र आदि का वितरण किया जाता है। इस दिशा में संघ के सभी पदधारी व सदस्यगण काफी सक्रिय हैं। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों से भी गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र बांटने की अपील की है।

आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने राज्यपाल से की मुलाकात

रांची । आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में भी ओबीसी को आरक्षण नहीं मिल पाया था, .. और अब सरकार ने नगर निकाय चुनाव की घोषणा की है, जिसमें भी ओबीसी को आरक्षण नहीं दिए जाने की बात कही गई है। आजसू अध्यक्ष ने इडी की कार्रवाई के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं एक संवैधानिक पद पर है... अगर ईडी के तरफ से बुलावा आता है, तो उन्हें अवश्य जाना चाहिए।

चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का 6 नवम्बर से आगाज

रांची । अनगड़ा में 6 नवम्बर से चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन राजेंद्र यूनाइटेड गेतलसूद के द्वारा किया जा रहा है । 6 नवम्बर को उद्घाटन मैच में अपराहन 2 बजे संत इग्नासियस गुमला का मुकाबला एफसी मुम्बई के साथ होगा । टूर्नामेंट का फाइनल 20 नवम्बर को खेला जाएगा।

इंजीनियरों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

रांची। एचई ी के इंजीनियरों ने गुरुवार को मुख्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया और 12 माह से वेतन नहीं मिलने पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

भीठा बस्ती के दर्जन भर लोग डेंगू से पीड़ित, आज चलेगा विशेष अभियान

रांची। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने रांची नगर निगम और रांची सिविल सर्जन को अवगत कराया है जिस पर गंभीरता दिखते हुए शुक्रवार से भीठा बस्ती में विशेष ड्राइव सफाई और चिकित्सा का चलाया जाएगा । सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने कहा की इस समय हमे लोगो को जागरूक करने में समाज के लोगो की आवश्यकता होगी जिस पर अख्तर अली ने कहा की टीम के साथ पूरा मोहल्ला और कांग्रेस के कार्यकर्ता डेंगू से लड़ने में टीम को पूरा सहयोग करेगी । शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी भीठा में विशेष जागरूकता अभियान चलाएगा और लोगो को सफाई पर सहयोग की अपील करेगी । कांग्रेस चेयरमैन अख्तर अली ने कहा जब तक डेंगू का प्रकोप भीठा बस्ती से खत्म नहीं होगी तब तक सफाई और इलाज का पूरा प्रबंध करेगी ।

राजधानी में चोरों का आतंक लगातार जारी

बगल घर के छत से रस्सी के जरीए घुसे चोर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में चोरों का आतंक लगातार जारी है। ताजा मामला सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जायसवाल पेट्रोल पंप के समीप का है। यहां पर आदित्य मोबाइल नामक प्रतिष्ठान का एस्बेस्टस काटकर चोरों ने डेढ़ लाख रुपए से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। चोरों ने इस वारदात को बीते बुधवार की देर रात अंजाम दिया है। चोरी की वारदात प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी है। जानकारी के अनुसार आदित्य बुधवार की रात आठ बजे अपने प्रतिष्ठान को बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह वह प्रतिष्ठान पहुंचे तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा है। एस्बेस्टस कटा हुआ है। मोबाइल समेत नगदी गायब है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सुखदेवनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला। फुटेज में दो चोर प्रतिष्ठान में घुसकर चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है। मामले में आदित्य के बयान पर सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद हो गयी है। फुटेज में यह दिख रहा है कि दो चोर प्रतिष्ठान के बगल के घर की छत में चढ़े। वहां से रस्सी के जरीए प्रतिष्ठान के एस्बेस्टस में उतरे। एस्बेस्टस और जाली को काटने के बाद एक चोर पहले प्रतिष्ठान में घुसा। दूसरा चोर प्रतिष्ठान में रखे काउंटर के उपर खड़ा हो गया। दूसरा चोरी उसके कांधे में पैर रखकर प्रतिष्ठान में प्रवेश किया। घुसने के बाद दोनों चोर प्रतिष्ठान के कैश काउंटर समेत अन्य जगहों पर खंगालना शुरू कर दिया। कुछ देर में मोबाइल व कुछ कैश को झोले में भरकर फिर उसी रास्ते से दोनों चोर फरार हो गए।

चोरी की घटना पुलिस गश्ती पर उठा रहे सवाल : शहर का सबसे व्यस्तम मार्ग में रातू रोड भी गिना जाता है। रातू रोड मुख्य मार्ग पर आदित्य मोबाइल शॉप है। चोर एस्बेस्टस काटकर प्रतिष्ठान में घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। इसकी भनक पुलिस को नहीं लगती है। पुलिस के अधिकारियों का दावा है कि रातू रोड में बदल-बदल कर 24 घंटे पेट्रोलिंग होती है। बाइक दस्ता भी मुख्य मार्गों और गली-मुहल्लों का मुआयना करती है। इसके बावजूद चोरी की वारदात हो रही है तो पुलिस की गश्ती पर सवाल खड़ा हो रहा है। रातू रोड के लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्ती रातू रोड इलाके में होती ही नहीं है। रात में एक बार पुलिस की टीम निकलती है। इसके बाद पूरी रात पुलिस खोजने से भी नहीं मिलती है।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण की राशि का बंदरबांट

रांची। प्रखंड के चोरेया गांव में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट कर ली गई। बताया जाता है कि लगभग एक वर्ष पहले पंचायत समिति के मद से इस प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के लिए प्रखंड के इंजीनियर ने लगभग डेढ़ लाख रुपये का इस्टीमेट बनाया था। प्रतिमा के पास बिना एक ईंट रखें लगभग 70 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। कई बार प्रखंड से काम कराने के लिए संबंधित लोगों को कहा गया, परंतु वे बात को टालते रहे। इसी बीच गुरुवार को लगभग साढ़े छह लाख रुपये का इस्टीमेट बनाकर विधायक मद से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इसी प्रतिमा के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास कर दिया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि इस कार्य को चलने देना है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

रांची । भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्व मिश्र एक महामानव थे जिन्होंने अपने जीवन की आहुति पार्टी की विचारधारा ,कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने केलिए दी। उन्होंने कहा कि आज ऐसे महान विभूतियों के त्याग एवम तपस्या का ही परिणाम है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। देश की जनता की पहली पसंद भाजपा बनी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व मिश्र एक व्यक्ति नहीं बल्कि आदर्श थे जिन्होंने पार्टी केलिए असंख्य कार्यकर्ता को गढ़ने का काम किया। कहा कि स्व मिश्र का व्यक्तित्व एवम कृतित्व कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक विरांची नारायण, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सह मंत्री सूरज चौरसिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सरोज सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी आदि उपस्थित थे।

डीपीएस रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विद्यार्थियों के जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और अखंडता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीपीएस रांची ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन, रांची के सहयोग से दिनांक 03 नवंबर 2022 को कक्षा क और क्क के छात्रों के लिए एक काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस सेशन का विषय ₹करप्शन फ्री इंडिया फॉर अ डेवलप्ड नेशन₹ था। इस सत्र के मुख्य वक्ता सीबीआई, राँची के डीएसपी श्री आशीष पारीक थे। इस सत्र के दौरान श्री आशीष पारीक ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन में भर्ती होने की जरुरी प्रक्रिया एवं इस संस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय सतर्कता आयोग की भूमिका और जिम्मेदारियों, भ्रष्टाचार के कानूनी पहलुओं, भ्रष्टाचार के विभिन्न रूपों और भ्रष्टाचार को कम करने के तरीकों को विद्यर्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ₹देश का विकास नैतिक मूल्यों पर आधारित है। भ्रष्टाचार करने वाले लोग राष्ट्र के विकास में बाधा डालते हैं₹। उन्होंने अपने सत्र में भ्रष्टाचार मुक्त स्थिति के लिए जनता की भूमिका, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया। सत्र के बाद छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सीबीआई और उनके संगठन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी और सांत्वना पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, डीपीएस रांची के प्रिंसिपल डॉ राम सिंह ने कहा, ₹भ्रष्टाचार एक सामाजिक बुराई है और इसे खत्म करने की जरूरत है क्योंकि यह राष्ट्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पैदा करेगा।₹ उन्होंने एक राष्ट्र की समृद्धि और गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त स्थिति के लिए छात्रों की भूमिका, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों पर भी जोर दिया।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीहरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रत आज

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में देवोत्थापन श्रीहरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रत शुक्रवार को शास्त्रोक्त विधि से मनाया जाएगा। मौके पर भगवान विष्णु का पूजन करके उनको योग निद्रा से जगाया जाएगा। अनुष्ठान से धर्म-कर्म में प्रवृत्ति कराने वाले भगवान श्रीगोविन्द जागते हैं। इस दिन उपवास व श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की उपासना से मनुष्य हजार अश्वमेध तथा सौ राजसूय यज्ञ करने के बराबर फल पाता है। अनुष्ठान को करने से पितर भी नरक से छुटकारा पाकर परमधाम प्राप्त करते हैं। इस दिन भगवान श्रीहरि वेंकटेश्वर के निमित्त जागरण करने का विधान है। उनकी अर्चना, परिक्रमा, अभिषेक और नैवेद्य निवेदन से वह भक्त पर कृपा बरसाते हैं। जो एकादशी का व्रत करता है उस व्यक्ति को भोग और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

श्री श्याम मन्दिर को भव्य रूप से सजाया संवारा जा रहा है

श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव प्रबोधिनी एकादशी को श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अत्यन्त धूमधाम व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर को सुचारीपूर्ण तरीके से सजाया संवारा जा रहा है साथ ही श्री श्याम प्रभु के भव्य श्रृंगार के लिए कोलकाता के प्रसिद्ध कारीगर कार्य में लगे हुए हैं। श्री श्याम प्रभु जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री श्याम मण्डल द्वारा श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के अंतर्गत प्रातः 11 बजे श्री वेंटवश्वर अन्नपूर्णा केन्द्र (लक्ष्मी वेंकेटश्वर मन्दिर) के सामने इस मंगलमय अवसर पर भक्तों को श्री श्याम प्रभु के प्रसाद रूपी भोजन की सेवा दी जाएगी। रात्रि 9 बजे से अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्रीश्याम प्रभु के दिव्य शीश का भव्य श्रृंगार, अखण्ड ज्योत व संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को विद्युत की रंगीन लड़ियों, बैलून, विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा एवम श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान-फल-मेवा इत्यादि का भोग अर्पित किया जाएगा। रात्रि 1 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

श्री खाटू नरेश के जन्म उत्सव की तैयारियों में जुटे श्री श्याम मित्र मंडल

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को होने वाले श्री खाटू नरेश के जन्म उत्सव समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सभी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री श्याम जयंती को लेकर गुरुवार को श्री श्याम मंदिर में एक बैठक अध्यक्ष सुरेश सराओगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व दिया गया है। वृहद पैमाने पर छप्पन भोग का प्रसाद मंदिर में निर्मित किया जा रहा है । प्रदीप मोदी की निगरानी में सभी प्रसाद निर्मित हो रहे हैं। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने विस्तार से कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। बैठक में विशेष रूप से श्रृंगार, प्रसाद, संकीर्तन, साथ (7) बार आरती पेयजल व अन्य व्यवस्था पर निर्णय लिया गया। ज्ञातव्य है कि देश-विदेश में श्री श्याम भक्तगण शुक्रवार को जन्मउत्सव श्री श्याम जयंती महोत्सव के रूप में मनाएंगे। श्री श्याम बाबा के जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर आज खाटू नरेश का भव्य श्रृंगार किया गया। पंडरा निवासी बजरंग गोयल एवं खुशबू अग्रवाल ने श्रृंगार सेवा निवेदित की। बैठक में जानकारी दी गई कि शुक्रवार को प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलेंगे जो देर रात खुले रहेंगे। श्रृंगार, भोग आदि के समय-समय पर पर्दा लगा रहेगा। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

मसीही मना रहे हैं पुनरुत्थान में वश्विास का पर्व : आर्च बिशप

रांची। कैथोलिक मसीही बुधवार को मृत वश्विासियों का पर्व मनाया। इस अवसर पर कांटाटोली स्थित आरसी कब्रस्तिान में हजारों की संख्या में मसीही वश्विासियों की भीड़ उमड़ी। मसीही पर्व की विशेष मस्सिा अनुष्ठान में शामिल हुए। धर्म विधि आर्च बिशप फेलक्सि टोप्पो की अगुवाई में पूरी हुई। मौके पर उन्होंने कहा कि आज हम मसीही पुनरुत्थान में वश्विास का पर्व मना रहे हैं। आज के दिन कब्र सुंदर लग रहे हैं, जिसका अर्थ हुआ कि हम सभी प्रभु के पुनरुत्थान में वश्विास करते हैं। प्रभु ने कहा था कि पुनरुत्थान और जीवन मैं हूं। जो कोई मुझमें वश्विास करेगा, वह नाश नहीं होगा, अनंत जीवन पाएगा। आर्च बिशप ने कहा कि पास्का के दिन ही प्रभु यीशु का पुनरुत्थान हुआ था। इसी पुनरुत्थान में मुक्ति है। प्रभु ने मृत्यु पर विजय पाई और अधिकार पाया। एक दिन हम यीशु मसीह के अनुयायी भी प्रभु की तरह जी उठेंगे। हमलोग मसीही बपस्तिमा के साथ प्रभु के जीवन जीने के लिए प्रण लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम वैसे लोगों को स्मरण कर रहे हैं, जो प्रभु में वश्विास करते हुए मृत्यु को प्राप्त किए। वैसे लोगों के लिए प्रार्थना करें, ताकि उनकी आत्मा को शांति मिल सके। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, फादर थियोडोर टोप्पो सहित अन्य पुरोहितगण काफी संख्या में मौजूद थे।

मैराथन बैठकों के दौर के बाद भी निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं, समझौता बेअसर



नवीन मेल संवाददाता

रांची। सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली कटौती के बाद राज्य के कुछ इलाकों में बिजली की किल्लत महसूस की जा रही है। जिससे राजधानी समेत नन डीवीसी कमांड एरिया में लगभग दो घंटे की बिजली कटौती हो रही है। वहीं, डीवीसी कमांड एरिया में चार से पांच घंटे की बिजली कटौती हो रही है। केंद्र सरकार और डीवीसी की ओर से कटौती शुरू कर दी है। इस बार केंद्र सरकार ने सेंट्रल पावर एक्सचेंज से ही बिजली कटौती शुरू कर दी है। यह कटौती पीक आवर में की जा रही है। वहीं, डीवीसी को भी हर दिन 10 फीसदी बिजली कटौती का आदेश दिया है। जिसकी प्रमुख वजह डीवीसी का भुगतान नहीं किया जाना है। डीवीसी का 89 करोड़ रुपए बकाया है। निगम हर महीने डीवीसी से 170 करोड़ की बिजली लेती है। पिछले कुछ महीने ये सौ करोड़ करके निगम ने डीवीसी को भुगतान किया। लेकिन इसके बाद से भुगतान में रोक दी गयी। जिसके बाद यह स्थिति हुई।जानकारी हो कि इस साल के जनवरी माह में ही शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में डीवीसी अधिकारियों के साथ बैठक की गयी थी।

जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत हटाना चाहती है भाजपा : राजद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जनता द्वारा जनता के लिये चुनी हुई सरकार को भाजपा ऐन,केन प्रकेन हटाकर स्वयं सत्ता पर काबिज होने की सपना देख रही है। भाजपा के लिए यह मुंगेरी लाल के हसीन सपने के समान है। जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनता के हित में काम कर रही यह भाजपा पसंद नहीं और यही कारण है कि काफी बेचैनी में है भाजपा। इतनी बेचैन भी ठीक नहीं सब्र करना चाहिये और भाजपा को जनता के हित में ठोस कार्य करना चाहिए। डॉ कुमार ने कहा कि जिस जिस राज्यों में भाजपा मुक्त सरकार है उन राज्यों भाजपा सिर्फ व सिर्फ राजनीतिक षडयंत्र कर रहीं है विपक्ष को परेशान करने में लगी है जो लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत नहीं है! झारखंड में यूपीए गठबन्धन तटस्त है एकजुट है सरकार पर कोई संकट नही,आकड़े का खेल है और यूपीए गठबन्धन के पास पुर्ण आकडा है इसलिये भाजपा का लार न टपके तथा राजनीतिक षडयंत्र करना बन्द करे,अन्यथा जनता है सब देख रही है।

उलीहातू गांव में कृषि वैज्ञानिक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

रबी मौसम में कृषि कार्यों की गतिविधियों व समस्याओं से वैज्ञानिकों को अवगत कराया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। चालु रबी मौसम को देखते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर गुरुवार को उलीहातू में कृषि वैज्ञानिक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), लोहरदगा एवं सिमडेगा के वैज्ञानिक दल ने गांव का पीआरए सर्वेक्षण किया और तकनीकी गतिविधियों की संभावनाओं सबंधी जानकारी हासिल की। केवीके वैज्ञानिक दल में डॉ. बंधनु उरांव, डॉ. शंकर कुमार सिंह एवं डॉ. स्मिता स्वेता शामिल थी। मौके पर दल द्वारा चालु रबी मौसम के उपयुक्त तकनीकी का आकलन किया गया। सर्वेक्षण उपरांत उलीहातू गांव में आयोजित किसान-वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी किसान शामिल हुए। स्थानीय आदिवासी किसानों ने गांव में रबी मौसम में कृषि कार्यो की गतिविधियों, समस्यायों और आवश्यकताओं से वैज्ञानिकों को अवगत कराया। किसानों ने सीमित सिंचाई साधन एवं रबी फसलों के उन्नत बीज की कमी तथा फसलों पर लगने वाले कीट एवं व्याधि के प्रकोप की विस्तार से जानकारी दी। अंतर मिलन कार्यक्रम में बीएयू मुख्यालय के वैज्ञानिक डा. बसंत उरांव, डॉ. शीला बारला, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. नरेश यादव एवं केवीके वैज्ञानिक डॉ बंधनु उराँव, डॉ शंकर कुमार सिंह एवं डॉ स्मिता स्वेता ने किसानों की स्थानीय समस्याओं को जाना और समाधान से अवगत कराया। मौके पर केवीके वैज्ञानिक डॉ. बंधनु उरांव व डॉ. शंकर कुमार सिंह ने किसानों को चालु रबी मौसम में कम सिंचाई, कम अवधि एवं कम लागत वाली फसल तकनीक को अपनाने की सलाह दी। चालु रबी मौसम में उलीहातू गाँव विभिन्न रबी फसलों के अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (एफएलडी) के लिए किसानों से सलाह-मशविरा किया और एफएलडी के लिए किसानों का चयन किया। वानिकी वैज्ञानिक डॉ. बसंत उरांव ने गांव के उपयुक्त कृषि वानिकी तकनीकी को बताया और कृषि वानिकी को अपनाकर अधिक आय प्राप्त करने की जानकारी दी।

आरएसएस स्वयंसेवक रंजीत सिंह राणा का निधन, कई राजनेताओं ने जताया शोक

रांची । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रंजीत सिंह राणा का गुरुवार तड़के 3 बजे पारस अस्पताल, धुर्वा में निधन हो गया। धुर्वा गोलचक्कर में सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।कोरोना काल मे उन्होनें दिन रात एक करके अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया था। वे एक एनजीओ के माध्यम से समाज कल्याण बोर्ड से जुड़े हुए थे। वे अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। कई राजनेताओं ने उनके निधन पर दुख जताया है । केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा - आरएसएस, रांची विभाग के सह शारीरिक प्रमुख रंजीत राणा के आकस्मिक निधन की दुःखद सूचना पाकर व्यथित हूं। परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को चिर शांति प्रदान कर श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने ह्य21वें आदित्य बिरला मेमोरियल झारखंड सीनियर स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिपह्व में अपना शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बी. के. बिरला प्रेक्षागृह में 26 से 29 अक्टूबर को ए.जे.सी.ई द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें हमारे विद्यालय के कुल 32 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का परिचय दिया। मेन कैटेगरी में कक्षा ग्यारहवीं के अंश कुमार ने 12वीं रैंक और 1200 नकद का पुरस्कार तथा कक्षा छह के अभिराज डे ने 18वीं रैंक और 800 नकद का पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता हासिल की। कक्षा दसवीं के रिशु राज को सेकेंड पोजीशन (1000-1199) और 1000 नकद पुरस्कार रेटिंग कैटेगरी में प्राप्त हुआ। बारहवीं कक्षा के ओम चैतन्य शर्मा ने अपने 1079 रेटिंग में 40 पॉइंट्स का सुधार कर सफलता हासिल की। कक्षा छह के आदित्य शर्मा ने अपना शानदार प्रदर्शन कर रेटिंग कैटेगरी में प्रवेश किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

न्यूज गैलरी

बानो स्कूल में हुई अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

बानो। बानो स्कूल में गुरुवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन 4 सूत्री मांगों को लेकर होने वाले आंदोलन पर की गई ।बताया गया कि राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के आह्वान पर शिक्षक संघ का 4 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। जिसमे 4और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में कार्य करते हुए शांति पूर्वक विरोध 7 से 12 नवंबर 2022 के बीच स्थानीय विधायक ,जिला परिषद अध्यक्ष ,प्रखंडों में प्रखंड प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे। वहीं 19 नवंबर को राजधानी रांची में मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन करना तथा 17 दिसम्बर 2022 से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना है । उन्होंने बताया कि 4 सूत्री मांगों में शिक्षकों के लिए संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना की स्वीकृति, 1/1 /2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के छठे वेतनमान के आरंभिक वेतन विसंगति का निराकरण करना,शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण नियमावली को सरल कर सभी को एक बार अंतर जिला स्थानांतरण का मौका दिया जाय तथा शिक्षकों को अत्याधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखना। बैठक में मुख्य रूप से तेजेन्द्र साहु,दिनेश बड़ाईक,किशोर कुमार सिंह, जगतमणि वैद, प्रेम प्यारे लाल, गणेश गंझू, शिवसागर यादव,आशिष कुमार पाण्डेय, प्रेम प्रकाश टोप्पो, गजेन्द्र प्रसाद, प्रेम किशोर नायक, किशोर प्रसाद, कुमार कमलेश कमल, मोहन कुमार साहू, जलेश्वर गंझू, ब्रजेश मिश्रा, मनोज कुमार यादव, राजेश कुमार महतो, ओमप्रकाश ओहदार,केदार नाथ सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

पेशरार और रोरद क्षेत्र में जंगली हाथियों के आगमन से ग्रामीणों में दहशत

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती व घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में अचानक जंगली हाथियों के झुंड के आगमन से क्षेत्र के लोगों में दहशत बना हुआ है। लोग जंगली हाथियों के आगमन को लेकर काफी चिंतित और परेशान हैं। जानकारी के अनुसार लगभग दो दर्जन जंगली हाथी का झुंड ग्राम पंचायत तुईमू व ग्राम पंचायत हेसाग होते हुए ग्राम पंचायत रोरद व पेशरार आ पहुंचा है जहां पर क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाई गई धान की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाने का काम किया है। इधर जंगली हाथियों के झुंड ने लोगों में खौफ पैदा कर डाला है। ग्रामीण जंगली हाथी के झुंड के आगमन को लेकर अपने जानमाल की सुरक्षा को ले काफी हैरान परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि वन विभाग की टीम गांव वालों को जंगली हाथियों के झुंड के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की है। इधर जंगली हाथी के झुंड को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने हेतु वन विभाग की टीम तैयारी में जुट गई है।

पाकुड में हथियार के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

पाकुड । पाकुड जिले के हिरनपुर थानाक्षेत्र के हाथिगढ़ पेट्रोलपंप एवं महेशपुर थानाक्षेत्र के अमलागाछी स्थित क्रशर यूनिट के कार्यालय में डकैती एवं लूटपाट की घटना का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है ।दोनो घटनाओं को अंजाम देने में शामिल शातिर अपराधी श्यामलाल उर्फ चटनी हांसदा को उसका साथी धीरेन मुर्मू को भी गिरफ्तार किया है ।श्यामलाल के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया देशी कट्टा भी बरामद किया गया ।पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने पत्रकार सम्मेलन कर शातिर अपराधी श्यामलाल की गिरफ्तारी एवं लूटपाट डकैती की घटी घटना का उद्द्भेदन की जानकारी दी ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो अन्य अपराधियो की भी संलिप्तता सामने आयी है जिनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शातिर अपराधी श्यामलाल के खिलाफ जिले के हिरनपुर थाने में तीन,लिट्टीपाड़ा में तीन एवं अमड़ापाड़ा थाने में तीन कुल 9 मामले पहले से दर्ज हैं।

दो ड्रग पेडलर गिरफ्तार

सरायकेला- खरसावां । सरायकेला- खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबारियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. जहां पुलिस ने दो ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गिरफ्त में आए ड्रग पेडलरों का नाम विशाल पुष्टि और मुख्तार हुसैन बताया जा रहा है. पुलिस ने इनके पास से 7.11 ग्राम ब्रॉउन शुगर बरामद किया है. दोनों को आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती के पास से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्त में आए विशाल पुष्टि के पास से पुलिस ने 74 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है, जबकि मुख्तार हुसैन के पास से 34 पुड़िया ब्राउन शुगर की बरामदगी की गई है. थाना प्रभारी राजन कुमार ने क्षेत्र के ब्राउन शुगर कारोबारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि अविलंब क्षेत्र में ब्राउन शुगर का कारोबार बंद कर दें. उन्होंने कहा कि जिले के एसपी इसको लेकर बेहद गंभीर है. ब्राउन शुगर का कारोबार करते कोई भी पकड़ा जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव निवासी असलम अंसारी की पुत्री सबीना खातून ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सबीना खातून व उसकी बहन में घरेलू कामकाज को लेकर नोंकझोंक हो गया था। इससे गुस्से में आकर सबीना खातून ने कीटनाशक खा लिया। उसकी तबियत बिगड़ने पर स्वजनों को कीटनाशक खा लेने के बारे में जानकारी मिली तो उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत सबीना खातून की हालत स्थिर बनी हुई है।

बाइक से गिरकर दो युवक घायल

गढ़वा। मझिआंव थाना क्षेत्र के टड़हे गांव निवासी महंगू शर्मा के पुत्र राजन कुमार शर्मा व मोतीलाल गुप्ता के पुत्र सूरज गुप्ता मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। इनमें राजन कुमार शर्मा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि सूरज गुप्ता का इलाज किसी निजी क्लिनिक में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात में राजन कुमार शर्मा व सूरज गुप्ता अपने गांव में ही मोटरसाइकिल से किसी से मिलने के लिए जा रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित गति के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में राजन कुमार शर्मा के सिर, चेहरा, सीना व बायां पैर में गंभीर चोट लगी है। जबकि सूरज गुप्ता का पैर फ्रैक्चर हो गया है।

पाकरटांड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित, बोले जिप सदस्य

शिविर के माध्यम से लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड़। प्रखंड के पाकरटांड़ पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने दीप जलाकर किया। शिविर में कुल 1450 आवेदन जमा हुए। जिनमे 750 से अधिक आवेदनों का ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया। मौके पर जोसिमा खाखा ने शिविर में लगे विभिन्न विभाग के स्टॉल का भी निरीक्षण किया। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सरकार और विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया है। आपकी सरकार आपके अधिकार के लिए आपके द्वार पहुंची है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को सभी योजनाओं से

जोड़ा जायेगा। आप सभी शिविर में योजनाओं का लाभ अवश्य लें। सरकार सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से लक्ष्य से परे हटकर सभी को पेंशन का लाभ देना का लक्ष्य निर्धारित किया है। हमारी सरकार आपका अधिकार आपके द्वार तक पहुंचा रही है। सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। सरकार जो भी योजनाएं चला रही है उसको तैयार करने में यहां के गांव, जंगल, जमीन को प्राथमिकता में रखा गया है। सरकार की योजना गांव-गांव तक जा रही है, इसका लाभ लें। सरकार के विकास कार्यो को मिलकर आगे बढ़ाना है। कहा कि सरकार और विधायक भूषण बाड़ा का प्रयास है सभी जरूरतमंद सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। सरकार सभी लाभुकों के द्वार तक जा रही है, जिससे उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज संकल्प लें कि बुराइयों अपने क्षेत्र में नहीं पनपने देंगे। सरकार की हर योजनाओं को लेंगे। कार्यक्रम को प्रमुख रजत लकड़ा और बीडीओ शक्ति कुंज ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी, उपप्रमुख फ्लोरा मिंज, डीपीएम अरुण महतो, सहित कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, मुखिया दामोदर बिंझिया, पसस मनोरमा देवी, महामंत्री भूषण राम, पसस प्रतिमा कुजुर, अनूपा एक्का, शशि कुल्लू, जोहान कुल्लू, प्रभा कुल्लू, अखिलेश डूंगडुंग, महादेव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

धनबाद में 13 पंचायत व 3 वार्ड में आज होगा कार्यक्रम आयोजित

धनबाद । शुक्रवार को धनबाद प्रखंड के नवाडीह पंचायत भवन, पूर्वी टुंडी के पाण्ड्रा बेजड़ा पंचायत भवन, टुण्डी के फतेहपुर पंचायत भवन, कलियासोल में कलियासोल पंचायत भवन, निरसा में पलारपुर मध्य विद्यालय बेलडांगा परिसर, तोपचांची में कोरकोटा पंचायत भवन, बाघमारा में गोविंदाडीह, हरिणा व पथरगड़िया पंचायत भवन, बलियापुर धरबर पंचायत भवन, एग्यारकुण्ड कालीपहाड़ी उत्तर पंचायत भवन, गोविन्दपुर में खरनी व बिराजपुर पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड 15 के शिवपुरी प्राथमिक विद्यालय, सेक्टर 2, ई ब्लॉक, भूली एवं वार्ड 34 के लिए सामुदायिक भवन, विक्ट्री कोलियरी तथा चिरकुंडा नगर परिषद में वार्ड 13 के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाघाकुड़ी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

केरसई में चीक बड़ाईक समाज की प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में नई कमेटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। केरसई प्रखंड के बाघडेगा पंचायत के पहारसाड़ा गांव में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय चीक बड़ाईक समाज का बैठक किया गया। जिसमें पुराने समितियों को भंग करने के पश्चात नये समितियों का गठन किया गया। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष भूषण बड़ाईक, उपाध्यक्ष धीरज बड़ाईक, सचिव- दयानंद बड़ाईक, उपसचिव- संजय बड़ाईक, कोषाध्यक्ष शंकर बड़ाईक को बनाया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक, विशिष्ट अतिथि चतुर बड़ाईक सुरजन बड़ाईक विनोद बड़ाईक, अरुण बड़ाईक राहुल बड़ाईक एवं केरसई प्रखंड से सैकडों लोग उपस्थित थे। बैठक को जिला अध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक ने बैठक को सम्बोधित करते हुए समाज को एकजुट रहने पर जोर दिया और समाजिक रीति रिवाज के महत्व को भी बताया। आने वाले दिसम्बर में होने वाले जिला अधिवेसन पर अधिक से अधिक

संख्या में आकर समाज के एकजुटता को दिखाने के लिए कहा। सभा को विशिष्ट अतिथि चतुर बड़ाईक ने भी सम्बोधित करते हुए समाज में व्याप्त समस्याओं के बारे मे बताया और मुख्य रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रहे समस्या का समाधान के बारे बताया और इसका समाधान के लिए एकजुट रहकर लम्बा लड़ाई लड़ने के लिए कहा। सभा को बोलबा प्रखंड अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक, मालसाड़ा मुखिया विनोद बड़ाईक, जिला सचिव अरुण बड़ाईक, राहुल बड़ाईक ने भी सम्बोधित किया।

रामपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में 3017 आवेदन प्राप्त

मनरेगा योजना से संबंधित 495 आवेदन प्राप्त हुए

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखण्ड लोहरदगा के रामपुर पंचायत में आज आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 3017 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 495, मनरेगा योजना से संबंधित 1614, राजस्व से संबंधित 20, ई-श्रम कार्ड के 17, सर्वजन पेंशन के 42, केसीसी के 29, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के 54, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 252, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 130, हरा राशन कार्ड के 147, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 05, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के 01 आवेदन शामिल हैं। 125 किसानों ने धान अधिप्राप्ति के अंतर्गत अपना निबंधन कराया। 63 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह शामिल हुई। डीडीसी द्वारा मनरेगा अंतर्गत 10 योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रतिभा कुजूर और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। डीडीसी द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन समर्पित किये जाने की अपील की।

दिव्यांग पेंशन की मिली स्वीकृति-पत्र

लोहरदगा। किस्को प्रखण्ड के बेटहठ पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आज 10 वर्षीय जीनियस उरांव को सर्वजन पेंशन अंतर्गत दिव्यांग पेंशन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जीनियस उरांव मात्र 10 वर्ष के हैं और दोनों आंखों से देख नहीं सकते हैं। पिता मदन उरांव ने बताया कि उनका परिवार भुषाड़ गांव में रहता है। परिवार का काफी गरीब है और परिवार का भरण पोषण में काफी दिक्कत होती है। दिव्यांग पुत्र को अब पेंशन मिलने से पुत्र का भरण-पोषण में बहुत सुविधा होगी। राज्य सरकार के प्रयास के कारण ही यह लाभ अब पुत्र को मिल रहा है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को कोटि-कोटि धन्यवाद।

अवैध बालू उत्खनन व परिचालन करते दो ट्रैक्टर जब्त

अवैध बालू खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा: अंचलाधिकारी

नवीन मल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। कोराम्बे कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिचालन करते दो ट्रैक्टर जप्त अंचलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस ने किया कारवाई। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोराम्बे कंडरा मुख्य पथ पुल के समीप दो ट्रैक्टर को अवैध बालू लोड कर परिचालन करते हुए जप्त किया गया। कारवाई करते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने शस्त्र बल के सहयोग से ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। बताया जाता है कि अवैध बालू उत्खनन व परिचालन की गुप्त सूचना अंचलाधिकारी को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में कारवाई हेतु छापेमारी टीम गठित कर त्वरित कारवाई करते हुए गुरुवार सुबह लगभग 6:30 बजे ट्रैक्टर को जप्त किया गया। छापामारी अभियान के दौरान कोराम्बे पुल के पास से अवैध बालू खनन करते हुए रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 08 एफ 0189 एवं दूसरा ट्रैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन का जप्त किया गया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जप्त भी किया गया है। लेकिन अवैध बालू खनन करने वाले माफिया द्वारा अवैध खनन कर परिचालन किया जा रहा है। इसको लेकर लगातार अभियान चलाया जाएगा। पकड़े गए ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर नियम संगत करवाई की जायेगी। बताते हुए उन्होंने कहा ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध कारवाई हेतु सहायक जिला खनन पदाधिकारी लोहरदगा को सूचनार्थ किया गया है।

बेटी की शादी के लिए रखे 15 से 20 लाख के गहने समेत अहम दस्तावेज की चोरी

चतरा के राजा दोहर मोहल्ले में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

चतरा । चतरा में इन दिनों चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा और वहीं दूसरी तरफ पुलिस इस मामले में मुकदर्शक बनी हुई है। बताया जाता है कि चतरा के राजा दोहर मोहल्ले में रविंद्र सिंह तथा संजना सिंह नाम के दंपत्ति अपनी बेटी को लेकर छठ मनाने बिहार गए हुए थे। इस बीच बदमाशों को इस बात की भनक मिलने के पश्चात दंपत्ति के अनुपस्थिति में चोरों ने गलत नियत से उनके घर पर धावा बोल दिया और आसानी से घटना को अंजाम देते हुए घर में रखे कई सामान व महत्वपूर्ण कागजात समेत बेटी की शादी के लिए रखे गए गहने व जेवरात आदि चुराकर चंपत हो गए। इधर छठ पर्व बीतने के बाद जब मकान मालिक अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है तथा अलमारियों से सामान गायब है। दंपत्ति ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि घर व बैंक के कागजात वगैरह के अलावा लड़की की शादी के लिए जुटा कर रखे गए गहने व जेवरात आदि चोरों द्वारा चुरा लिया गया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी आगामी मार्च महीने में होनी थी और इस घटना में करीब उन्हें 15 से 20 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इधर दंपत्ति का रो-रो कर बुरा हाल है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। दूसरी ओर इस पूरे मामले में पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

पांच हाईवा पर लदे ओवरलोड चिप्स एवं पांच जुगाड़ गाड़ी पर अवैध कोयला जब्त

गोड्डा । गोड्डा जिले के महागामा अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया के नेतृत्व में अवैध खनन एवं स्मगलिंग को लेकर बुधवार को रात में वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान महागामा थाना क्षेत्र में अवैध परिचालन को लेकर पांच हाईवा पर लदे ओवरलोडेड चिप्स एवं पांच जुगाड़ गाड़ी पर अवैध कोयला को जब्त कर कार्रवाई के लिए अग्रसर किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अवैध परिचालन और अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी. उन्होने कहा कि इसके लिए आठ चेकपोस्ट बनाये गए हैं। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी मेघलाल टुडू, कार्यपालक दंडाधिकारी एजाज आलम सहित पुलिस बल मौजूद थे।

भाजपा द्वारा आक्रोश धरना-प्रदर्शन को लेकर बीरू एवं कोलेबिरा में हुई बैठक, बोले वक्ता

राज्य में अराजकता का माहौल से लोगों में भय

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/कोलेबिरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के जनविरोधी नीति एवं अन्य मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जन आक्रोश धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम करना प्रदेश के द्वारा सुनिश्चित हुआ है। इसको लेकर बीरू मंडल एवं कोलेबिरा में बैठक हुई बीरु मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने कहा की इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बीरू मंडल से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे पूरे प्रदेश में ईस राज्य सरकार से प्रदेश वासियों का विश्वास उठ चुका है। राज्य की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है इस राज्य सरकार के द्वारा चुनाव के दरमियान अनेक प्रकार के लोकलुभावन वादा किए गए थे। जिसे

अब तक पूरा नहीं किया गया है। चाहे वह रोजगार की बात हो चाहे वह भ्रष्टाचार की बात हो चाहे वह सुरक्षा की बात हो। राज्य में रोज हत्या बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं। चारों तरफ भय का माहौल है। भ्रष्टाचार चरम पर है माताओं बहनों का आबरू और लोकतंत्र दोनों खतरे में है। लोग सड़क पर निकलने से पहले कई बार सोच रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से दुर्ग विजय सिंह देव,सुमन्त शर्मा, घनश्याम दास, गंगाधर लोहरा, अनूप साहू, वीरेंद्र यादव, प्रकाश दास गोस्वामी, मनोज बडाईक, फलिंदर खेरवार,शिवनाथ मांझी, दिनेश्वर होता, कुलदीप मिश्रा, इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कोलेबिरा मंडल में अशोक इंदवार की अध्यक्षता में एक बैठक की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की झारखंड वासियों का किस सरकार पर से विश्वास उठ चुका है चारों तरफ भ्रष्टाचार लूट हत्या डकैती बलात्कार जैसी घटनाएं प्रत्येक दिन देखने को मिल रही है इस सरकार को सत्ता में रहने का एक भी पल हक नहीं, मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा देकर सरकार भंग कर देनी चाहिए। मौके पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीराराम, सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार भोला साहू विकास कुमार दिनेश दास, दशरथ लोहरा, रमेश सिंह ,महेश महतो व अन्य सदस्य मौजूद थे।

सघन वाहन जांच के दौरान 12 गाड़ी से वसूला गया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना के समीप बुधवार देर शाम एम बी आई शिरील बेसरा के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से भारी वाहन सहित सभी दो चक्का तथा चार चक्का वाहन का जांच किया गया। जांच के दौरान 12 वाहनों के कागजात अधूरे पाए जाने पर कई वाहन मालिक व चालको से लगभग 35 हजार रुपैया जुमार्ना वसूला गया। वाहन जांच के दौरान शिरिल बेसरा ने कहा गाड़ी संबंधित कागजात में त्रुटि पाए जाने पर कदापि विभागीय समझौता नही किया जाएगा। जिला क्षेत्र में ऐसे अनेको वाहन है। जो वाहन संबंधित कागजात दुरुस्त नही रखते हैं। वैसे वाहन मालिक व चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा नियम संगत कारवाई किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि वाहन जांच के दौरान कई वाहन की

कागजात का जांच किया गया। जिसमें त्रुटि पाए जाने पर जुमार्ना लगाया गया है। वहीं दो टेम्पू को जप्त कर सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। इसके अलावे वाहन चालकों को चेतावनी दिया गया कि ड्राइविंग लाइसेंस के अलावे वाहन से सम्बन्धित सभी कागजातों के बिना वाहन चलाने पर जुमार्ना के साथ नियम संगत कारवाई भी किया जाएगा। यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत भी दिया गया। वाहन जांच में अमरेश कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी स0आ0नि0 आयता खेस शस्त्र बल के साथ शामिल थे।

न्यूज गैलरी

विद्यालय परिसर में बना कुआं घटना को दे रहा है आमंत्रण, शौचालय की स्थिति बदतर

बरही। प्रखंड के करियापुर पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विद्यार्थी हमेशा डर के साए में पढ़ने को मजबूर है। इसका मुख्य कारण विद्यालय का चहारदीवारी का नही होना और विद्यालय परिसर में एक पुराना गहरा कुआं का होना है। जिससे सदैव हादसा ही संभावना बनी रहती है। परंतु इस ओर अब तक न तो विद्यालय प्रबंधन और न ही ग्राम शिक्षा समिति ने मामले को गंभीरता से लिया है। चहारदीवारी नही रहने के कारण जहां विद्यालय के बच्चे असुरक्षित है। वही मध्यान्ह भोजन के लिए बच्चो को विद्यालय के बरामदे में बैठकर बिल्कुल खुले में भोजन करना पड़ता है। जिससे न केवल धूलकण और राहीगीरो से परेशानी होती है बल्कि आवारा कुत्तों की झुंडे भी इन मासूमों को प्राय: डराते रहते है। विद्यालय परिसर में मुखिया कोष से बना शौचालय है, परंतु उसकी भी स्थिति गंभीर है। विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि गंदगी व खुले में होने के कारण बच्चो के द्वारा इसका प्रयोग नहीं किया जाता है। नतीजतन शौचालय हेतु भी इन बच्चो को विद्यालय से दूर जाना पड़ता है।

सात को दारू प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेगी भाजपा

दारू। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दारू मंडल भाजपा कार्यकताओं ने झुमरा के शिवशक्ति धाम तिलैया में बैठक की। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण और संचालन महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा ने किया। बैठक में झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार और खोखले वादे के खिलाफ सात नवंबर को हल्ला बोल रैली के साथ प्रखंड मुख्यालय का घेराव करने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड के नौ पंचायत के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए है। इनमें पुनाई एवं कबिलासी पंचायत के लिए बसंत राणा, रामनारायण कुशवाहा, इंद्रदेव कुशवाहा तथा रोशन सिन्हा को प्रभारी बनाया गया। मेढकुरी पंचायत के लिए संजय कुशवाहा, राजेंद्र राम, उपेन्द्र यादव, भोली तुरी एवं दिलीप कुमार, दिगवार पंचायत के लिए रामजी कुशवाहा, अरुण सिंह, संदीप कुमार, सुरेश साव एवं दशरथ प्रसाद को जिम्मेवारी सौंपी गई है। हरली पंचायत के लिए धनपत प्रसाद, रामशंकर प्रसाद, मो फारूक एवं देवदत्त प्रसाद, दारू तथा इरगा पंचायत के लिए शत्रुंजय प्रसाद, राजन सिन्हा, नारायण प्रसाद, बलदेव राम को प्रभारी बनाया गया है। रामदेव खरिका पंचायत के लिए लक्ष्मी देवी एवं सोनी कुशवाहा को जिम्मेवारी दी गई है।

एनटीपीसी जागृति महिला संघ ने किया वेंडिंग मशीन व सेनेटरी पैड वितरण

बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित जागृति महिला संघ की अध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव ने मटवारी, हजारीबाग स्थित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय के बच्चियों के बीच सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन वितरण किया। उन्होंने बच्चियों को सेनेटरी के इस्तेमाल एवं यौवनावस्था के दौरान होने वाले मासिक चक्र, विभिन्न शरीरिक, भवनात्मक आचरण संबंधी परिवर्तनों, संक्रमणों आदि के प्रति उनके संवेदनशीलता के विषय में बताया। उन्होनें शिक्षकों, बच्चियों एवं अभिभावकों से बात करते हुए कहा कि 21वीं सदी में माता-पिता का ध्यान न केवल बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर बल्कि उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी होना चाहिए। इस कार्यक्रम में जागृति महिला संघ सदस्य अपर्णा अस्थाना, सुदीप्ता नदी, अनीता पाणीग्रही, दीपिका चौहान, इतीश्री प्रियदर्शनी, पिंकी महतो एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पदमा प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

पदमा। प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक रामानंद प्रसाद 31 अक्तूबर को सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन प्रमुख वीणा देवी की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित लोगों ने रामानंद प्रसाद के समर्पित भाव से सेवा देने एवं उनकी बेहतर कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे का जीवन सुखमय एवं समृद्ध होने की कामना की। मौके पर पदमा सीओ मोजाहिद अंसारी, बीडियो मनीष कुमार, उपप्रमुख सतेंद्र राणा समेत प्रखंड और अंचल के साथ कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

25 संकुल स्तरीय संघ का निबंधन

कोडरमा। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कोडरमा जिला में बने एवं परिचालित 25 संकुल स्तरीय संघ का निबंधन जिला सहकारिता कार्यालय कोडरमा से झारखण्ड 1 स्वालंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 (अंगीकृत) यथा संबोधित 2015 की धारा 9 के तहत किया गया है। इन सभी 25 संकुल स्तरीय संघ का निबंधन उप विकास आयुक्त के निर्देशन में किया गया है, जो पूरे झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों से सर्व प्रथम किया गया है। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की अध्यक्षता में झारखण्ड के सभी 24 जिलों के जिला कार्यक्रम प्रबंधकों के साथ राज्य स्तरीय अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी कोडरमा को उत्क्रिष्ट कार्यों के किये मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा सम्मानित किया गया। कोडरमा जिला के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला प्रबंधक - एस.एम.आई. बी को भी सम्मानित किया गया। कोडरमा जिला ने राज्य के चौबीस जिलो में एस. एम. आई. बी एवं वित समावेशन डोमेन में प्रथम स्थान, वित्त प्रबंधन में द्वितीय स्थान एवं आजीविका में चौथा स्थान प्राप्त किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरुक

कोडरमा। सूचना व जनसंपर्क विभाग कोडरमा द्वारा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में वृहद रुप से प्रचार-प्रसार कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया जा रहा है। इस कड़ी में जिले के चिन्हित प्रखंड के पंचायतो में लगाये गये शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। हरा राशन कार्ड, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना इत्यादि योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया।

उपायुक्त ने डोमचांच व मरकच्चो प्रखंड के गांवों का किया दौरा, बोले

ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने व आजिविका का स्रोत बनाने का पाठ पढ़ाया

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी लोगों को मिले, इस हेतु पूरे जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आमजनों को योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारकर जिलेवासियों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किये गए हैं। इसी क्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड के कटाही और मरकच्चो प्रखंड के कोशटीहरा, बुवनडीह का भ्रमण किया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा पारंपरिक तरीका से पुष्प गुच्छ देकर उपायुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वागत किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बन आजिविका का स्रोत बनाने का पाठ पढ़ाया। सभी लोग मिल कर अपने गांव में बदलाव लायें। सभी लोग अपने गांव के विकास के लिए कार्य करें। साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरुक किये। उन्होंने कहा कि सभी प्रखडों के पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपुर का भी निरीक्षण कर बच्चों के पठन-पाठन की जानकारी लिये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पु रजक, पीएमयू सदस्य धनपाल व अन्य मौजूद रहे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंडों में आयोजित हुआ शिविर

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के कोडरमा जिला अंतर्गत सतगावां प्रखंड के खुट्टा, डोमचांच प्रखंड के मसमोहना, कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत लरियाडीह, चंदवारा प्रखंड के कांको, जयनगर प्रखंड अंतर्गत नईडीह और मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत जामु और नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, नगर पंचाय डोमचांच के वार्ड 13 में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को सुना गया और समस्या का निदान करने की बात कही। जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वार आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया और शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग शामिल होकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

अनुमंडल कार्यालय के अनुसचिवीय कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

नवीन मेल संवाददाता

बरही। अपने 28 सूत्री मांगो को लेकर झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) 3 नवंबर से प्रखंड व जिला स्तर पर काला बिल्ला लगाकर चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। इसी के आलोक में गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों ने भी अपने मांगो के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर काम किया। कर्मचारियों ने बताया कि यदि उनके मांगो पर सरकार ध्यान नही देती है और शीघ्र पूरा नहीं किया गया तब संघ के निर्णयानुसार वे सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। विदित हो कि संघ ने अपने 28 सूत्री मांगो की सूची बीते 17 अक्टूबर को राज्य सरकार को सौंपी थी। जिसपर अब तक राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। काला बिल्ला लगाकर काम करने वालों में कार्यालय अधीक्षक किशोर कुमार, आशु लिपिक मनोज कुमार सोनी, लिपिक सीताराम प्रसाद, शबनम आरा, सुनील उरांव, सन्नी कुमार, निशांत राज, माया दास, अनुसेवक कामेश्वर साव, मीना मुर्मू और चालक इंद्रदेव राम शामिल है।

जनता दरबार में ऑन द स्पॉट कई समस्यायों का किया गया निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत में गुरुवार को आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भीड़ देखी गयी। शिविर का उद्घाटन बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा,सीओ श्रीकांत लाल मांझी,मुखिया अब्बास अंसारी,पंसस मुनिया देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, पंचायत सेवक नागेश्वर यादव,बीएफटी त्रिवेणी प्रसाद, रोजगार सेवक बिरेंद्र प्रसाद, समाजसेवी ईश्वर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक संख्या में आवेदन पशुपालन से संबंधित,बृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन तथा राशन कार्ड के लिए दिए गए।मौके पर उपस्थित बीडीओ व मुखिया ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब वंचित परिवार को ज्यादा से ज्यादा मिले इस उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि इसके लिए तिथि निर्धारित कर प्रत्येक पंचायत में शिविर आयोजित किया जा रहा है । वहीं ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने कई कार्यों को लेकर आवेदन दिए । शिविर में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, जागेश्वर प्रजापति, वकिल अंसारी, पंसस प्रतिनिधि अर्जुन तूरी, जीवन यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम के दौरान नियम पालन का संकल्प

हजारीबाग। हजारीबाग के ओरिया में अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम का अयोजन हुआ। कीर्तन में ओरिया से सैकड़ों महिलाओं, बच्चो और पुरुषों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विकाश के घर पर हुआ और कीर्तन के साथ साथ आनंद मार्ग चायार्चार्य विधि से नामकरण और गृह प्रवेश का भी अयोजन हुआ। चरम निर्देश में सभी साधकों ने यम-नियम का सख्ती के साथ पालन करने का संकल्प लिया। स्वाध्याय के उपरांत आनंद मार्ग के वरिष्ठ आचार्य नभातितानंद अवधूत ने अध्यात्म पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भौतिक मन सुक्ष्मता के चरम बिंदु पर पहुंचता है तो उसे मानसिक ज्ञान कहते हैं। यहां से मानसिक ज्ञान का मूल्य आरंभ होता है एवं जब मानसिक ज्ञान सुक्ष्मता के चरम बिंदु पर पहुंचता है तब वह आध्यात्मिकता के संपर्क में आता है। कहा कि कीर्तन का मतलब जोर-जोर से किसी का गुणगान करना है। श्रीश्री आनंदमूर्ति जी ने भी व्यक्तिगत साधना के अलावा सामूहिक साधना के लिए बाबा नाम केवलम का नाम संकीर्तन का मंत्र दिया है।

भंडारों पंचायत में आयोजित जनता दरबार में 573 आवेदन में 43 निष्पादित, शेष प्रक्रियाधीन

1,36,400 की लागत से बनने वाले डोभा की स्वीकृति पत्र का विधायक ने किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

बरही। गुरुवार को भंडारों पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 573 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 43 आवेदनों का निष्पादन किया गया जबकि शेष प्रक्रियाधीन रहे। जानकारी के अनुसार शिविर में 112 कंबल का भी वितरण किया गया। इसके अलावा 129 लोगो ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने से संबधित आवेदन दिया। वही शिविर में नया राशन कार्ड हेतु 65, पुराना राशन कार्ड सरेंडर करने वालो की संख्या 3 जिसमे एक का निष्पादन हुआ, डीलर से संबंधित शिकायत के दो आवेदन, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 199 आवेदन, वृद्धा पेंशन 13 और विधवा पेंशन हेतु मात्र एक आवेदन आए। जिसमे दोनो में एक एक आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया।

वही निलाबर पीतांबर जल समृद्धि योजना हेतु 7, मनरेगा के तहत काम हेतु 2 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि 10 नए जॉब कार्ड भी दिए गए। दीदी बाड़ी योजना के तहत 39 आवेदनों का निष्पादन किया गया। नरेगा के तहत नई योजनाओं की स्वीकृति हेतु 51 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में ही 3 केसीसी ऋण, एक 15वी वित के अंतर्गत आवेदन और 32 प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में एसडीओ पूनम कुजुर के द्वारा विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने संयुक्त रूप से बीडीओ सी आर इंदिवर, प्रमुख मनोज रजक, विस विधायक प्रतिनिधि, सुनील साहू आदि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

जनविरोधी क्रियाकलापों के खिलाफ 11 को भाजपा देगी प्रखंड मुख्यालय पर धरना

नवीन मेल संवाददाता

बरही। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा के द्वारा आगमी 7 नवम्बर से लेकर 13 नवम्बर तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल प्रभारी उदयभान नारायण सिंह ने गुरुवार को करियातपुर स्थित सन राइज स्कूल में बरही के दोनों मंडलों की संयुक्त बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव तथा संचालन पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने की। मंडल प्रभारी ने बताया कि वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों से राज्य की जनता असंतुष्ट हैं। राज्य में खुलेआम लुटपाट, लोगों के दिनदहाड़े निर्मम हत्याएं, बालात्कार, अपहरण, इत्यादि जैसे घटनाएं दिन प्रतिदिन हो रहे है। आमजनता भय व दहशत में जी रहे हैं। सरकारी दफ्तरों में खुसखोरी चरम पर है। इन सभी मुद्दों को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। इसी उद्देश्य से प्रखंड के दोनों मंडलो के संयुक्त तत्वाधान में आगमी 11 नवम्बर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने उक्त निर्धारित तिथि को सभी मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, महामंत्री डोमन पाण्डेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश केशरी पश्चिमी मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह, नन्दलाल कुशवाहा, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद प्रसाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र टुडू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामशरण पासवान, मनोज कुमार, दिलीप गुप्ता, उपेंद्र सिंह, सुनील भुइयां, कृष्णा भुईयां, लक्ष्मी सिंह, सागर कुमार, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। गुरुवार को जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत बेको के समीप बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान चांदनी देवी (उम्र 23 वर्ष, पति संदीप यादव, ग्राम अम्बाडीह मरकच्चो) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल से अपने पिता के साथ कोडरमा की तरफ आने के दौरान बेको के समीप ब्रेकर रहने के कारण बाइक पर बैठी महिला अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद आनन-फानन में मरकच्चो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला को 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर उत्साह के साथ निकली आंठवें दिन की प्रभात फेरी

रामगढ़। सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फे री निकाली जा रही है। गुरुवार को आठवें दिन की प्रभात फे री उत्साह के साथ निकली। जिसमें सिख समाज के महिला और पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रभात फेरी के क्रम में साध संगत मधुर गुरूवाणी के गायन से शहर के वातावरण को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। मौके पर कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। साध संगत माधो हम ऐसे तू ऐसा, तेरी सेवा तेरी सेवा मुकद भुगत जुगत तेरी सेवा, तुझ बिन को नाही प्रभु राखन हारा राम आदि मधुर भजनों का गायन करते बढ़ते चल रहे थे। आठवें दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से निकल कर नया बस स्टैंड पहुंची। जहां बस द्वारा सरदार मनपाल सिंह सोनी, डॉक्टर मनवीर कौर के नए कॉम्पलेक्स में पहुंची। जहां सोनी साहब के परिवार वालों ने संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से राजू जस्सल ने सरदार मानपाल सिंह सोनी को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

ये हुए शामिल : आठवें दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल, सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, बबलू सैनी, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा ,स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी रौनक, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानकस्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित कई लोग शामिल हुए।

थैलीसीमिया पीड़ितों के लिए विहंगम योग संस्थान ने लगाया रक्तदान शिविर

बरही। विहंगम योग संस्थान बरही इकाई के द्वारा गुरुवार को हजारीबाग रोड स्थित शकुंतला पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजको ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत युवा सरयु यादव ने स्वेच्छा से रक्तदान कर किया. उन्होंने बताया की रक्तदान महादान है। इसे हम सभी को अवश्य करनी चाहिए। रक्तदान से हम कमजोर नही बल्कि हमारे खून का फिल्टरेशन होता है। शिविर में शकील खान, कुणाल गुप्ता, रंजीत सिंह, गौरी शंकर महतो, प्रदीप कुमार सिंह,कृष्ण कुमार गुप्ता, संजय कुमार, प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी, रामचंद्र रविदास, सिकंदर सिंह, राजू कुमारऔर सत्येंद्र सिंह सहित कुल 12 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। जिन्हे वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन इस नेक कार्य के लिए साधुवाद देते हुए आयोजकों को रक्तदान शिविर आयोजन के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। शिविर को सफल बनाने में विहंगम योग संस्थान के डॉ महेश प्रसाद, कृष्ण कुमार गुप्ता, किशोर सिंह, राजदेव सिंह, राघव राम, गोविंद सिंह, दिनेश्वर सिंह, संजय प्रसाद, प्रमोद गुप्ता, पप्पू राम, कुणाल कुमार गुप्ता, करण गुप्ता, बाडो सिंह, महेंद्र दुबे, सोमनाथ ठाकुर, रवि शंकर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में एसोसिएशन की ओर से सहित मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आर खैरी, निहाल राज, पूनम कुजुर ,धीरेंद्र कुमार, के वी विमेंस कॉलेज की रूपा कुमारी, मनीषा कुमारी, ज्योति कुमारी, निकिता कुमारी, आकांक्षा कुमारी, प्रियंका, कुमारी, कुमारी आरोही, अंकिता रानी, तृप्ति यादव, सपना कुमारी और सिमरन सिंह काआदि शामिल थे।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निमार्णाधीन श्री श्याम मंदिर से भव्य निशान यात्रा सह शोभा यात्रा का हुआ आयोजन

- भक्त श्री श्याम के भजन गाते हुए बढ़ रहे थे आगे
- श्री श्याम की प्रतिमा एक सुस्सजित वाहन पर रखी गई थी
- कमल बगड़िया अपने मधुर भजनों से भक्तों को झुमाते बढ़ रहे थे

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। बाबा श्याम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नेहरू रोड स्थित निमार्णाधीन श्री श्याम मंदिर परिसर से गुरुवार को भव्य निशान यात्रा सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, फुटबॉल ग्राउंड होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान मीडिया प्रभारी कमल बगड़िया अपने मधुर भजनों से श्याम भक्तों को झुमाते हुए बढ़ रहे थे। इस दौरान श्री बगड़िया ने एक से बढ़कर एक मनमोहक श्याम भजन गाये। निशान यात्रा सह शोभा यात्रा के क्रम में एक सुस्सजित वाहन पर श्री श्याम की प्रतिमा रखी गई थी।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा सह शोभा यात्रा का भारत विकास परिषद ने किया स्वागत : भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की ओर से बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा सह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। परिषद के अध्यक्ष अमित साहू एवं कार्यक्रम संयोजक निलेश गुप्ता के नेतृत्व में सदस्यों ने यात्रा में शामिल लोगों के जलपान की व्यवस्था की। बाबा श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर निकाली गई निशान यात्रा सह शोभा यात्रा का भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा ने झंडा चौक के निकट स्वागत किया। परिषद की ओर से शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। मौके पर अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक संगठनों एवं समाज के अग्रणी लोगों व धर्म प्रेमी माताआं एवं बहनों के बीच सकारात्मक संदेश जाता है। मौके पर भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सचिव डॉ आलोक रत्न चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, मनमोहन सिंह लांबा, कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, सम्मानित सदस्य रामप्रवेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

आज निर्माणीधीन मंदिर परिसर में कीर्तन का होगा आयोजन : बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर नेहरू रोड स्थित निर्माणाधीन श्री श्याम मंदिर में 4 नवंबर की शाम 5:00 बजे से कीर्तन का आयोजन होगा। कीर्तन के दौरान सूरजगढ़ के संजय सेन, कोलकाता के किशन जी एवं तन्मय काठवाल अपने मधुर भजनों से श्री श्याम भक्तों को सराबोर करेंगे। श्री श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित निशान यात्रा सह शोभा यात्रा में कमल बगड़िया, कमलेश्वर सिंह, माणिक चंद जैन, बाबूलाल शर्मा, संतू भाई माणिक, आनंद सर्राफ सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

कुरडेग पंचायत में आयोजित हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर

कुरडेग। प्रखंड के कुरडेग पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए कुल 1182 आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें से कुछ आवेदनों का शिविर में ही निपटारा किया गया। सबसे अधिक आवास के लिए 350 आवेदन एवं मनरेगा योजना के लिए 250 आवेदन जमा हुए। इस बीच 80 ग्रामीणों को कंबल दिया गया। जोब कार्ड 20 मजदूरों को दिया गया, 10 जाति प्रमाणपत्र बच्चों को निर्गत किया गया। फूलो झानों योजना के अन्तर्गत 70 महिलाओं के समूह को जेएसएलपीएस की ओर से 7 लाख का चेक प्रदान किया गया एवं तीन महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर प्रमुख सरस्वती देवी, जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, उपप्रमुख अजय कु जयसवाल, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, मुखिया उर्मिला कुजूर आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र में 22 हाथियों के आने से दहशत वन विभाग ने क्षेत्र का किया दौरा

जलडेगा। प्रखंड के परबा, ओड़गा, जोनोदा, धौरंजन आदि क्षेत्रों में 22 हाथियों के आने से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। लोगों को जान माल के हानि होने का भय सता रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी हेमंत कुमार, नीतीश कुमार, प्रदीप कुल्लू, सत्येंद्र बड़ाईक ने उक्त गांवों का दौरा कर मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को बताया कि हाथियों ने कई ग्रामीणों के खेत मे लगे फसल को रौंद दिया है। मामले को देखते हुए वन विभाग ने हाथी प्रभावित गांवों के लोगों के बीच हाथी भगाने हेतु मशाल बनाने की सामग्री बांटी। उप परिसर पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि विभाग ग्रामीणों से संपर्क में है साथ ही फसलों के नुकसान का जायजा लिया गया है एवं विभाग की ओर से क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रकिया के बारे में बताया गया है फिलहाल लोगों को जंगलों से दूर रहने की सलाह दी गई है एवं किसी भी आपात स्थिति में वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है।

जर्मन के रेभ. माईकल ब्रांत पहुंचे सिमडेगा, हुआ भव्य स्वागत

सिमडेगा। जर्मन के रेभ. माईकल ब्रांत ओड़िशा जाने के क्रम में कुछ देर सिमडेगा में रुके। दोपहर लंच के बाद वे ओड़िशा के लिए रवाना हो गए। खूंटीटोली चर्च परिसर में विशप मुरेल बिलूंग और मंडली के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर रेभ. माईकल ब्रांत ने जिलेवासियों को मिशन पर्व की बधाई दी। बताया गया कि यह कार्यक्रम रेभ. माईकल ब्रांत का क्षेत्र विजिट था। मौके पर जीईएल चर्च के मोडिरेटर राईट रेभ. जोहन डांग, महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना, पादरी नीरल बागे, पाउल लुगून, वायस प्रेसिडेंट पावल लुगून, डायोसिस के पदधारी पादरी लोरेंग डुंगडुंग, अंजोर टोप्पो, खूंटीटोली मंडली के सचिव विपिन तिग्गा सहित महिला समिति के सभी पदधारी उपस्थित थे। मौके पर थाना प्रभारी दयानंद कुमार, एसआई सुधीर बाड़ा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित थे।

पूर्व शिक्षक लाल आनंद किशोर नाथ शाहदेव का निधन

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के पूर्व शिक्षक लाल आनंद किशोर नाथ शाहदेव का 70 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। उनका पिछले कुछ समय से रिम्स में इलाज चल रहा था। उन्होंने बेसिक स्कूल कुडू, बालिका स्कूल पंडरा, प्राइमरी स्कूल ईचरी में शिक्षण कार्य किया था। विज्ञान शिक्षक के रूप में श्री शाहदेव का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा था। इनके विद्यार्थी दूसरे जिलों और राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह लोहरदगा के पत्रकार संजय शाहदेव के पिता और सतीश शाहदेव के बड़े पिताजी थे। छोटे पुत्र सुजीत शाहदेव भी शिक्षक हैं। स्व शाहदेव का अंतिम संस्कार लोहरदगा- रांची जिले के सीमावर्ती उनके पैतृक गांव चनकोपी में तीन नवंबर को होगा। इनके निधन पर लोहरदगा के शिक्षकों और पत्रकारों में शोक की लहर है। श्री शाहदेव के छात्र रहे इंटर कालेज लातेहार के प्रिंसिपल दशरथ प्रसाद ने निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि वह शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास को लेकर हमेशा तत्पर व समर्पित रहते थे।

कुरडेग के ढाकाटोली में धूमधाम से मनाया गया नवाखानी पर्व

कुरडेग। प्रखंड के हेठमा पंचायत अंतर्गत आसनबेड़ा ढ़ाका टोली गांव में गुरुवार को धूमधाम के साथ मिलकर नवाखानी पर्व मनाया गया सर्वप्रथम चर्च में सभी लोग प्रार्थना, संगीत और नाच के माध्यम से प्रभु की स्तुति और महिमा किये और नवाखानी पर्व मिलकर मनाया।नवाखानी पर्व के पर सुंदर नाटक का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाट्न मण्डली सचिव सुधीर टोप्पो एवं शोभा सुनिता तिर्की के द्वारा ईश्वर की महिमा के साथ किया गया इस कार्यक्रम में नाटक, छोटा कॉमिक, आधुनिक डांस, धार्मिक डांस, एकल डांस, सायरी, चुटकुला, कव्वली, और प्रेरणादायक कार्मक्रम दिखाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। मौके पर संदीप टोप्पो, गुलशन तिर्की, सुचित मरकस तिग्गा, मेंजस तिर्की, निर्दोष टोप्पो, बिजय तिर्की, शोभा सुनिता तिर्की, बेलस तिग्गा, सुबास टोप्पो, सचिन टोप्पो, सहित युवा संघ के सदस्य उपस्थित थे।

कैरो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : डीटीओ

नवीन मेल संवाददाता

कैरो/लोहरदगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के हनहट पंचायत में परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव, बीससुत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव एवं प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा जा रहा है और शिविर से ही आम लोगों की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें योजनाओं का

लाभ भी दिये जा रहे है। इस मौके पर जिप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा सरकार की यह सोच हमेशा से रही है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। इस लिए सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके द्वार आई है योजना का लाभ लेते हुए व्यापार बिजनेस करने का काम करें तभी समाज विकास के पथ पर आगे बढ़ेगी और आपका परिवार स्वयं को विकास करेगी। उन्होंने कहा शिक्षा को महत्व देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को स्कूल कॉलेज भेजने का प्रयास करें तभी समाज का सर्वांगीण विकास होगा। शिक्षा सफलता की कुंजी है जिसके माध्यम से व्यक्ति नए-नए कौशल प्राप्त करता है और अपने समाज में आगे बढ़ता है। शिक्षा मानव जीवन का सबसे महत्पूर्ण अंग माना जाता है क्योंकि यह लोगों को आगे बढ़ने और अपनी जीवन में हमेशा कुछ नया करने की प्रेणना देता है। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के संबोधन के साथ परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें सर्वप्रथम मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ किया गया साथ ही 20 योजना का स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं आवास पूर्णता पत्र का वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन के तहत 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण, जेएसएलपीएस के द्वारा एसजीएच ग्रुप को 3200000 का डमी चेक का वितरण किया गया। साथ ही कम्बल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया श्रवन मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी सुनामी होरो, डॉ राकेश कुमार, अंचल निरीक्षक अनंत सयनम विश्वकर्मा, पंचायत सेवक सुनील चंद्र कुंवर, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एपी वर्मा, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, बीपीओ मृणाल प्रकाश, कॉर्डिनेटर अकास कुंवर आदि उपस्थित थे।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ ने बांटी ग्रामीणों के बीच सामग्री

देश हित में सीआरपीएफ पुलिस हर वक्त रहती है तत्पर : कमांडेंट

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार थाना परिसर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 158 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच जरूरत के सामग्रियों का वितरण कर हौसला अफजाई किया गया। इधर सिविक एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली असिस्टेंट कमांडेंट रोशन कुमार और पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के द्वारा क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एमरजेंसी लाइट, टीन सीट और बर्तन वितरण कर हौसला बढ़ाने का कार्य किया गया। मौके पर कमांडेंट राहुल कुमार ने क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 158 बटालियन लोहरदगा जिले के अलावा देश के सभी राज्यों में लोगों के बीच पुलिस-पब्लिक के बीच में आपसी सद्भावना बनाये रखने हेतु इस तरह के आयोजन करते आ रही है। कमांडेंट ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए समय-समय पर लोगों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता है आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। मौके पर अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

अवैध बालू कारोबारी ने पत्रकार को दी धमकी पत्रकार संघ ने थाना में कराया मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। अवैध बालू के खिलाफ पत्रकारों के द्वारा खबर चलाने पर आवेश में आकर बाल अवैध बालू के कारोबार करने वाले स्थानीय ट्रैक्टर मालिक बलडेगा निवासी भीम साहू द्वारा जलडेगा के स्थानीय पत्रकार पंकज कुमार साहू को डरा धमका कर धमकी दिया है। जिसको लेकर पत्रकार संघ जलडेगा द्वारा थाना में भीम साहू के ऊपर कानूनी कारवाई करने का आग्रह किया है। बताया गया कि पिछले दिनों 26 अक्टूबर 2022 को जलडेगा से ओडगा जाने वाली मुख्य सड़क शराब दुकान के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों की पकड़े जाने की सूचना स्थानीय पत्रकारों द्वारा जलडेगा अंचल अधिकारी को दी गई थी, सुचना उपरांत जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने दोनो गाड़ियों को जब्त करते हुए जलडेगा थाना को सुपुर्द कर दिया। यह खबर अगले दिन कई दैनिक अखबार प्रकाशित किया गया था। लेकिन फाइन देकर गाड़ी छूटते ही 30 अक्टूबर 2022 को देर शाम पुनः अवैध बालू अपने दोनो ट्रैक्टरों में लोड कर जलडेगा से ओडगा ले जा रहा था, इसी दौरान भीम साहू ने अपने दुकान के बाहर खड़े पत्रकार पंकज साहू को देख लेने का धमकी दिया है। इधर पत्रकार को धमकी देने के बाद जलडेगा पत्रकार संघ ने जलडेगा थाना में मामला दर्ज कराया है। पत्रकार संघ की ओर से कहा गया की जलडेगा में पत्रकारों को डराया धमकाया जा रहा है, जिससे पत्रकारों की जान माल की नुकसान होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। प्रशासन द्वारा भी पत्रकारों को सहयोग नही मिलने पर आज जलडेगा के पत्रकार खुद को अकेला महसूस कर रहे हैं।

कुरडेग में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध बालू खनन प्रशासन मौन

कुरडेग। नदियों के ब्राउन गोल्ड से अमीरी की चाहत में बालू का अवैध धंधा कुरडेग में जोरों पर चल रहा है। 2 राज्यों से बोर्डर साझा करने वाले कुरडेग में हर तरफ बालू की चाहत ट्रैक्टर मालिकों पर हावी होने लगा हैं। त्योहारों का समय इनके लिए एक बड़ा अवसर बनाया दरअसल बालू कारोबारी धड़ल्ले से नदियों से बालू का उठाव करने लगे हैं दीपावली और छठ में सभी सरकारीकर्मी और पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सभी लोग छुट्टी और पब्लिक की सुरक्षा में व्यस्त थे ऐसे में नदी से अवैध बालू उठाव की तरफ भी किसी का ध्यान भी नहीं जा रहा है।अगर जा भी रहा तो उससे ज्यादा जरूरी कुरडेग की सुरक्षा थी।बस अधिकारियों की इसी व्यस्तता का फायदा प्रखंड के एवम पड़ोसी राज्यों के बालू माफिया उठाते हुए धड़ाधड़ सुबह से शाम तक कई ट्रैक्टर बालू एक एक बालू माफिया उठा कर अपनी खुफिया जगहों पर डंप करना शुरू कर दिया है,ज्यादातर इनका अड्डा या तो बॉर्डर के जंगलों के बीच है या फिर पड़ोसी राज्यो में सुरक्षित स्टोर कर रहे हैं।गुरुवार को झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष एवं एक स्थानीय पत्रकार नदी से बालू उठाव करते पाये। अवैध बालू उठाव की जानकारी झामुमो अध्यक्ष द्वारा स्थानीय प्रशासन को दी गयी एवम उचित करवाई करने की मांग की।सक्ष्य के तौर पर उन्होंने अधिकारियों को व्हाट्सएप के द्वारा वीडियो भी संबंधित पदाधिकारीयों को भेज दिया। बताया कि बालू हर दिन कुरडेग के खलीजोरा, छाताकहु, डूमरडीह और सरार नदी आदि बालू घाटों से सुबह से शाम तक बालू की अवैध ढुलाई कर जमा करने में लगे हैं।

जिले में 24 घंटे के अंदर दो नाबालिग युवती से दुष्कर्म

कोलेबिरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। छात्रा कोलेबिरा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर अपने लॉज वापस लौट रही थी। इसी दौरान दो लड़कों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित लड़की के पिता ने कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर कारवाई की मांग की। आवेदन के आलोक में पुलिस ने कांड संख्या- 67/2022 दिनांक 2/11/2022 भादवि धारा 354/376(3) 34/ एवं पोस्को एक्ट 4/8 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि बानो में एक नाबालिग की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है। इधर कोलेबिरा में एक बार फिर

नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना से सिमडेगा सहित राज्य के कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना मंगलवार रात्रि की है। जब कोलेबिरा स्टेडियम में रात्रि के समय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर कोलेबिरा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की अपने लॉज लौट रही थी। नाबालिग छात्रा कक्षा 8 की छात्रा है, जो लॉज में रहकर अपनी पढ़ाई करती थी। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम देखकर वह सुबह 3 बजे अपने लॉज वापस गयी थी। परंतु वहां ताला लगा हुआ था, इसीलिए वह लड़की वापस कार्यक्रम देखने के लिए लौट रही थी, उसी दौरान रास्ते में राजा प्रसाद और अमित बैठा दोनों कोलेबिरा निवासी हैं। इस कुकृत्य घटना को अंजाम दिया। इधर मामले पर कोलेबिरा थानाप्रभारी रामेश्वर भगत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपी लड़कों की गिरफ्तार कर दोनों को जेल भेज दिया।बताते चलें कि इधर गुरुवार को भी ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर युवक फरार है। 24 घण्टे के अंदर जिले में दो नाबालिग युवती से दुष्कर्म जैसी घटना के बाद आम लोगों का गुस्सा चरम पर है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्कर्मियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं।

पेशरार थाना प्रभारी व असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में चलाया सर्च अभियान

नक्सलियों के मंसूबे को कभी भी नहीं होने देंगे सफल : अख्तर अली

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं सीआरपीएफ 158 बटालियन चार्ली कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट रौशन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान पेशरार थाना प्रभारी ने कहा कि नक्सलियों के मंसूबे को कभी भी सफल नहीं होने देंगे। कहा कि नक्सली मुख्यधारा से जुड़कर सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ उठाएं अन्यथा पुलिस की गोली का शिकार होने के लिए तैयार रहें। इधर

नक्सल विरोधी अभियान में थाना प्रभारी और असिस्टेंट कमांडेंट के अलावे सैकड़ों जवान पेशरार थाना क्षेत्र के बीहड़ जंगली पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाकर नक्सल गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जायजा लिया।

हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, किसानों के फसल को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु चटकपुर में जंगली हाथी के झुंड ने मचाया उत्पात। ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल, क्षेत्र से हाथी को भागने के दिशा में उठाया गया कदम। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। जानकारी के अनुसार अलौदी पंचायत के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु चटकपुर में देर रात जंगली हाथी का झुंड आने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों द्वारा इसकी जकनकारी वन विभाग के अधिकारी को देते हुए हाथी भगाने के दिशा में कदम उठाया और

क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा का मांग किया गया। बताया जाता है कि क्षेत्र में जंगली हाथी के आने से बिशु भगत, कलेश्वर उरांव, राजेश महतो, रामु असुर, ललिता उराइन, बिनोद महतो, माला महतो, रामचरण असुर, कुमिया देवी सहित दर्जनों किसानों का फसल काफी नष्ट हुआ है। वहीं वन विभाग के अधिकारी को सूचना मिलते ही टीम गठित कर त्वरित कारवाई करते हुए ग्रामीणों को दहशत से निजात दिलाने के दिशा में कदम उठाया गया। सुदूरवर्ती क्षेत्र के उरु चटकपुर में 15 की संख्या में जंगली हाथी का झुंड आने से क्षेत्र के ग्रामीण चिंता से रात भर पहरा दे रहे थे। और घन्टा व अग्नि का सहारा ले हाथी भगाने के दिशा में कार्य किया गया। किसानों ने वन विभाग से फसल नुकशान को लेकर मुआवजा का मांग भी किया है। वन विभाग के टीम द्वारा मशाल जलकर क्षेत्र से हाथी को निकाल दिया गया। वन विभाग टीम के अनुसार हाथियों का झुंड सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के रास्ते बेतला की ओर चला गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ प्राकृतिक का कहर किसानों पर टूट पड़ा तो दूसरी ओर धान की फसल जंगली जानवर का आहार बना साथ ही बताया कि हाथी से पूर्व जंगली जानवर से फसल नुकसान होते आ रहा है। परंतु इतना काफी नुकसान नही हुआ था।

रोरद में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सुनी जनता की समस्याएं

विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरद पंचायत सचिवालय के समीप आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इधर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रोरद के अलावे प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायतों से ग्रामीण इकट्ठा हुए। जिन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही चयनित लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं कार्यक्रम के उपरांत गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ते ठंढ को देखते हुए कंबल का वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। इसी तरह क्षेत्र के किसानों के बीच कृषि

कार्य हेतु बीज का वितरण किया गया। मौके पर अतिथियों ने कार्यक्रम में शिरकत होने वाले ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अब पहाड़ों में भी पहुंच बनाते हुए लोगों की समस्याओं को दूर कराने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। क्षेत्र की जनता अपने हक अधिकार की प्राप्ति को लेकर जागरूक होते हुए सरकारी योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ लेने में आगे आएं। ताकि आपकी समस्याओं का समाधान कर आपको स्वावलंबी बनाया जा सके। इधर ग्राम पंचायत रोरद पंचायत सचिवालय के समीप आयोजित की गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी समस्याओं को लेकर बुजुर्ग महिला पुरूष पहुंचे थे जिन्हें अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकारी योजनाओं से मिलने वाली समुचित लाभ दिलाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति : पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोरद में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीआरपीएफ 158 बटालियन चार्ली कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट रौशन कुमार, पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, प्रमुख सीता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, सेवानिवृत्त एसएसपी सुधू भगत, बीपीओ अभिषेक कुमार, एलईओ नूतन कुमारी, उप प्रमुख करूणा देवी, तुईमू मुखिया कमला देवी, ग्राम पंचायत रोरद की मुखिया सिलवंती उरांव पूर्व मुखिया अरविंद भगत, पंचायत सचिव बलदेव यादव, जनसेवक विजय नायक, महफूज अंसारी, महादेव असुर, रोजगार सेवक विनोद कुमार, सोमनाथ किसान, छोटू उरांव, आरती कुमारी, रामधनी भगत सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

चैनपुर प्रखंड में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार ने संचालित योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन स्टाल लगाए गए थे जिसमें निर्वाचन, मनरेगा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, श्रम नियोजन, शिक्षा विभाग सहित स्वयंसेवी संस्थानों के स्टॉल शामिल थे। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी स्टालों का निरीक्षण किया और उनके क्रियाकलापों की जानकारी ली। सभी स्टालों में उनके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही थी तथा कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट किया जा रहा था। उपायुक्त ने बताया कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य सरकार

द्वारा शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। उन्होंने आम लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़ने और इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने दूर दराज से आए लाभुकों से बातचीत की एवं कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट योजना से जोड़ा। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, आईएएस प्रशिक्षु सह सहायक समाहर्ता, बीडीओ/सी.ओ चैनपुर , के अलावा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

पलामू में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री लेंगे भाग

पुलिस लाइन स्टेडियम में व्यापक तैयारी, सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन पुलिस लाइन स्टेडियम में आज होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू जिला आगमन तथा मेगा परिसंपत्ति वितरण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में व्यापक तैयारी की गयी है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही जिला स्तर के आंकड़ों एवं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अद्यतन प्रगति से संबंधित एक बुकलेट का भी लोकार्पण किया जायेगा। मेगा परिसंपत्ति वितरण के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को ऑन-स्पॉट दिया जायेगा। साथ ही उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर तीन नवंबर की शाम आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस विस्पुते श्रीकांत यशवंत, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह,आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, नजारात उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम का निरीक्षण कर अबतक किए गए तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही शीघ्र तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिनियुक्ति स्थानों पर पूरी तन्मयता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें और जारी संयुक्त आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित लाभुक, जिन्हें योजनाओं का ऑन -स्पॉट लाभ दिया जायेगा, उन लाभुकों को मुख्य मंच तक व्यवस्थित तरीके से लायें और उन्हें पुनः निर्धारित स्थल पर बैठाना सुनिश्चित करायें। सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान अलर्ट मोड़ में रहें। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल के लिए तीन द्वार है। एक पब्लिक/जेनरल गेट है। दूसरा वीआईपी व मीडिया एवं तीसरा वीवीआईपी गेट है। वीआईपी गेट पर बिना पास किसी का प्रवेश नहीं हो। गेट पर अवांक्षित स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया। वीआईपी, प्रेस, लाभुक, जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनसामान्य व्यक्तियों के प्रवेश सहित अन्य जानकारी दी। साथ ही मजिस्ट्रेट, पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों को जानकारी दी गई कि आमंत्रण पत्र ही वीआईपी का पास के रूप में मान्य है। साथ ही प्रेस/ मीडिया के बंधुओं को अलग से पास निर्गत किया गया है। जिनका प्रवेश आयुक्त कार्यालय के सामने वाले पुलिस लाइन स्टेडियम के वीआईपी द्वार से होना है। कार्ड एवं पास देखकर ही वीआईपी द्वार से प्रवेश दिलाया जाए। ड्यूटी पर तैनात सभी व्यक्तियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपना कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया गया। उन्हें यह भी कहा गया कि आमजनों को किसी तरह की कोई असुविधा या परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी के साथ संवेदनशीलता की भावना रखें और समय के साथ पूरी अनुशासन में रहते हुए ड्यूटी करें। उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि अधिकारी एवं जवान सक्रियता से भीड़ नियंत्रित करें। किसी लाभुक एवं जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोगों के आगमन पर सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से बैठना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को किसी तरह कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय कर्तव्य निर्वहन की बातें कही। नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिनियुक्त वरीय एवं कनीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर तरीके से कर्तव्य निर्वहन की स्पष्ट जानकारी दी।

विभिन्न माध्यमों से होगा प्रसारण : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण टीवी पर किया जायेगा। इसके साथ ही @डीसी पलामू के फेसबुक एवं यूट्यूब पर लाइव प्रसारण किया जायेगा। साथ ही जिले के अन्य संबंधित पंचायतों में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया जैसे-व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक आदि माध्यमों से प्रसारण किया जायेगा।

विहंगम योग विश्व शांति वैदिक महायज्ञ 8 नवम्बर को होगा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई ने 7 एवं 8 नवंबर को विहंगम योग समारोह का आयोजन किया है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 8 नवंबर को 2101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ संपन्न होगा। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के बीस फूटा पुल चौक के समीप बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में समारोह आयोजित किया गया है। संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने बताया कि इस महायज्ञ में संस्थान के द्वितीय परंपरा सदगुरू आचार्य श्री स्वतंत्रदेव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज मुख्य रूप से भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में भक्तजनों के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। संस्थान से जुड़े भक्तजन महायज्ञ को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह महायज्ञ की सफलता को लेकर तैयारी जोरों पर चल रहा है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कई जगहों पर तोरण द्वार बनाया गया है। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में बैनर पोस्टर लगाया गया। संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,महामंत्री ललित कुमार सिंह,जिला परामर्शक नंदलाल पासवान, मराछु प्रसाद की देखरेख में कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। समारोह स्थल पर भी तैयारी शुरू कर दिया गया है। समारोह को सफल बनाने में संस्थान के उपदेष्टा मनोरमा द्विवेदी,रविंद्र श्रीवास्तव, जिला सह संयोजक यशवंत सिंह, बनारसी प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा,रामपति राम , भानु प्रताप देव, विशुनदेव मेहता सहित जिला ,प्रखंड एवं ग्राम स्तर के सेवा प्रभारी सक्रिय हैं।

पलामू किला में दो दिवसीय मेला संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। फुलवरिया गांव के मैदान में लगा दो दिवसीय जतरा मेला बुधवार को संपन्न हो गया। मेले में करीब पांच से सात करोड़ के कारोबार होने का अनुमान लगाया गया है। हजारों की संख्या में परंपरागत देसी हथियार के अलावे देसी मिठाई ,बादाम, मांस मदिरा की दुकानों पर अप्रत्याशित भीड़ खाने-पीने वाले लोगों को लगी रही। बताते चलें कि मंगलवार को मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने मेला का उद्घाटन किया था। साथ ही आयोजन स्थल का जायजा लिया था। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। जगह जगह पर सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के साथ पुलिस पदाधिकारी लगाए गए थे। मेले में हजारों लोगों का आगमन हुआ। कई दुकानें लगाई गई थी। मेला देखने आए हजारों लोगों ने औरंगा नदी के तट तथा पलामू किले का दीदार किया। इस दौरान किला के पत्थरों पर दर्शनार्थियों के द्वारा अपना अपना नाम अंकित भी किये गये। मेला में पहुंचे हजारों लोगों ने यह संकल्प भी लिया कि मेला आन बान और शान का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्वक ढंग से निर्वहन कराना लोगों की प्राथमिकता है। जिसमें पलामू किला मेला आयोजन समिति सफल रहा और इस दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मेले में पहुंचे लोगों के लिए काफी खुशी मनाया। लोगों के मनोरंजन हेतु लक्ष्मण झूला के अलावा ब्रेक डांस, हवाई यात्रा तथा थिएटर और अन्य तरह के मनोरंजक के साधन लगाए गए थे। मेला आयोजन समिति अध्यक्ष उमेश सिंह चेरों ने बताया कि मेला शांति सुरक्षा और एकात्मवाद का संदेश दे गया है। अगले साल निश्चित तौर से इस वर्ष से बेहतर मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर विनोद यादव, अरविंद सिंह चेरों, अनिल सिंह, प्रवीण सिंह, विनय सिंह राजनाथ सिंह, यमुना सिंह, गणेश्वर सिंह, दिनकर सिंह, विश्वनाथ सिंह, गंगेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह समेत आयोजन समिति के सैकड़ों सदस्यों ने खुशी जाहिर की। साथ ही मेला के सफलतापूर्वक आयोजन पर बधाई दी।

पायोनियर धान को लेकर मेघा फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के हूटार गांव में कोटेवा एग्री साइंस के द्वारा पायोनियर धान को लेकर मेघा फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया क जिसमे रांची जिला के अधिकारी सफलदीप तिर्की के द्वारा किसानो कई जानकारी दी। साथ ही किसानो को खड़ी फसल दिखाते हुए अन्य हाईब्रिड को वजन कर दिखाया ककहा कि पायोनियर धान दो नम्बर खेत पर धान का दस बाली आते जबकि अन्य धान का दस बाली का वजन कर दिखाया। उन्होंने बताया कि दोनों धान मे मेहनत एक ही है लेकिन पायोनियर धान मे पांच क्विंटल प्रति एकड ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं क इस मौके पर पायोनियर ज्यादा लगाने वाले किसानों को शॉल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया क वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची जिला के एमडीआर धीरज कुमार, बालेश्वर गोप, जोगेंद्र गोप, किसान महेंद्र उरांव, डोमन मुंडा, झिबी उरांव, बुढ़वा उरांव, जतरी, अलीशा खाखा का योगदान रहा।

दानेकेरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोले मुखिया

दानेकेरा सबसे पिछड़ा पंचायत, यहां अतिरिक्त पैकेज की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के 47 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं अलग-अलग विभागों के 1979 लाभुकों ने आवेदन दिया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु , जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो तथा मुखिया धुचला मुंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो और सरकारी पदाधिकारियों ने जहां लोगों को अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित प्रधान मंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सोना सोबरन धोती साड़ी का वितरण,मनरेगा के अनेक योजना लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं इस मौके पर मुखिया धुचला मुंडा ने कहा कि लापुंग प्रखंड मुख्यालय से दूरी सहित भौगोलिक स्थिति के कारण दानेकेरा बहुत ही पिछड़ा पंचायत है। यहां के लोगों के जीवन स्तर को उठाने के लिए सरकार को विशेष पैकेज देने की जरूरत है। सड़क, बिजली, दूरसंचार सहित पेयजल के लिए विशेष काम करने की जरूरत है। इस मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, मनरेगा के बीपीओ मो. इम्तियाज, अभय खलखो, पंचायत समिति सदस्य जनार्दन दास,पंचायत सचिव विशु स्वांसी, उप मुखिया चैतु देवी, रोजगार सेवक बसंत साहु, बीएफटी सत्यनारायण सिंह, सुजीत कुमार, वार्ड सदस्य सोमा उरांव, घुरन लोहरा, लक्ष्मी मुंडा, विष्णु भगत, बसंती टोप्पो, भुनेश्वर सोनी, दीप नारायण सिंह, समाजसेवी कृष्णा बडाईक, सत्यनारायण सिंह, सत्यनारायण महतो, गोपाल बडाईक, महिला नेत्री शशी देवी सहित अन्य लोगों ने मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं के संदर्भ में लोगों को जानकारी दी और लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया। मौके पर मनरेगाकर्मी, रोजगार सेवक , जनसेवक, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम सहित मनरेगा के कनीय अभियंताओं के अलावे अनेक पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

चंदवा सीएससी में पेबर ब्लॉक कार्य में बरती जा रही घोर अनियमितता

पेवर ब्लॉक लगाने की प्राक्कलित राशि 49 लाख, बिना लेबलिंग किये बिछाया जा रहा है पेबर ब्लॉक, खराब सामग्री का हो रहा उपयोग

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। चंदवा प्रखंड में डीएमएफटी मद से सीएचसी परिसर में 49 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने, ईट जोड़ाई व प्लास्टर कार्य में अनियमितता चरम पर है। इस योजना के संवेदक जावेद अख्तर (लातेहार) हैं। यहां बिना लेबलिंग किए ही मजदूर जैसे तैसे पेबर ब्लॉक बिछाने का काम कर रहे हैं। लेबलिंग बिना किए पेबर ब्लॉक बिछाने से कहीं उंचा तो कहीं नीचा दिख रहा है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि ईटा पथाई में प्रयोग होने वाले चिकनी मिट्टी व घटिया बालू को पेबर ब्लॉक बिछाने में प्रयोग किया जा रहा है।जबकि प्राक्कलन में बालू का प्रयोग किया जाना है।वर्षा में पेबर ब्लॉक की निचे की मिट्टी बह जाएंगे तथा पेबर ब्लॉक में पैदल चलने फिरने व गाड़ी मोटरसाइकिल चलने से पेबर ब्लॉक हिलने डुलने लगेगा।यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे व कामता पंचायत समिति सदस्य सह वरिष्ठ माकपा नेता अयुब खान ने लगाया है। गौरतलब हो कि पहले संवेदक द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने के लिए एरिया बढ़ाने के उद्देश्य से बिना किसी आदेश या टेंडर से पुराने अस्पताल भवन को जेसीबी लगाकर गिरा दिया गया है।भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि की लूट मची हुई है। लातेहार जिले में डीएमएफटी की राशि का दुरुपयोग लगातार जारी है। भवन निर्माण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के परिसर में एक करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से चार निर्माण कार्य टेंडर के आधार पर कराए जा रहे हैं। इसमें एक काम पेवर ब्लॉक लगाने का है। इसकी प्राक्कलित राशि 49 लाख रुपए है। गौरतलफ हो कि विभाग के कनीय अभियंता व संवेदक की मिलीभगत

से पेवर ब्लॉक लगाने का एरिया बढ़ाने की नीयत से पुराने भवनों को जेसीबी मशीन लगवा कर तोड़वा दिया गया था। तोड़े गए भवन से लाखों रुपए के लोहे के गेट ग्रिल व पुराने फर्नीचर को रातों-रात ही गायब करवा दिया गया था।

क्या कहते है जेई

भवन निर्माण विभाग के जेई मोहम्मद नसर ने कहा कि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो भी निर्माण कार्य हो रहा है। वह सही हो रहा है। हमारे द्वारा गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वही पेबर ब्लॉक लातेहार से लाने में ट्रैक्टर ट्रॉली से टूट जा रही है।

क्या कहते है जानकार:

जानकारी बताते हे कि पेवर ब्लॉक लगाने के लिए उम्दा किस्म का बालू या क्रेसर के छरी का चूर्ण ज्यादा उपयोगी होता है । मिट्टी मिश्रित बालू लगाना कहीं से उचित नहीं है।ऐसा होने से वर्षा के दिनों में जब पानी अंदर जाएगा तो मिट्टी बैठ जाएगी व पेवर ब्लॉक धंस जाएगा। स्पॉट के उबड़ - खाबड़ होने की स्थिति में पेवर ब्लॉक टूट कर बर्बाद भी हो जायेगा। पेबर ब्लॉग के बारे में भी जानकारों ने बतलाया कि पेपर ब्लॉक की पकाई ठीक से नहीं की गई है पेवर ब्लॉक कच्चा है इसलिए इतना टूट हो रही है। लगने के बाद जमीन बराबर नहीं रहेगी तो पेवर ब्लॉक पूरी तरह टूट जाएगा।

ठेकेदार को कार्यादेश दिया, पर इस्टीमेट नहीं

जानकार बताते हैं कि यह योजना तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान के कार्यकाल में ली गई थी। सबसे दिलचस्प बात यह है कि संवेदक को पेवर ब्लॉक लगाने का जिम्मा मिला। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि ठेकेदार को कायार्देश तो दे दिया गया ,लेकिन इस्टीमेट उनके पास नहीं है। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें बाउंड्री वाल का निर्माण पुराने भवन के ऊपर दो साइड में सेड का निर्माण अस्पताल के ठीक सामने खाली जगह पर पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य चल रहा है कार्य में घोर अनियमितता हो रही है। बुधवार को सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने चंदवा पहुंचकर सभी निर्माण कार्य को देखा जिसमें डॉ कुमार ने भी निर्माण कार्य देखकर असंतोष जाहिर किया। सिविल सर्जन आने की सूचना पर समाजसेवी रवि कुमार डे ने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। रवि डे व अयूब खान ने कहा कि कनीय अभियंता की इस काम में पार्टनरशिप बताई जा रही है। इस बात की पुष्टि यहीं काम करने वाले दो संवेदकों ने भी अपना नाम न छापने की शर्त पर की है।चंदवा के इकलौते सरकारी अस्पताल में जैसी अनियमितता का काम चल रहा है जिला प्रशासन भी लगातार अखबार में छपने के बाद भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। रवि डे ने झारखंड लोकायुक्त में शिकायत भी की है। घोर अनियमितता के बाद भी लातेहार के जिला प्रशासन चैन की निद्रा में सो रही है।

न्यूज गैलरी

प्लस टू में नियुक्ति को लेकर होगी बैठक

मेदिनीनगर। प्लस टू शिक्षक प्रतिभागी संघ झारखंड के तत्वाधान में 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से राजभवन के धरना स्थल के समीप सभी जिले के अभ्यर्थियों की बैठक बुलाई गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र ,मानव शास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा(संथाली कुडुख मुंडारी हो खड़िया कुरमाली खोरठा पंचपड़गानिया नागपुरी में सरकारी प्लस 2 स्कूलों में इन महत्वपूर्ण विषयों में राज्य निर्माण के बाद शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। जबकि इन विषयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लाखों लाख में है । उपर्युक्त विषयों की गंभीरता को देखते हुए संघ के द्वारा सभी छात्रों को बैठक स्थल में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

वरीय अधिवक्ता शंभू नाथ तिवारी का निधन ,शोक सभा

मेदिनीनगर। वरीय अधिवक्ता शंभू नाथ तिवारी के निधन पर गुरुवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के इजलास में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने की । मौके पर उन्होंने कहा कि शंभू नाथ तिवारी एक नेक दिल इंसान थे। वे मुवक्किल का पक्ष मजबूती के साथ रखते थे । उनके निधन से अधिवक्ता समुदाय को अपूरणीय क्षति पहुंची है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि शंभू नाथ तिवारी मृदुभाषी, सहज, सरल स्वभाव के व्यक्ति थे । वे गरीबों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनके अंदर सहयोग की भावना कूट-कूट कर भरी थी। गरीब लाचार लोगों को कानूनी मदद करते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय तिवारी अपने पीछे पत्नी एक पुत्र व छह पुत्रियां को छोड़ गए हैं। मौके पर महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष मन्धारी दुबे ,कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ,संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडे, शशि भूषण दुबे ,राजेंद्र तिवारी, जयशंकर प्रसाद ,संतोष कुमार पांडे, शलभ कुमार, मधुलता रानी सुधा पांडे,अमित तिवारी ,लालू प्रसाद सिंह, मोहम्मद जावेद, गाजी शाहनवाज हसन, वीरेंद्र तिवारी ,सत्य प्रकाश दुबे,नरेन्द्र कुमार पांडेय,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

भाजयुमो ने हेमंत सरकार पर हल्ला बोला

मेदिनीनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा,पलामू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर हल्ला बोलते हुए मुख्यमंत्री श्री सोरेन को अकर्मण्य बताया। मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने बताया कि-राज्य की वर्तमान सरकार चुनाव में राज्य की भोली-भाली जनता को बड़े-बड़े एवं झूठे दिवास्वप्न दिखाकर सत्ता की चाबी मिलते ही सभी वादों से मुकर गई। राज्य सरकार द्वारा खानापूर्ति के नाम पर तरह-तरह की घोषणाएं कर राज्य वासियों को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। हेमंत सरकार में राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। अपराधियों, उग्रवादियों, सड़क लुटेरों एवं असामाजिक तत्वों का ही इस सरकार में बोलबाला है। आए दिन हम सब ऐसी घटनाओं से जरूर रूबरू होते ही रहते हैं। राज्य भर में कई दिनों से राजस्व और प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी आंदोलन पर हैं पर उनकी सुध लेने की फुर्सत सरकार को नहीं है। उनके आंदोलन से राज्य भर में सभी तरह के प्रमाण पत्र के साथ-साथ कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। जिसका सीधा असर राज्य वासियों पर पड़ा रहा है। छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ-साथ जरूरतमंदों को स्थानीय एवं चरित्र प्रमाण पत्र से वंचित होना पड़ रहा है। हेमंत सोरेन सरकार में खनिज संपदाओं की लूट अनवरत जारी है । सरकार द्वारा एनजीटी के रोक लगाने के करीब 1 महीने बाद भी बालू जैसे अति आवश्यक चीज पर कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया गया । जिससे कई विकास के कार्य बाधित है। माफियाओं के गठजोड़ से बालू की अवैध बिक्री सरेआम हो रही है। हेमंत सरकार के द्वारा चलाया जा रहा आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम केवल आई वास है। सरकार द्वारा राज्य वासियों को बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सरकार की पोल खुल चुकी है।

अभाविप ने एनपीयू में किया विरोध प्रदर्शन

मेदिनीनगर। अभाविप द्वारा एनपीयू में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया । साथ ही अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कंट्रोलर,रजिस्टार एवं डिएसडब्लू का घेराव किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मांगो को रखते हुए कहा कि स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 की परीक्षा पुस्तिका का पुन: मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम प्रकाशित करना। आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ की इतनी गलती होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन का उसे बर्खास्त ना करना एवं उनकी मिलीभगत को दिखाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन एनसीसीएफ को क्यों बर्खास्त नहीं कर रही है, इसकी ठोस वजह बताएं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में हुई कुल खर्चों को सार्वजनिक किया जाए एवं विश्वविद्यालय में एक ही जगह पर लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों,अधिकारी की अन्य जगह प्रतिनियुक्ति की जाए। इस मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ता लगातार दो घंटे तक विश्वविद्यालय गेट के समक्ष धरना दिया। दीक्षांत समारोह में हुए भारी बंदरबांट को सार्वजनिक करना अति आवश्यक है । क्योंकि इतने बड़े बजट होने के बावजूद भी दीक्षांत समारोह में इतनी अव्यवस्था दुर्भाग्यपूर्ण है । इसकी जांच आवश्यक रूप से होनी चाहिए। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग शुरू से ही सुर्खियों में रहा है। एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक ने कहा कि महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों के लगातार गलतियों की वजह से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे,एसएफडी सह प्रमुख गोविंद मेहता,नगर सह मंत्री नीतीश दुबे,अभिषेक रवि,नगर लॉज प्रमुख प्रकाश पांडे, मुकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव सिकंदरपुर, सतीश, चंदन कुमार, अंकित रॉय, मनीष कुमार, अरुण कुमार, शुभम पांडे,अवधेश कुमार, उज्जवल तिवारी, रंजीत कुमार, संजीत कुमार ,सविता कुमारी, नीरज कुमार, प्रिया आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिप सदस्य ने सीएचसी बेड़ो का किया निरीक्षण

बेड़ो। बेड़ो पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव ने अहले सुबह बेड़ो अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुवार की अहले सुबह करीब चार बजे प्रसव कक्ष व समेत शिशु धात्री महिला वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान खुखरा पंचायत के पाण्डेपारा गांव निवासी सीरिया खोया ने अपने प्रथम बच्ची को जन्म दिया। जहां मौके पर पहुंची जिप सदस्य को बच्ची के जन्म लिए जाने की जानकारी मिली तो वे तत्काल धात्री महिला से मिलीं। साथ ही नवजात बच्ची को शुभकामनाएं दिया। साथ ही प्रथम प्रसूता को कई अहम जानकारी देते हुए स्तनपान के महत्व को बताया। साथ ही बच्ची को धात्री माता से स्तनपान करवाया। वहीं मौके पर मौजूद एएनएम अर्चना बेक व सहिया अंजू देवी समेत प्रसूता के परिजन मौजूद थे।

सम्पादक की कलम से...

सोलर के क्षेत्र में क्रांति

जहां एक ओर झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन इन दिनों ईडी की गिरफ्त में हैं। वहीं उनके हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि बुधवार को वह ईडी कार्यालय नहीं जा कर यह जता दिये हैं कि उनके साथ राज्य की जनता का आशीर्वाद है। हालांकि कानूनी चक्कर में इन्हें आने वाले दिनों में कई मुश्किलों का सामना करना ही पड़ेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल सब ठीक ठाक रहा तो वह गुरूवार अर्थात आज पलामू की धरती को नमन करने अवश्य आयेंगे। एक बात गौरतलब है कि हाल के दिनों में जिस प्रकार राज्य सरकार द्वारा विकास की गाथा लिखी जा रही है,वह यह बताने के लिए काफी हैं कि झारखंड विकास के मामले में नई उड़ान भर रहा है। राज्य में सोलर एनर्जी को जिस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है,वह यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में यह एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। पहले चरण में राज्य के चार जिलों में सोलर पार्क बनाया जाना तय है। इसकी प्रक्रिया भी जारी है। ज्रेडा इसके लिये सेकी के साथ मिलकर काम कर रही है। इन चार जिलों में रांची, पलामू, देवघर और गढ़वा में सोलर पार्क के लिये जमीन चिह्नित कर ली गयी है। जहां ये पार्क निर्माण की प्रक्रिया पर काम जारी है। इन जिलों में सौ एकड़ जमीन लगभग चिन्हित की गयी है। ज्रेडा की मानें तो राज्य भर में 320 मेगावाट का सोलर पावर पार्क बनाने की योजना है। फिलहाल चार जिलों में जमीन चिन्हित है। अन्य पर काम जारी है। नयी सोलर पॉलिसी के तहत राज्य में काम जारी है। फिलहाल चिह्नित जमीन पर चयनित एजेंसी काम कर रही है। राज्य सरकार की योजना की मानें तो सोलर पार्क ऐसी जमीन पर बनाया जाना है जो कृषि योग्य न हो। नयी सोलर पॉलिसी के तहत इस पर काम किया जा रहा है। पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य सौर उर्जा को बढ़ावा देना है. इसके साथ ही जमीन समेत अन्य संसाधनों को जुटाने के लिये पॉलिसी बनायी गयी है। एक मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए पांच एकड़ भूमि की जरूरत है। फिलहाल पॉलिसी के तहत राज्य सरकार सौर उर्जा उत्पादन के लिए सरकार किसानों को भी प्रेरित करने की योजना बना रही है। जिसके लिये केंद्र सरकार सब्सिडी भी मुहैया कराती है। सरकार ने हर जिले में बिजली मांग के अनुसार सौर उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बोकारो में कुल मांग 141 मेगावाट है। यहां 60 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन किया जा सकता है। चतरा में 10 मेगावाट, देवघर में 45 मेगावाट, धनबाद में 100 मेगावाट, दुमका में 25 मेगावाट, पूर्वी सिंहभूम में 70 मेगावाट, गढ़वा में 30 मेगावाट, सरायकेला में 40 मेगावाट, सिमडेगा में 10 मेगावाट का उत्पादन हो सकता है। ज्रेडा की मानें तो राज्य सरकार ने आंकलन के अनुसार उत्पादन दर तय किया है। जानकारी हो कि राज्य सरकार की ओर से साल 2026 तक लगभग चार हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों से राज्य में इस पर काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं नहरों और डैमों में सोलर पैनल लगाने की कवायद भी पिछले कुछ समय से की जा रही है। इसके लिये ज्रेडा की टीम अलग अलग इलाकों में काम कर रही है। ऐसे नहरों और डैमों को भी चिह्नित किया जा रहा है जहां कैनल टॉप लगाया जा सकता है। इसके लिये जल संसाधन विभाग और कृषि विभाग के साथ मिलकर ज्रेडा काम कर रही है। सचमुच अगर यह कार्य हो जाता है तो सोलर के क्षेत्र में यह राज्य बिजली पर निर्भर नहीं रहेगा। साथ ही सभी क्षेत्रों में राज्य का विकास होगा। ऐसे में यह सारा श्रेय सीएम हेमंत सोरेन को जाता है।

आज का इतिहास

2014 : प्रसिद्ध पैरालम्पिक धावक आस्कर पिस्टोरियोस को अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिये पांच साल की कैद की सजा।

1568 : अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।

1740 : मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।

1774 : कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी।

1880 : एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

1999 : सुकर्णो पूत्री मेघावती इंडोनेशिया की उप-राष्ट्रपति चुनी गयीं।

2005 : सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को 'वूमेन ऑफ द इयर' चुना गया।

2012 : सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता।

2012 : बॉलीवुड के रोमांस किंग कहे जाने वाले यश चोपड़ा का निधन हुआ।

2013 : कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।

1577 : गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।

1855 : गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म।

1904 : चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।

1905 : रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरूआत हुई।

1920 : पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म।

1930 : भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म।

1946 : वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।

1947 : अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।

1962 : भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।

हेलिकॉप्टर हादसों पर उठते सवाल

> ‘भारतीय सेना के पास वर्तमान में करीब 190 चीता और 134 चेतक हेलिकाप्टर हैं, जिनमें सत्तर फीसद से अधिक तीस साल से ज्यादा पुराने हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्य हवाई बेड़े में शामिल चेतक हेलिकाप्टर ने तो देश की सेवा में करीब छह दशक पूरे कर लिए हैं। वायुसेना की ओर से कहा जा चुका है कि इन हेलिकाप्टरों में से अधिकांश का तकनीकी जीवन 2023 से खत्म होना शुरू हो जायेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक चीता हेलीकाप्टर भी अपनी तयशुदा उम्र से ज्यादा सेवा दे रहे हैं, जिनका निर्माण 1990 में ही रोक दिया गया था। इन्हें उन्नत करने से कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि इनका तकनीकी जीवन भी खत्म हो चुका है।’

इन हेलिकॉप्टरों की तकनीक में ऐसी कोई बड़ी खामी है, जिससे खराब मौसम का पूवार्नुमान लगाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है या कारण कुछ और हैं? विशेषज्ञों के मुताबिक सैन्य हेलिकाप्टरों में अन्य सुरक्षा मानकों के साथ-साथ बाधा आज्ञाकारिता प्रणाली भी होनी चाहिए, जिसका मौजूदा कई हेलिकाप्टरों में अभाव है। उत्तराखंड के गरुड़चट्टी हेलिकाप्टर हादसे के बाद दिवाली से ठीक पहले अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में भारतीय सेना का हेलिकाप्टर 'रुद्र' दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो पायलट तथा तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से सोलह दिन पहले भी अरुणाचल प्रदेश के ही तवांग इलाके के पास सेना का चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई। एक ही महीने में दो ऐसे हादसे हेलिकाप्टरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा करते हैं। बीते वर्ष चेन्नई के पास हुए वायुसेना के एमआइ-17 हेलिकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित चौदह लोगों की मौत हो गई थी। उस भयानक हादसे के बाद लोकसभा में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में रक्षा राज्यमंत्री ने 2017 से 2021 के बीच हुए हादसों की जानकारी देते हुए बताया था कि इन वर्षों में कुल सत्रह सैन्य हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए, जिनमें छत्तीस सैन्य कर्मियों की जान चली गई। हालांकि इन आंकड़ों के बाद भी कई सैन्यकर्मियों की ऐसे हादसों में मौत हुई है। पिछले साल ऐसे पांच हादसे घटित हुए, जिनमें उन्नीस सैन्यकर्मी मौत की नींद सो गए और कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सेना में हेलिकाप्टरों की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण होती है, जो सैन्य कार्रवाईयों के अलावा सामान आदि पहुंचाने और सैनिकों के आने-जाने के लिए इस्तेमाल में लाये जाते हैं। आमतौर पर सैन्य हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल आतंकी हमलों से निपटने, बाढ़ पीड़ित इलाकों, भूस्खलन वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बचाव कार्यों में किया जाता रहा है। इसके अलावा सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात जवानों तक भोजन तथा अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने के लिए भी इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में हेलिकाप्टरों का लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना चिंता का विषय है। सवाल है कि सैन्य हेलिकाप्टर बीते कुछ वर्षों में लगातार दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो रहे हैं? इन हादसों के पीछे तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं या मौसम की खराबी? निस्संदेह कई बार मौसम की खराबी के कारण भी ऐसे हादसे हो जाते हैं, लेकिन इसका एक बड़ा कारण तकनीकी खराबी तथा सुरक्षा मानकों का अभाव भी है। भारतीय सेना के पास वर्तमान में करीब 190 चीता और 134 चेतक हेलिकाप्टर हैं, जिनमें सत्तर फीसद से अधिक तीस साल से ज्यादा पुराने हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्य हवाई बेड़े में शामिल चेतक हेलिकाप्टर ने तो देश की सेवा में करीब छह दशक पूरे कर लिए हैं। वायुसेना की ओर से कहा जा चुका है कि इन हेलिकाप्टरों में से अधिकांश का तकनीकी जीवन 2023 से खत्म होना शुरू हो जायेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक चीता हेलीकाप्टर भी अपनी तयशुदा उम्र से ज्यादा सेवा दे रहे हैं, जिनका निर्माण 1990 में ही रोक दिया गया था। इन्हें उन्नत करने से कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि इनका तकनीकी जीवन भी खत्म हो चुका है। हालांकि आर्मी एविएशन द्वारा चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के पुराने बेड़े को हटाने की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन चिंता का कारण यही है कि अंतिम विदाई से पहले ही ये हेलिकाप्टर निरंतर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और इन हादसों में हमारे बेशकीमती पायलट तथा सैन्यकर्मी जान गंवा रहे हैं। बीते पांच वर्षों में पांच चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें से एक पिछले महीने के पहले हफ्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ। भारतीय सेना में नौ प्रकार के लड़ाकू हेलिकाप्टरों के अलावा कुछ अन्य हेलिकाप्टर भी हैं, जिनमें से कुछ देश में ही विकसित किये गये हैं, जबकि कुछ का निर्माण अमेरिकी और रूसी कंपनियों द्वारा किया गया है, लेकिन बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। पुराने हो चुके चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के अलावा नए एएलएच और रूसी मूल के एमआइ-17 वी-5 हेलिकाप्टर भी हादसों के शिकार हो रहे हैं। 2017 से अब तक सात एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलिकाप्टर) दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और कुछ एमआइ-17 वी-5 भी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। एएलएच श्रेणी में भारतीय सेना के चार हेलिकाप्टर रुद्र, ध्रुव, लाइट यूटिलिटी हेलिकाप्टर तथा प्रचंड आते हैं।

■ **योगेश कुमार गोयल**

अपना बोया बबूल ही काटने को मजबूर

यूरोप एक बगीचा है और दुनिया का बाकी ज्यादातर हिस्सा जंगल है। जंगल कभी बगीचे पर हमला कर सकता है। कुछ दिनों पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने युवा यूरोपीय राजनयिकों की एक बैठक में इस भावना का इजहार किया। उन्होंने अपने श्रोताओं को जंगल जाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ‘आपका कर्तव्य सिर्फ बगीचे की देखभाल करना नहीं, बल्कि बाहर के जंगल की देखभाल करना होगा।’ बोरेल के शब्दों से गलत भावना के संकेत मिल रहे थे, उन्हें माफी मांगनी पड़ी, लेकिन क्या उन्होंने जो कहा, उससे हमें आश्चर्य होना चाहिए? बोरेल ने जो कुछ भी कहा है, वह बहुत साफ है। यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर जो लोग ध्यान दे रहे हैं, वो अच्छे से समझ रहे होंगे। दरअसल, बोरेल की इच्छा यह बताने की है कि पश्चिम और उसके नेताओं ने दुनिया में वास्तव में नस्लवाद व उपनिवेशवाद को कभी बढ़ावा नहीं दिया है। युद्ध के शुरूआती दिनों में प्रमुख ब्रिटिश और अमेरिकी समाचार चैनलों के संवाददाताओं ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि नीली आंखों और सुनहरे बालों वाले लोग, जो अपेक्षाकृत सभ्य माने जाते हैं, एक ऐसे देश में मारे जा रहे हैं, जो इराक या अफगानिस्तान नहीं है। दूसरी ओर, याद कीजिये, भारत जब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के मुताबिक नहीं चल रहा था, तब एक अमेरिकी नौकरशाह सार्वजनिक रूप से परिणाम की चेतावनी देने के लिए नई दिल्ली पहुंच गया था। दरअसल, बोरेल यह सुझाव देना चाहते हैं कि यूरोप नैतिक रूप से दुनिया के बाकी हिस्सों से बेहतर है, इसलिए सभी को उसके नेतृत्व को मानना चाहिए। यूरोप राजनीतिक स्वतंत्रता, आर्थिक समृद्धि व सामाजिक सामंजस्य का सर्वोत्तम संयोजन है। हालांकि, यह भी माना जाता है कि होमो सेपियन्स के यूरोपीय ताज की महिमा इतिहास में बेजोड़ है, जो सदियों तक लूट-पाट और नरसंहार के जरिये हासिल की गई है। सितंबर में ही यूरोपीय संघ ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए तंजानिया-युगांडा तेल पाइपलाइन परियोजना को समाप्त करने की अपील की है। दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से पीछे हटने को कहा। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने यूरोपीय संघ को असहिष्णु, उथला, अहंकारी तक कहा। ऊर्जा संकट झेल रहे यूरोप को कुछ सप्ताह पहले ही बड़ा झटका लगा है, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने तेल उत्पादन में कटौती कर दी है। सवाल है, यूरोपीय बगीचे का असली मालिक कौन है? अपने भाषण में बोरेल ने कहा कि यूरोपीय संघ अब अमेरिका का आंख बंद करके अनुसरण नहीं कर रहा है। हालांकि, जब से युद्ध शुरू हुआ है, ऐसा लगता है कि यूरोप वाशिंगटन से ही सारे संकेत ले रहा है, साथ ही अमेरिका की तुलना में युद्ध की ज्यादा कीमत चुका रहा है। यूरोपीय संघ के देश अमेरिका व चीन से उच्च दरों पर गैस खरीद रहे हैं, जो उन्हें रूसी गैस का ही अच्छे लाभ पर पुनर्विक्रय कर रहे हैं।

■ **संदीपन देब**

आड़े वक्त में पुतिन मांग रहे हैं भारत का साथ

पिछले दिनों मॉस्को में रूस की सबसे बड़ी पॉलिटिकल कॉन्फ्रेंस वल्दाई फोरम में व्लादिमीर पुतिन ने काफी समय बाद अलग-अलग मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने रूस की मौजूदा हालत से दुनिया को वाकिफ कराया और संकेत दिया कि आने वाले दिनों में रूस की विदेश नीति और रक्षा नीति किस तरफ जायेगी। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया इस समय सबसे खतरनाक दौर से गुजर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देश रूस को न्यूक्लियर ब्लैकमेल कर रहे हैं और वे सब चाहते हैं कि रूस के साझेदार देश उससे दूर हो जाएं। **डर्टी बम की पॉलिटिक्स :** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग अब अपने नौवें महीने में पहुंच चुकी है। अगर युद्धक्षेत्र पर गौर करें तो वहां रूस की स्थिति कमजोर दिख रही है। यूक्रेन का जवाबी हमला काफी आगे चल रहा है। रूस ने यूक्रेन के जो महत्वपूर्ण क्षेत्र कब्जा लिए थे। वहां पर अब यूक्रेन की पकड़ मजबूत होती जा रही है। इन्हीं बातों की प्रतिक्रिया हमें रूस में देखने को मिल रही है। इन्हीं वजहों से उसने पिछले कुछ हफ्तों से परमाणु हथियारों की बात बहुत ज्यादा उठानी शुरू कर दी है। रूस यह भी इल्जाम लगा रहा है कि यूक्रेन उसके खिलाफ डर्टी बम का प्रयोग कर सकता है। डर्टी बम में जो भी बारूद होता है, उसमें रेडियो एक्टिव पदार्थ लगाकर उसे ब्लास्ट करते हैं। एक तरह से यह मिनी न्यूक्लियर बम हो जाता है। इस पर यूक्रेन ने कहा कि रूस इस तरह की बातें इसलिए कर रहा है क्योंकि वह खुद ऐसी हरकत करके उसका इल्जाम हमारे ऊपर थोपना चाहता है। यूक्रेन की इस बात की पुष्टि नैटो ने भी की और कहा कि इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए। साफ है कि रूस और पुतिन थोड़े दबाव में हैं। इसी दबाव को कम करने के लिए उन्होंने परमाणु हथियारों का सहारा लेने की कोशिश की है। पिछले दिनों रूस में एक न्यूक्लियर एक्सरसाइज भी हुई। इसमें उन्होंने देखा कि अगर रूस पर परमाणु हमला होता है तो वह उससे कैसे निपटेगा। **प्रेशर में पुतिन :** पुतिन ने सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया कि रूस ने यूक्रेन में जो किया, वह पूरी तरह सही है और उससे रूस की संप्रभुता को बल मिला है। कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि वह अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रहे हैं। यह जरूर है कि वह थोड़ा प्रेशर में नजर आ रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन में चले स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में हुए नुकसान का जिक्र तो किया, पर इसे फायदों से जोड़ा और यह नहीं कहा कि युद्ध की कीमत बढ़ती जा रही है तो इस पर वह पुनर्विचार करेंगे। लेकिन जिस तरह से काफी युवा रूसी देश छोडकर चले गये और जंग के मैदान में रूस कमजोर नजर आ रहा है, उसे देखते हुए वह सब कुछ खराब करने की कोशिश में परमाणु हथियारों की बात कर रहा है। **मेक इन इंडिया :** इसमें गौर करने वाली बात यह रही कि भारत का जिक्र करते हुए पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को एक बड़ा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने बड़ी तरक्की की है। खासतौर पर उन्होंने मेक इन इंडिया का जिक्र किया कि यह बड़ा महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी ग्रोथ रेट पर गर्व होना चाहिए और भारत-रूस संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए। यह भी कहा कि किस तरह से भारत ने रूस से फर्टिलाइजर सप्लाई 7.6 गुने तक बढ़वाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने देश के हित में इंडिपेंडेंट फॉरेन पॉलिसी आगे बढ़ा रहे हैं। यह एक बड़ा महत्वपूर्ण संदेश था यह बताने का कि भारत व रूस एक साथ खड़े हैं। भारत की फॉरेन पॉलिसी को लेकर भी उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि पश्चिमी देश जो चाहते हैं, भारत वह नहीं करेगा। पिछली बार जब एससीओ समिट में पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात हुई थी, तब पीएम मोदी ने कहा था कि यह समय युद्ध का समय नहीं है। यह बयान काफी चर्चा में रहा और पश्चिमी देशों ने भी इस बारे में भारत की तारीफ की। तो कहीं न कहीं पुतिन को लग रहा है कि वह अपने करीबी मित्र देश, जिसमें भारत काफी खास है, उसका समर्थन खोना नहीं चाहते। इसीलिए उन्होंने भारत की बात की और दुनिया को विश्वास दिलाया कि रूस व भारत साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन सचाई यह है कि भारत की प्राथमिकताएं काफी अलग हैं। आइए समझते हैं कि भारत इसे कैसे देखता है। कुछ दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ किया कि परमाणु युद्ध की बात नहीं करनी चाहिए। ऐसी बातें सब कुछ खराब कर देती हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी यूएन में कहा कि भारत इस बात का पक्षधर है कि जल्द से जल्द शांति की बहाली हो और किसी तरह बातचीत से हल निकालने का कोई पॉलिटिकल मैकेनिज्म बने। युद्ध से कोई भी अपने लक्ष्य नहीं हासिल कर सकता। नवंबर में विदेश मंत्री मॉस्को जाने वाले भी हैं।

■ **हर्ष वी. पंत**

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- उस ब्राह्मणीका वचन सुनकर योंने जंघासे उत्पन्न बालकरूप मुनिश्रेष्ठको प्रणाम किया और वे विनयसे युक्त होकर उसकी स्तुति करने लगे ॥ 38 ॥

तत्पश्चात प्रसन्न होकर उस बालकने उन नेत्रहीन क्षत्रियोंसे कहा- हे राजाओ अब तुमलोग मेरी कही हुई बातपर विश्वास करके अपने घर लौट जाओ ॥ 39 ॥

दैवने जो विधान सुनिश्चित कर दिये हैं, वे अवश्य होकर रहते हैं; ज्ञानी व्यक्तिको इस विषय में चिन्ता नहीं करनी चाहिये ॥ 40 ॥

सभी ऋषिगण पूर्वकी भाँति सुख प्राप्त करें तथा सभी क्षत्रिय भी अब क्रोधरहित होकर सुखपूर्वक अपने-अपने घरोंके लिये प्रस्थान करें ॥ 41 ॥

इस प्रकार उसके कहनेपर उन हैहयवंशी क्षत्रियको दृष्टि प्राप्त हो गयी और वे और्व (ऊरुसे उत्पन्न) उस बालकसे आज्ञा लेकर आनन्दपूर्वक अपने-अपने घर चले गये ॥ 42 ॥

हे राजन वह ब्राह्मणी भी उस तेजस्वी तथा अलौकिक बालकको लेकर अपने आश्रम चली गयी और बड़ी सावधानीपूर्वक उसका पालन पोषण करने लगी ॥ 43 ॥

हे राजन! इस प्रकार भृगुवंशके विनाश तथा लोभके वशीभूत हैहय क्षत्रियोंने जो पापकर्म किया था; उसके विषयमें मैंने आपसे कहा ॥ 44 ॥

जनमेजय बोले- हे मुने। मैंने क्षत्रियोंकि अत्यन्त दारुण कर्मके विषयमें सुन लिया। इहलोक तथा परलोकमें दुःख देनेवाला वह लोभ ही इसमें मूल कारण है ॥ 45 ॥

हे सत्यवतीनन्दन। मैं संशयग्रस्त हैं: [इस विषयमें] आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ। ये क्षत्रिय राजकुमार इस जगत में हैहय नामसे क्यों प्रसिद्ध हुए ?॥ 46 ॥

यदुसे यादव हुए तथा भरतसे भारत हुए। उसी प्रकार क्या उन क्षत्रियोंके वंशमें 'हैहय' नामधारी कोई प्रतिष्ठित राजा हुआ था ?॥ 47 ॥

हे करुणानिधान! उन हैहय क्षत्रियोंकी उत्पत्ति कैसे हुई तथा किस कर्मसे उनका यह नाम पड़ा ? वह कारण सुनना चाहता हूँ ॥ 48 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! अब मैं हैहयोंकी उत्पत्तिसे सम्बन्धित अति प्राचीन, पुण्यदायिनी तथा पापनाशिनी कथाका विस्तारपूर्वक वर्णन कर रहा हूँ, आप इसे सुनिये ॥ 49 ॥

हे महाराज! किसी समय अत्यन्त सुन्दर, रूपवान तथा अपरिमित तेजवाले सूर्यपुत्र जो 'रेवन्त' नामसे विख्यात थे, अपने मनोहर अश्वर उच्चैः श्रवापर आरूढ़ होकर भगवान विष्णुके निवासस्थान वैकुण्ठलोक गये।। 50-51 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

आज की 21वीं सदी

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

■ **नरेश प्रसाद , मेदिनीनगर।**

धर्म की आंच पर किसकी गलेगी दाल

दुनिया भर के राजनेताओं की तरह भारतीय राजनेता भी अपने वक्तव्य चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर ही देते हैं। इस लिए जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापने की मांग की, तो किसी को आश्चर्य नहीं हुआ। यह अलग बात है कि उन्होंने जो तर्क इस अनुरोध के पीछे दिये हैं, वे जरूर कौतूहल पैदा करने वाले हैं। सार्वजनिक जानकारी सही है, तो केजरीवाल आईआईटी से पढ़े हुए हैं, इसलिए जब वे कहते हैं कि अर्थव्यवस्था को सुधारने का एक तरीका है कि भारतीय नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापे जाएं, तो स्वाभाविक रूप से हमें ब्रिटिश मतदाताओं पर तरस आता है, जिन्होंने बाजार की गिरावट थामने के लिए अपना प्रधानमंत्री ही बदल डाला। मेरे जैसे भोजपुरिया के मन में कसक है कि उन्हें दरिद्दर भगाने का हमारा शर्तिया इलाज नहीं याद आया अन्यथा तो वह रिजर्व बैंक को सलाह देते कि उनकी हर शाखा में दीवाली के मौके पर सूप जरूर पीटा जाय। शायद बिहार के अगले चुनाव में यह भी याद आ जाय। धर्म को ध्यान में रखकर की जाने वाली राजनीति की एक सीमा यह है कि इसमें भाषा के स्तर पर निरंतर बदलाव की जरूरत पड़ती है। कुछ दशक पहले एक फिल्म आई थी शोले। उसमें हिंसा को एक खास मुकाम दिया गया था। तब तक बनी किसी भी बम्बइया फिल्म से बहुत क्रूर थी इसकी हिंसा। सिनेमा घरों में इसने धूम मचा दी और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये थे, पर जब उसकी नकल पर और फिल्में बनीं, तो लगभग सभी पिट गईं। दर्शक अधिक की मांग कर रहे थे और निर्माता निर्देशकों की सांसें फूली जा रही थीं। कुछ ऐसा ही प्रयोग 1970 के दशक में पंजाब में हुआ। ज्ञानी जैल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को अरदास से शुरू करने का प्रयास किया और बुरी तरह से पिटे। पंथ के धार्मिक प्रतीकों का अकालियों द्वारा प्रयोग कांग्रेस के मुकाबले अधिक विश्वसनीय लगता था। एक बार इस दौड़ में शरीक होते ही जो प्रतिस्पर्धा शुरू होती है, उसमें दौड़ना सबके बस का नहीं है। मुद्रा पर लक्ष्मी गणेश के चित्रों की मांग भी प्रतिस्पर्धी और बड़ी हिंदू छवि निर्मित करने का प्रयास अधिक प्रतीत होती है। इस मामले में आम आदमी पार्टी पहले से ही बहुत सतर्क व्यवहार करती रही है। शाहीन बाग जैसे आंदोलन में भी पार्टी खुलकर किसी पक्ष में नहीं दिखी थी। दिल्ली के उत्तर पूर्व जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान पार्टी का वीतराग भी इसी रणनीति का हिस्सा था। अनेक लोगों को शिकायत है कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने की दिशा में ज्यादा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया। देश के भिन्न हिस्सों में पार्टी की कई सभाओं में जयश्री राम के नारे भी लगाये गये हैं और यह भुला दिया गया कि इसका कॉपीराइट तो किसी अन्य के पास है। शायद यह भुला दिया गया है कि कांग्रेस इसी चक्कर में अपना दामन जला चुकी है। उसने एक बार अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत अयोध्या से की थी और एक चुनाव के मौके पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने में मदद की थी, दोनों बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी। दोनों बार भाजपा ज्यादा बड़ी हिंदू साबित हुई। आज तक कांग्रेस उस धक्के से उबरी नहीं है और उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे बड़े राज्यों से तो उसका पूरा जनाधार ही इसी चक्कर में खिसक गया। न खुदा ही मिला, न विसाले सनम। राहुल या प्रियंका की चुनावी मौकों पर मंदिरों में शीश नवाती, गंगा स्नान करती या जनेऊ धारण की हुई छवि बहुत विश्वसनीय नहीं बन पाती है। इसीलिए हिंदुत्व के पाले में घुसकर भाजपा को ललकारने पर हमेशा हार की आशंका बनी रहती है। अनुभव तो यही कहता है। 1952 के पहले आम चुनावों से ही धर्म और जाति राजनैतिक दलों और मतदाताओं, दोनों के लिए चुनौती बने हुए हैं। संविधान निर्माताओं की मंशा बड़ी स्पष्ट थी कि चुनाव प्रक्रिया में इनकी दखलंदाजी कम से कम हो, पर शायद ही कोई चुनाव इनसे मुक्त रहे हों। कोई दल इस क्षेत्र में पूरी तरह से पाक साफ नहीं रहा। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में अफसोस जाहिर किया था कि 1935 के चुनावों में भी कांग्रेस ने अपने टिकट धर्म और जाति को ध्यान में रखकर बांटे थे। शुरूआती सालों में जब आजादी की लड़ाई के मूल्य राजनीति में हावी थे या राष्ट्र निर्माण की भावना बलवती रहती, चुनावी मुहावरों में धार्मिक प्रतीक कम मिलते थे, पर जैसे-जैसे आदर्शवाद कमजोर पड़ता गया धर्म और जाति के लिए जगह बढ़ती गई।

■ **विभूति नारायण राय**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

सुपौल में ब्राउन सुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सुपौल (एजेंसी)। बिहार में सुपौल जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र से दो तस्कर को गिरफ्तार कर करीब 200 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक डी. अमरकेश ने गुरुवार को यहां बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वीरपुर थाना क्षेत्र में सहरसा चैक पर वाहन तलाशी अभियान चलाया गया। इस क्रम में एक संदिग्ध मोटरसाईकिल पर सवार दो लोगों को पुलिसकर्मियों ने रूकने का इशारा किया। रुकने के क्रम में मोटरसाईकिल चालक द्वारा पुलिस कर्मी को चकमा देने का प्रयास किया गया। लेकिन उपस्थितपुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। श्री अमरकेश ने बताया कि तलाशी के दौरान तस्करों के पास से 179 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद की गयी। इनकी पहचान कृष्ण कुमार यादव उर्फ कृष यादव और श्रवण मुखिया के रूप की गयी है। पूछताछ के बाद तस्करों को जेल भेज दिया गया है। दोनों तस्कर पूर्व में भी हथियार एवं शराब के तस्करी के आरोप में जेल जा चुके हैं, तथा वर्तमान में जमानत पर मुक्त थे।

शराब के नशे में धुत 40 शराबी और एक धंधेबाज गिरफ्तार

नवादा (एजेंसी)। नवादा जिले के रजौली के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को झारखंड की ओर से आने वाले सभी बड़े - छोटे वाहनों को रोककर तलाशी लिया। यात्रियों को ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच के क्रम में 40 लोग शराब पिये हुए पाये गये। राजा डीलक्स बस से 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने बताया कि प्रतिदिन की तरह उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर रामप्रीत कुमार के नेतृत्व में जांच चौकी पर तैनात सभी अधिकारी और जवान झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की सघन तलाशी कर रहे थे। इसी क्रम में शराब के नशे में धुत 40 शराबी और कोलकाता से पटना जा रही राजा डीलक्स बस से ऑफिसर चॉइस के 180 एमएल का 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ बिहार के छपरा जिले के यादवपुर गांव के कमलेश तिवारी को गिरफ्तार किया गया है।शराब धंधेबाज और शराबी मिलाकर कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया है,इन सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद विभाग के एएसआई नागेश कुमार सहित उत्पाद विभाग के दर्जनों सिपाही मौके पर उपस्थित रहे।

अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो रिक्शा, पांच घायल

अलीपुरद्वार (एजेंसी)। जिले के कालचीनी प्रखंड के हैमिल्टनगंज इलाके में गुरुवार दोपहर यात्री भरी एक ऑटो रिक्शा के पलटने से पांच लोग घायल हो गए है। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हासीमारा से कालचीनी जा रहे एक ऑटो रिक्शा हैमिल्टनगंज इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय ऑटो रिक्शा में सवार पांच यात्री सवार थे। जिसमें सभी घायल हो गए। जिसे आनन-फानन में लताबाड़ी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों में सरस्वती प्रधान और मिताली देवनाथ दोनों की हालत गंभीर रूप से घायल हुए है। जिन्हें अलीपुरद्वार जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

सारण में पुलिया के नीचे से बच्चे का शव बरामद

छपरा (एजेंसी)। बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के अवांरी और शिल्हौरी गांव के बीच पुलिया संख्या 25 के नीचे गुरुवार को पुलिस ने अज्ञात बच्चे का शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने अंवारी और शिल्हौरी गांव के बीच पुलिया संख्या 25 के नीचे एक शव को देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त वहां मौजूद ग्रामीणों से कराने का प्रयास किया लेकिन मृत की शिनाख्त नहीं हो सकी। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजने के साथ ही उसे अगले 72 घंटे तक सुरक्षित रखने की कार्रवाई शुरू करने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी शिनाख्त का प्रयास प्रारंभ कर दी है।

बिहार विस उपचुनाव: मोकामा व गोपालगंज में कुल 52.38 प्रतिशत मतदान

पटना (एजेंसी)। बिहार के मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों पर संपन्न हुए उपचुनाव में शाम छह बजे तक 52.38 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम छह बजे सम्पन्न हो गई। गोपालगंज में शाम छह बजे तक 51.48 जबकि मोकामा में 53.45 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सुबह मोकामा के मतदाताओं में गोपालगंज से ज्यादा जोश देखने को मिला। वहां वोटिंग की रफ्तार ज्यादा रही। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों सीटों पर वोटिंग हुई। मतदान शांतिपूर्ण रहा है। दोपहर बाद गोपालगंज के कई बूथों पर सन्नाटा रहा। गोपालगंज से राजद उम्मीदवार मोहन प्रसाद गुप्ता ने 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गुरुवार को उन्होंने नगर थाने में

एफआईआर दर्ज कराई। आवेदन में उन्होंने नामांकन रद्द होने की अफवाह फैलाने का लगाया आरोप लगाया है। इसमें भाजपा, एआईएमआईएम और बसपा कार्यकताओं को नामजद किया है। एफआईआर में सन्नी सिंह विकास, ई. अर्जुन सिंह, अरमान खान, विशाल सिंह, प्रेम रवि, रोशन कुमार, क्षत्रिय टाइगर यादव, गुड्डू कुमार, अनस सलाम, राजन, अभय यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। एसपी आनंद कुमार ने इन लोगों को हिरासत में लिया है। इधर, भाजपा उम्मीदवार कुसुम देवी ने 50 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज करने का दावा किया है। राजद उम्मीदवार मोहन प्रसाद गुप्ता ने भी अपनी जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारी बहुमत से राजद की जीत हो रही है।

मोकामा के बूथ नंबर 46 पर मतदान कर्मी की मौत

बिहार विधानसभा की दो सीटों गोपालगंज और मोकामा में उप चुनाव के लिए मतदान गुरुवार सुबह से जारी है। इस बीच खबर है कि मोकामा में मतदान शुरू होने से पहले ही एक चुनाव कर्मी संजय कुमार की मौत हो गई। संजय कुमार धनरुआ थाने के बडकी धमौल गांव के रहने वाले थे। वह लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत पटना के राजा बाजार बंसी नगर में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी थे। मोकामा विधानसभा क्षेत्र के मानिकपुर बूथ नंबर 46 पर इनकी ड्यूटी थी। उनका निधन हृदयाघात से होने की सूचना है।

ओडिशा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 24 नवंबर से

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 24 नवंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा। गुरुवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार इस सत्र में 33 कार्य दिवस होंगे जिनमें से छह दिन गैर विधायी कार्य होंगे। सत्र के उद्घाटन दिवस में 2022-23 के लिए व्यय के पहले अनुपूरक वक्तव्य प्रस्तुत किये जायेंगे। इस दौरान 30 नवंबर और एक दिसंबर को व्यय वक्तव्य पर अनुदान मांग पर चर्चा होगी। व्यय के पहले अनुपूरक वक्तव्य पर विनियोग विधेयक दो दिसंबर को पेश किया जाएगा।

उर्दू अनुवादक और अन्य उर्दू कर्मियों का नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह

2008 में हमने तय किया कि जितने भी स्कूल हैं उसमें उर्दू के लिए भी बहाली होनी चाहिए : नीतीश

पटना (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने उर्दू के विकास के लिए कई काम किये हैं। सरकारी स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की बहाली शुरू कराई गई। हालांकि, इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी है। वे गुरुवार को पटना में उर्दू अनुवादकों और अन्य उर्दू कर्मियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के लिए किये गये विकास के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2008 में हमने तय किया कि जितने भी स्कूल हैं उसमें उर्दू के लिए भी बहाली होनी चाहिए। माध्यमिक विद्यालय में भी उर्दू शिक्षकों की बहाली होनी चाहिए और ऐसा हमने किया। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया ताकि उर्दू की जानकारी लोगों को हो। हालांकि, हम तो जितना चाहते हैं उतना बहाली नहीं हुई है। 2005 के बाद अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना का अंजुमन इस्लामिया हॉल कितना बड़ा और सुंदर बना है। इसी तरह से पटना सिटी में शिया वक्फ बोर्ड का भी हॉल बन रहा है। सब तरह का काम हो रहा है। इसके अलावा हर जिला में वक्फ की भूमि पर 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अल्पसंख्यक आवासीय स्कूल बना रहे हैं लेकिन जमीन मिलने में देरी हो रही है। अभी चार-पांच जगह का ही क्लीयर हुआ है। अल्पसंख्यक रोजगार लोन योजना के बारे में उन्होंने कहा कि 2012-13 में अल्पसंख्यक रोजगार लोन योजना की शुरूआत हुई थी, जिसमें रोजगार के लिए 5 लाख का ऋण दिया जा रहा था। 2018 में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 10 लाख जिसमें पांच लाख अनुदान और पांच लाख रुपये कर्ज दे रहे। इससे लोगों को रोजगार में काफी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री विशेष राज्य के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार एक गरीब राज्य हैं। केन्द्र सरकार से जो मदद बिहार को मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिली। यदि मदद मिली होती तो बिहार बहुत आगे होता। इसके बाद भी हम लोग अपने स्तर से कोशिश कर रहे हैं। हम लोगों ने तो विशेष राज्य के दर्जा की मांग की थी लेकिन मिला नहीं। उन्होंने सभी पिछड़े राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा मिलने की बात कही। मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित राज्य के मुख्य सचिव से कहा कि अब आपको काम देखना है। आप बहाली कराइए। हम सब अधिकारियों को कहते रहते हैं कि बहाली करवाईये। ये लोग शुरू में पूरा बहाली ही नहीं करा पाये और ज्यादा बहाली होनी चाहिए थी। कार्यक्रम में मौजूद उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नवनियुक्त उर्दू अनुवादकों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लाखों भाइयों के चेहरे पर मुस्कान लाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोगों का प्रयास है कि जितने भी विभाग हैं, उनमें जो रिक्त पद हैं उनको जल्द से जल्द भरा जाये। कार्यक्रम में तेजस्वी यादव समेत अन्य मंत्री उपस्थित थे।

गोला उपचुनाव : शाम पांच बजे तक 55.68 फीसदी हुआ मतदान

ईवीएम में उम्मीदवारों की किस्मत कैद

लखनऊ (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी के विधानसभा क्षेत्र गोला गोकर्णनाथ में गुरुवार को मतदान हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। इस सीट पर भाजपा और सपा उम्मीदवारों के अलावा पांच अन्य उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। हालांकि सपा और भाजपा के उम्मीदवारों के बीच ही टक्कर है। शांतिपूर्ण तरीके से शाम पांच बजे तक उपचुनाव में 55.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के तहत आज मतदान कराया गया। मतदान के लिए शाम छह बजे तक का समय तय किया गया था। इस बीच यहां पर शाम पांच बजे तक 55.68 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकारी का इस्तेमाल किया। यहां मुख्य मुकाबला बीजेपी के अमन गिरि और समाजवादी पार्टी विनय तिवारी के बीच है, क्योंकि बसपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इसके अलावा पांच अन्य उम्मीदवार चुनाव में उतरे हैं। इस प्रकार कुल सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। देखना यह होगा कि अब छह नवम्बर हो मतगणना में बीजेपी प्रत्याशी अमन गिरि और सपा के विनय तिवारी में से किसकी किस्मत चमकेगी।

विशेष अभियान में आठ शराब तस्कर समेत 81 गिरफ्तार

बक्सर (एजेंसी)। बिहार के बक्सर जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान में आठ शराब तस्कर समेत 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग के सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि बक्सर और भोजपुर की टीम ने उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में बीते बुधवार को संध्या से रात्रि तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आठ शराब तस्कर समेत 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने बताया नगर परिषद चुनाव को लेकर पूरे जिले में शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिले के जहाज घाट, वीर कुंवर सिंह, नई बाजार, ठठेरी बाजार, मठिया मोड़, मठिया मोहल्ला, मुफस्सिल थाना के कृतपुरा, शांतिनगर, देवल जासो, ज्योति चौक, रेलवे स्टेशन, डुमरांव स्टेशन, केसठ, साई के डेरा, नया भोजपुर, सिमरी, दुरासन, ब्रह्मपुर, कुकुड़ा क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसकी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजी जाएगी। वहीं, पुलिस ने सभी 73 शराबियों का मेडिकल कराने के बाद सभी को कोर्ट में पेशी की गई, जहां सभी को कोर्ट ने जुमार्ने की राशि वसूलने के बाद छोड़ दिया. साथ ही सभी शराब तस्करों से पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। श्री प्रसाद ने बताया कि इसी तरह लगातार जिले में अभियान चलाया जाएगा और शराब तस्कर के साथ साथ शराबियो पर भी कार्रवाई की जाएगी। शराबबंदी के बावजूद खासकर उत्तरप्रदेश से सटे सीमावर्ती इलाकों से शराब की तस्करी हो रही है। डेढ़ महीने में अभियान चलाकर 700 से अधिक शराबियो को गिरफ्तार किया गया है।

जंगली सुअर के हमले में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

बगहा (एजेंसी)। वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के दरूआबारी शिवलाहा गांव निवासी दशरथ मांझी की पत्नी समिता देवी उम्र लगभग 32 वर्ष और पुत्र दीपक माझी उम्र लगभग 5 वर्ष ने अपने खेत में लहसुन गुरूवार की दोपहर में रोप रहे थे। इसी क्रम में दरूआबारी जंगल से निकलकर एक जंगली सूअर ने अचानक उन पर हमला बोल बुरी तरह जख्मी कर दिया। पीड़िता के चिल्लाने पर खेत में काम कर रहे आसपास के लोगों ने हो हल्ला कर जंगली सूअर को जंगल की ओर खदेड़ा, तब जाकर पीड़ितों की जान बची। परिजनों ने आनन-फानन में वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पीड़ितों का उपचार जारी है। इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि, ऐसी सूचना मिली है। साक्ष्य के साथ आवेदन देने पर उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

कार और ट्रक की भिड़ंत में तीन की मौत, एक घायल

मुख्यमंत्री योगी ने दुर्घटना पर जताया दुख, अधिकारियों को दिए राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश

हाथरस (एजेंसी)। जनपद में हसायन कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन कार सवारों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य कराया। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में घायलों का समुचित उपचार कराया जाने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए हैं। थाना कोतवाली हसायन इलाके के सिकन्दराराऊ रोड स्थित जाऊ नहर के पास बरेली से राजस्थान जा रही एक कार ट्रक से

टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बरेली से तीन गाड़िया राजस्थान के खाटू श्याम दर्शन को जा रहीं थी। रास्ते में एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रमेश रंजन व एसपी देवेश कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली से राजस्थान जा रही एक कार और ट्रक में भिड़ंत हुई है। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। जिनकी पहचान बरेली निवासी जय, आशीष, अभिषेक के रूप में हुई है, जबकि कार सवार मनोज घायल हो गया। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा। साथ ही मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायल को अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

उप्र में अब बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभागों का होगा सिर्फ एक महानिदेशक : योगी

लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अब बेसिक और माध्यमिक दोनों शिक्षा विभागों का सिर्फ एक महानिदेशक होगा। योगी सरकार के इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने भी गुरुवार को अपनी मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में करीब दो दर्जन प्रस्ताव पारित हुए। कैबिनेट ने निर्णय लिया कि बेसिक और माध्यमिक दोनों शिक्षा विभागों में केवल एक ही महानिदेशक होंगे। पूर्व में सिर्फ बेसिक शिक्षा विभाग में ही यह व्यवस्था लागू थी, लेकिन अब बेसिक शिक्षा के महानिदेशक बेसिक एवं माध्यमिक दोनों का काम देखेंगे। कैबिनेट ने लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय के तहत लखनऊ में छह ग्रामीण थाने, वाराणसी में 12 थाने और कानपुर के 14 ग्रामीण थाने जोड़े गए हैं।

कैबिनेट के अन्य प्रमुख फैसले

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाजियाबाद की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी,फतेहगढ़, फरुर्खाबाद उत्तरप्रदेश की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में जेएसएस विश्वविद्यालय, नोएडा की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में
- जनपद सिद्धार्थनगर में सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना से संबंधित नहर निर्माण हेतु सिंचाई विभाग की भूमि उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।
- कनहर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहर प्रणालियों के लिए आवश्यक 127.1637 हेक्टेयर वन भूमि के बदले 160.7608 हेक्टेयर गैर वन भूमि के हस्तांतरण के संबंध में।
- जनपद वाराणसी में प्रस्तावित एकीकृत मंडल स्तरीय कार्यालय निर्माण संबंधी परियोजना हेतु मंडलायुक्त कार्यालय परिसर, वाराणसी (राजस्व विभाग) की भूमि को आवास एवं शहर नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निवर्तन पर निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के संबंधी राजस्व विभाग के शासनादेश में संशोधन के संबंध में।
- पुलिस आयुक्त प्रणाली के पुर्नगठन के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति -2021 में संशोधन किए जाने के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति- 2017 के अंतर्गत वाणिज्यिक परिचालन आरंभ करते हेतु अवधि निर्धारण की व्यवस्था को अंगीकृत किया जाना और निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहनों की स्वीकृति/अनुमोदन के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2020 में संशोधन किए जाने के संबंध में।
- उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022

नीतीश से अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के अध्यक्ष ने की मुलाकात

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह चंदापुरी ने मुलाकात की। श्री चंदापुरी ने गुरुवार को यहां बयान जारी कर बताया कि उन्होंने कल देर रात्रि मुख्यमंत्री श्री कुमार से उनके एक, अणे मार्ग स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ का हाल जाना और एक तैल चित्र भेंट की। करीब 45 मिनट के वातार्लाप में पिछड़े-अतिपिछड़े वर्गों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उन्नयन संबंधी उनकी आकांक्षा और उनके जनजीवन के स्तर को कम से कम समय में ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री काफी उत्साहवर्धक और चिंतित दिखे। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने आगामी 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने वाली

राष्ट्रीय अधिवेशन के मुद्दे में नीतीश स्टैंड की तर्ज पर देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जातिगत जनगणना करवाने के मुद्दे को प्राथमिकता के तौर पर लाने की जानकारी दी तो मुख्यमंत्री ने हर्ष के साथ इसकी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने राष्ट्रीय अधिवेशन में शरीक होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया, जिस पर उन्होंने बिहार ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को भेजने की अनुमति प्रदान की।

कोहली, मिलर प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

दुबई (एजेंसी)। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली, एशिया कप विजेता जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को गुरुवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। ये नामांकन अक्टूबर महीने के लिये किये गये हैं। कोहली को पहली बार नामांकन मिला है जिन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेली। वहीं, रोड्रिग्स और शर्मा को महिला एशिया कप में भारत की खिताबी जीत में शानदार प्रदर्शन के लिये नामांकित किया गया। रोड्रिग्स ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाये जबकि शर्मा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही जिन्होंने सर्वाधिक विकेट लिये। भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को गुरुवार को पहली बार आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। कोहली के अलावा दक्षिण अफ्रीका के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेविड मिलर और जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा को भी इस सम्मान के लिए नामित किया गया है। कोहली को पहली बार आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्डस में नामांकित किया गया है और अक्टूबर के कैलेंडर महीने में 205 रन दर्ज करते हुए, उन्होंने अपने बेहतरीन फॉर्म की झलक दिखाई। वह सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 62 रन बनाने में सहज दिखे, लेकिन अक्टूबर की क्रिकेटिंग हाइलाइट मेलबर्न में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान

के खिलाफ चार विकेट की प्रसिद्ध जीत दर्ज की। प्रतिष्ठित प्रदर्शन में कोहली ने अंतिम गेंद पर 160 के लक्ष्य का पीछा करने के लिए 53 गेंदों में नाबाद 82 रनों के अविस्मरणीय पारी खेली, जिसे टी-20 में अब तक देखी गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक के रूप में इंगित किया गया। कोहली की तरह, मिलर को भी पहली बार इस सम्मान के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है और उन्होंने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में महीने की शुरूआत की, तीन एकदिवसीय मैचों में 117 रन बनाए और दो टी-20 मैच में 125 रन बनाए, जिसमें गुवाहाटी में 79 गेंदों में 106 रनों की नाबाद पारी भी शामिल है। इस धमाकेदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखा, जहां महीने के दौरान उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान एक चुनौतीपूर्ण पिच पर उसी विरोधी के खिलाफ सफल रन चेज में आया। उनके नाबाद 59 रन, जल्दी विकेट गंवाने के बाद उनकी टीम संकट में थी और, दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़े मैच खिलाड़ी के रूप में उनकी साख को रेखांकित करता है।

जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

इस बीच, रजा 2022 में शानदार प्रदर्शन से गुजर रहे हैं और तीन महीनों में दूसरी बार नामांकन अर्जित किया। प्रतिभाशाली ऑलराउंडर ने अगस्त में पुरस्कार का दावा किया और टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरणों के माध्यम से जिम्बाब्वे की क्वालीफाई करने में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे। रजा ने 145 रन बनाए और अपने छह टी-20 मैच से 14.66 के शानदार औसत से नौ विकेट लेते हुए, उन्होंने तीन प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार जीते, जिसमें आयरलैंड के खिलाफ 31 रन की जीत (नाबाद 82) और पाकिस्तान के खिलाफ जीत (3/25) में चौंकाने वाली गेंदबाजी शामिल है। भारत के लिए महिला एशिया कप ट्रॉफी जीतने में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और ऑफ स्पिन आलराउंडर दीप्ति शर्मा को गुरुवार को आईसीसी महिला प्लेयर आफ द मंथ पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इन दोनों के अलावा पाकिस्तान की निदा डार को भी सम्मान के लिए नामित किया गया है। जेमिमा को पहले राष्ट्रमंडल खेलों में उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत अगस्त में भी नामांकित किया गया था और एक बार फिर वह महिला एशिया कप की सफलता में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करनेवाली खिलाड़ी थीं। जब उनकी टीम ने फाइनल में श्रीलंका पर जीत का जश्न मनाया, तो जेमिमा टूर्नामेंट के लिए अग्रणी रन-स्कोरर थीं, जिन्होंने अपने आठ मैचों में 54.25 के औसत से 217 रन बनाए। टूर्नामेंट के इतिहास में सातवीं बार भारत के खिताब जीतने के लिए मंच तैयार किया। उनके शीर्ष प्रदर्शनों में 76 रन थे, जो उन्होंने शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ बनाए थे। भारत की एक और स्टार खिलाड़ी दीप्ति ने महिला एशिया कप के दौरान एक शानदार महीने का आनंद लिया।

पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को हराया

सिडनी (एजेंसी)। पाकिस्तान ने शादाब खान (52 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और इफ्तिखार अहमद (51) के विस्फोटक अर्धशतक से गुरुवार को टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर-12 मैच में साउथ अफ्रीका को 33 रन से मात दी। पाकिस्तान ने ग्रुप-2 के मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 20 ओवर में 186 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बारिश के कारण घटाकर 14 ओवर में 142 रन कर दिया गया। साउथ अफ्रीका इसके जवाब में नौ विकेट के नुकसान पर 108 रन ही बना सकी। इसी के साथ पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदें जिंदा रखीं। पाकिस्तान के अब चार मैचों में चार अंक हो चुके हैं। अब पाकिस्तान चाहेगा कि साउथ अफ्रीका अपना आखिरी मैच हार जाये, जो नीदरलैंड के खिलाफ होगा। वहीं, पाकिस्तान अपने आखिरी मैच में हर हाल में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगा। इससे पहले शादाब खान की 22 गेंद में 52 रन की आक्रामक पारी की बदौलत पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। शादाब के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 35 गेंद में 51 रन बनाये और पारी को संभाला जब सातवें ओवर में पाकिस्तानी टीम चार विकेट पर 43 रन बनाकर जूझ रही थी। शादाब ने 20 गेंद में 50 रन पूरे किये जिसमें चार छक्के और तीन चौके जड़े थे। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम मौजूदा टूर्नामेंट में फिर अच्छी शुरूआत करने में विफल रही जिसने पहले ही ओवर में मोहम्मद रिजवान का विकेट गंवा दिया जो वेन पार्नेल की गेंद पर बोल्ड हुए। चोटिल फखर जमां की जगह टीम में शामिल किये मोहम्मद हैरिस ने आते ही गेंद सीमारेखा के पार कराने की कोशिश शुरू कर दी। उन्होंने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 11 गेंद में 28 रन बनाये। लेकिन वह एनरिच नोर्किया की गेंद पर पगबाधा आउट हो गये। हैरिस ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला नहीं बदला जिससे एक समय एक विकेट पर 38 रन के स्कोर से पाकिस्तान का स्कोर दो ओवर के अंदर चार विकेट पर 43 रन हो गया। फॉर्म में चल रहे इफ्तिखार ने मोहम्मद नवाज (22 गेंद में 28 रन) के साथ मिलकर पारी संभाली जिसमें इन दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिये 52 रन की भागीदारी बनी।

हार से बावुमा निराश, कहा- बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे

पाकिस्तान ने शादाब खान (52 रन और 2 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और इफ्तिखार अहमद (51) के विस्फोटक अर्धशतक से गुरुवार को टी-20 विश्व कप के वर्षा बाधित सुपर-12 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 33 रन से मात दी। मैच के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा काफी निराश दिखाई दिये और उन्होंने कहा कि बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे। बावुमा ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि जिस तरह से हमने अपना गेंदबाजी सत्र समाप्त किया उससे काफी निराशा हुई। उनके पांच विकेट जल्दी से गिरा देना और उन्हें एक शानदार स्कोर तक पहुंचने देना। बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे। हम जानते थे कि मौसम थोड़ी समस्या पैदा करनेवाला है। मैं कोई गेंदबाज नहीं हूं लेकिन गेंदबाज इन परिस्थितियों के लिए अभ्यास करते हैं। विकेट खिसक रहा था, धीमी गेंद ग्रिप नहीं कर रही थी। हम शायद बड़े पक्ष का थोड़ा और इस्तेमाल कर सकते थे। अगला मैच निश्चित रूप से एडिलेड में नीदरलैंड के खिलाफ हमारे लिए बड़ा है।

कोहली पर फेक फिल्डिंग के आरोप पर भड़के भोगले, ट्वीटर पर दिया जवाब

एडीलेड (एजेंसी)। बुधवार को भारत ने टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश को बेहद रोमांचक मैच में डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार पांच रन से हरा दिया। हालांकि, मैच के बाद बांग्लादेशी बल्लेबाज नुरूल हसन को भारत की जीत पची नहीं और उन्होंने भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली पर 'फेक फिल्डिंग' का आरोप लगाकर विवाद खड़ा कर दिया और कहा कि अगर अंपायरों ने इसके लिए भारतीय टीम पर पांच रन का जुर्माना लगाया होता तो परिणाम हमारे पक्ष में हो सकता था। इन आरोपों पर अब भारतीय कमेंटेटर हर्षा भोगले ने नुरूल को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि अगर हम हार के बाद बहाने ढूंढते हैं तो हम कभी भी आगे नहीं बढ़ सकते। फेक फील्डिंग विवाद को तेज होते देख, अब भोगले ने कहा है कि अंपायरों पर सवाल उठाने और भारत को पांच रन के जुर्माने के आरोपों का आंकलन करना होगा और फिर तय करना होगा कि बांग्लादेशी टीम को दंडित करना है या नहीं। भोगले ने कहा कि नकली क्षेत्ररक्षण घटना पर, सच्चाई यह है कि किसी ने इसे नहीं देखा। अंपायरों ने नहीं देखा, बल्लेबाजों ने नहीं और हमने भी नहीं। कानून 41.5 नकली क्षेत्ररक्षण को दंडित करने का प्रावधान करता है, लेकिन जब इसे किसी ने नहीं देखा तो आपके आरोप झूठे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, बांग्लादेश के मेरे दोस्तों से मै कहना चाहता हूं कि कृपया नकली क्षेत्ररक्षण या गीले मैदान जैसी परिस्थितियों को हार के कारण के रूप में न देखें। अगर कोई बल्लेबाज अंत तक टिका होता तो बांग्लादेश जीत सकता था। अगर हम बहाने खोजते हैं, तो हम बढ़ते नहीं हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी मैदान के गीले होने की शिकायत कर सकता है।

टी-20 वर्ल्ड कप : आरोन फिंच ने दिया संकेत -

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से हो सकते हैं बाहर

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने गुरुवार को खुलासा किया कि उनके पास शुक्रवार को एडिलेड ओवल में पुरुष टी-20 विश्व कप में ग्रुप 1 के फाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने का 70 प्रतिशत मौका है। लेकिन साथ ही फिंच इस बात पर अड़े थे कि अगर उन्हें अपनी हैमस्ट्रिंग या उसके आसपास दर्द महसूस होता है, तो वह मैच में नहीं खेलेंगे। फिंच ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद 70/30। लेकिन मैं यह सुनिश्चित करने के लिए शायद आज दोपहर इसका परीक्षण करूंगा कि मैं खेल में आगे बढ़ने में बाधा नहीं डाल रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि यह सबसे खराब स्थिति है कि आप लोगों को वहां

से बाहर छोड़ दें। एकदिवसीय मैचों से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए संभावित रूप से अपना अंतिम टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने के संकेत के साथ फिंच ने शुक्रवार के मैच में खेलने का फैसला करने के लिए उस भावना को खारिज कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा, यह इसे थोड़ा कठिन नहीं बनाएगा। अगर मुझे लगता है कि यह 1 प्रतिशत भी प्रदर्शन से समझौता करने जैसा होगा तो मैं नहीं खेलूंगा। अगर मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में आत्मविश्वास महसूस नहीं होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। हो सकता है कि आज मैं जो पहला प्रयास कर रहा हूं, वह आखिरी प्रयास में हो सकता है। अगर मुझे कोई दर्द या ऐसा कुछ महसूस होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। फिंच और टिम डेविड दोनों ने आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सुपर 12 मैच में हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना किया था और पारी के दूसरे भाग में क्षेत्ररक्षण से बचते नजर आए थे। फिंच ने पुष्टि की कि डेविड का नजरिया उनके जैसा ही है, फिटनेस टेस्ट शुक्रवार के मैच में भाग लेने के लिए फैसला करेगा। उन्होंने कहा, वह बिल्कुल उसी नाव पर है। वह आज काम करेगा, और हम प्रशिक्षण के दौरान और अधिक जानेंगे। मुझे लगता है कि हम दोनों के खेलने की संभावना एक समान है। आप एक लड़के को नीचे गिराकर टीम के प्रदर्शन से समझौता नहीं करना चाहते हैं।

बांग्लादेश के नुरूल ने कोहली पर फर्जी फील्डिंग का लगाया आरोप

एडीलेड (एजेंसी)। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरूल हसन ने भारत के चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली पर फर्जी फील्डिंग का आरोप लगाया है, जिससे उनकी टीम को टी-20 विश्व कप के अहम मुकाबले में पांच संभावित पेनल्टी रनों से महरूम रहना पड़ा। बारिश के कारण जीत के लिए 16 ओवर में 151 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश टीम पांच रन से हार गयी थी। कप्तान शाकिब अल हसन ने हार को स्वीकार किया, लेकिन आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह को एक छक्का और एक चौका जड़कर बांग्लादेश को मैच में बनाये रखनेवाले नुरूल ने मैदानी अंपायरों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आउटफील्ड गीली होने से काफी फर्क पड़ा। एक फर्जी थ्रो भी था, जिससे हमें पांच रन मिलने चाहिये थे, लेकिन मिले नहीं। नुरूल सातवें ओवर की घटना का जिक्र कर रहे थे। वीडियो रिकॉर्डिंग में दिखाया गया कि अर्शदीप ने डीप से गेंद फेंकी और नुरूल का कहना है कि प्वाइंट पर खड़े कोहली ने उसे पकड़कर रिले थ्रो से दूसरे छोर पर फेंकने का एक्शन किया। नुरूल के इस तर्क पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों लिटन दास और नजमुल हुसैन शांतो ने उस वक्त कोहली की तरफ देखा भी नहीं था। आईसीसी की खेलने की शर्तों के नियम 41.5 के अनुसार फील्डिंग करने वाली टीम बल्लेबाज को जानबूझकर बाधा नहीं पहुंचा सकती या उसका ध्यान नहीं भटका सकती। अगर अंपायर को ऐसा लगता है कि किसी खिलाड़ी ने नियम तोड़ा है तो वह डेड बॉल घोषित करके पेनल्टी के पांच रन दे सकते हैं। चूंकि शांतो और लिटन ने कोहली की तरफ देखा भी नहीं, तो उनका ध्यान भटकने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी संभावना है कि मैच अधिकारियों की आलोचना के कारण नुरूल को सजा मिल जाये।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रोमांचक मुकाबले में हिमाचल ने पंजाब को हराया

कोलकाता (एजेंसी)। सुमित वर्मा के अर्धशतक के साथ ऋषि धवन के तीन विकेट की मदद से हिमाचल प्रदेश ने शानदार लय जारी रखते हुए गुरुवार को यहां पंजाब पर 13 रन की जीत से सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सुमित ने 25 गेंद में 51 रन की पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के जमाये जबकि आकाश वशिष्ठ ने 24 गेंद में 43 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। इससे हिमाचल प्रदेश की टीम ने सात विकेट पर 176 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में शुभमन गिल ने शीर्ष क्रम में 32 गेंद में 45 रन बनाये जबकि अनमोल प्रीत सिंह (30 रन), मंदीप सिंह (29 रन) और रमनदीप सिंह (29 रन) ने अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन यह कोशिश काफी नहीं रही। इससे पंजाब की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 163 रन ही बना सकी। इसमें हिमाचल के लिए धवन की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभायी जिन्होंने 25 रन देकर सलामी बल्लेबाज

अभिषेक वर्मा (01), पुखराज मान (10) और रमनदीप के विकेट झटके। मयंक डागर (27 रन देकर दो विकेट), कंवर अभिनय सिंह (27 रन देकर एक विकेट) और आकाश वशिष्ठ (आठ रन देकर एक विकेट) ने भी विकेट चटकाये। 2021-22 विजय हजारे ट्राफी की विजेता हिमाचल प्रदेश ने पावरप्ले में 32 रन पर दो विकेट खो दिये थे। लेकिन सुमित और आकाश 23 गेंद में 45 रन बनाकर टीम को 100 रन के स्कोर तक ले गये। सुमित 13वें ओवर में सनवीर सिंह का शिकार बने जबकि आकाश ने जिम्मेदारी से खेलते हुए पंकज जायसवाल (27 रन, 16 गेंद, दो चौके, एक छक्का) के साथ 27 गेंद में 47 रन की भागीदारी निभायी और टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को गिल ने अच्छी शुरुआत करायी जिन्होंने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया। लेकिन उनके पवेलियन लौटने के बाद पंजाब ने 10वें ओवर में 61 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे।

पंजाब एफसी की टीम घोषित, वेलौर ऑफ पंजाब किट भी की रिलीज

मोहाली (एजेंसी)। राउंडग्लास पंजाब फुटबॉल क्लब ने आई-लीग 2022-23 के लिए टीम की घोषणा कर दी है। मुख्य कोच स्टाइकोस वर्गेटिस के साथ खिलाड़ी लुका मजसेन, बिकाश युमनाम, दीपक देवरानी और किरण कुमार लिम्बु ने प्रेस वार्ता में हिस्सा लेकर टीम की रणनीतियों पर बात की। पंजाब टीम पिछले एक महीने से ग्रीक कोच के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही है और अब तक सात मैत्री मैच खेल चुकी है। कोच स्टाइकोस ने कहा कि हमारा प्री-सीजन अभी तक अच्छा गया है और टीम के साथ अलग-अलग प्रकार की रणनीतियों का प्रयोग करने में सफल रहे हैं। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। अनुभवी खिलाड़ी आई-लीग के कई सत्रों में खेल चुके हैं। मुझे विश्वास है कि युवा खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार खेलेंगे। उन्होंने कहा कि एक क्लब के रूप में हम फुटबॉल का एक आक्रामक ब्रांड खेलने की कोशिश कर रहे हैं जो बच्चों को खेल के लिए उत्साहित और प्रेरित करता है।

न्यूज गैलरी

भारत की जीत से तिलमिलाये अफरीदी ने आईसीसी पर ही लगा दिया आरोप

कराची (एजेंसी)। बुधवार को टी-20 विश्व कप मैच में भारत ने बांग्लादेश को एक बेहद रोमांचक मैच में डकवर्थ लुईस नियम अनुसार 5 रन से हरा दिया। हालांकि, मैच के बाद बांग्लादेशियों को हार पची नहीं, पहले तो मैच के दौरान उन्होंने अंपायर के फैसले पर सवाल उठाया और फिर मैच के बाद विराट कोहली पर फेक फील्डिंग का आरोप लगाकर विवाद खड़ किया। मैच के बाद अकेली बांग्लादेश ही ऐसी टीम नहीं थी जो तिलमिला रही थी, बल्कि पड़ोसी देश के एक पूर्व खिलाड़ी को भी भारत की जीत नहीं पची और विवाद को देख पड़ोसी देश से कोई टांग न अड़ाए ऐसा कैसे हो सकता है। मैच के विवाद को चिंगारी देते हुए के लिए पाक टीम के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने एक गैर जिम्मेदराना टिप्पणी करते हुए आईसीसी पर ही आरोप लगा दिया। अफरीदी ने कहा कि शाकिब अल हसन ने भी यही कहा और यह स्क्रीन पर भी दिखाया गया। आपने मैदान देखा था कि मैदान कितना गीला था, लेकिन मुझे लगता है कि आईसीसी का झुकाव भारत की ओर है, इसी लिए उन्होंने मैच दोबारा शुरू करवाया। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत सेमीफाइनल में पहुंचे वो भी किसी भी कीमत पर और अंपायर भी वही थे जिन्होंने भारत बनाम पाकिस्तान मैच में मौजूद थे। दुनिया जानती है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार मिलेगा।

पंजाब किंग्स ने ब्रैड हैडिन को बनाया सहायक कोच

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसान हैडिन टीम में फील्डिंग कोच की भूमिका भी निभायेंगे। इसके अलावा पंजाब किंग्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर चार्ल लैंगवेल्ट को बतौर गेंदबाजी कोच फ्रेंचाइजी में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स ने हाल ही में टीम के शीर्ष पदों पर कई बड़े बदलाव किये हैं। फ्रेंचाइजी ने बीते सितम्बर अनिल कुंबले की जगह ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच नियुक्त किया, जबकि बुधवार को शिखर धवन को टीम की कप्तानी सौंपी गयी। क्रिकबज के अनुसार कप्तानी और कोचिंग स्टाफ में हुए बदलावों में बेलिस की भूमिका रही है। क्रिकबज ने फ्रेंचाइजी के सह मालिक नेस वाडिया के हवाले से कहा कि बोर्ड और मुख्य कोच ने महसूस किया है कि यह दिशा और नेतृत्व में बदलाव का समय है। यह महसूस किया गया कि शिखर राष्ट्रीय कप्तान होने के नाते आने वाले सत्र में टीम का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हैं।

सात्विक-चिराग की जोड़ी अगले दौर में, साइना बाहर

सारब्रकेन/जर्मनी (एजेंसी)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ली यांग और लू चेन को हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 19-21, 21-19 21-16 से जीता। दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी का अगला मुकाबला इंग्लैंड के रोरी ईस्ट्रॉन और जैच रस से होगा। इस बीच एच एस प्रणय ने पुरुष एकल और एम आर अर्जुन-ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर के मैचों में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को वॉकओवर दिया। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल में थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने स्पेन की क्लारा आजुरमेंडी को 20-22, 21-12, 21-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

न्यूज गैलरी

नहीं बदले पेट्रोल और डीजल के दाम

नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी कायम रहने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.21 प्रतिशत गिरकर 95.00 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.51 प्रतिशत उतरकर 88.64 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

टाटा पावर ने सेना की मदद के लिए दिल्ली छावनी में लगाए ईवी चार्जिंग पॉइंट

TATA
TATA POWER

नयी दिल्ली (एजेंसी)। टाटा पावर ने सेना के साथ सहयोग के उद्देश्य से दिल्ली छावनी इलाके में छह स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 17 फास्ट चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए हैं। देश भर में ईवी चार्जिंग पॉइंट्स की स्थापना में अग्रणी है, टाटा पावर ने बुधवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली छावनी में टॉरस स्टेशन कैंटीन में ईवी चार्जिंग पॉइंट का उद्घाटन बुधवार को जीओसी दिल्ली लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने किया। इस अवसर पर टाटा पावर और टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बयान में कहा गया है कि दिल्ली छावनी में स्थापित ये सभी 17 चार्जिंग पॉइंट चालू हैं। इनका इस्तेमाल भारतीय सेना के निजी और आधिकारिक इलेक्ट्रिक वाहनों और दिल्ली छावनी में काम करने वाले कर्मचारियों के ईवी चार्ज करने के लिए किया जाएगा। छावनी प्रशासन ने ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए जगह प्रदान की है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू की बड़ौदा तिरंगा प्लस जमा योजना

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

मुंबई (एजेंसी)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने बड़ौदा तिरंगा प्लस जमा योजना की शुरूआत की, जिसके तहत ग्राहकों को प्रतिवर्ष 7.50 प्रतिशत तक उच्च ब्याज दरों की पेशकश की गई है। बीओबी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि यह योजना 01 नवंबर 2022 से प्रभावी हो गई है। इसके तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए जमा पर ब्याज दर 0.5 प्रतिशत और गैर-प्रतिदेय जमा के लिए 0.25 प्रतिशत शामिल है। यह योजना दो करोड़ रुपये से कम के खुदरा सावधि जमा पर लागू है। बैंक ने गैर-प्रतिदेय खुदरा सावधि जमा पर प्रीमियम भी 0.15 प्रतिशत प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत कर दिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक अजय के खुराना ने कहा, बढ़ती ब्याज दर के बीच हमें उपभोक्ताओं को उच्च ब्याज दर की पेशकश करने की खुशी है ताकि वे अपनी बचत पर अधिक कमा सकें। बड़ौदा तिरंगा प्लस जमा योजना उच्च ब्याज दरों और सुनिश्चित रिटर्न की पेशकश करती है। हमारे नॉन-कॉलेबल डिपॉजिट पर बैंक ने ग्राहकों को और अधिक लाभ प्रदान करते हुए खुदरा साविध जमा पर नॉन-कॉलेबल प्रीमियम को 0.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत करने का भी फैसला किया है।

बीकानेरी भुजिया बेचकर 1600 करोड़ की कंपनी बनी 'बीकाजी'

छोटी सी भट्टी से कैसे 8 लाख दुकानों तक पहुंचा

बीकानेर (एजेंसी)। अमिताभ बच्चन का टीवी पर बीकाजी भुजिया का ये ऐड आपने भी देखा होगा....'अमित जी लवज बीकाजी भुजिया'। अमिताभ 7 दिन भुजिया खाते हैं या नहीं लेकिन बीकानेर में तैयार होने वाला यह नमकीन देश के कोने-कोने में चाय की चुस्कियों के साथ जरूर खाया जाता है। कभी छोटी सी भट्टी पर भुजिया बनाने की शुरूआत करने वाले हल्दीराम अग्रवाल ने शायद ही सोचा होगा कि एक दिन उनके हाथों से तैयार होने वाला नमकीन ब्रांड बन जाएगा। जिसका अब क्ढड आ रहा है। साल 1940 में एक छोटी सी दुकान से इस सफर की शुरूआत कैसे हुई।

बीकानेर में भुजिया बनने का इतिहास तो 150 साल पुराना है, लेकिन इसे ब्रांड बनाया हल्दीराम अग्रवाल ने। एक छोटी सी दुकान पर लगी भट्टी पर हल्दीराम अपने हाथ से भुजिया तैयार करते। फिर खोमचों भरकर दुकान के बाहर सजाते। धीरे-धीरे बीकानेर की भुजिया का स्वाद देशभर में फेमस होने लगा। हल्दीराम बाद में बिजनेस बढ़ाने के लिए कोलकाता चले गए, फिर वहीं बस गए। बीकानेर के भुजिया बाजार में एक दुकान पर खुद हल्दीराम अग्रवाल भुजिया पैकिंग करते थे। बीकानेर के भुजिया बाजार में एक दुकान पर खुद हल्दीराम अग्रवाल भुजिया पैकिंग करते थे। लेकिन 'हल्दीराम भुजियावाला' नाम से शुरू हुई दुकान पर उनके बेटे मूलचंद अग्रवाल ने कारोबार को संभाला। बाद में मूलचंद अग्रवाल के चारों बेटों ने बीकानेरी भुजिया को देश और दुनिया तक पहुंचा दिया। उनके तीन बेटे शिवकिसन अग्रवाल, मनोहर लाल अग्रवाल और मधु अग्रवाल ने हल्दीराम नाम से भुजिया का ब्रांड स्थापित किया, लेकिन चौथे बेटे शिवरतन अग्रवाल ने बीकानेर से ही अलग भुजिया कंपनी बीकाजी की स्थापना की। शिवरतन अग्रवाल ने 1986 में अपनी कंपनी को नाम दिया शिवदीप फूड्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड। अग्रवाल अपने ब्रांड का नाम ऐसा रखना चाहते थे जो बीकानेर से जुड़ा हो और देशभर में भुजिया के शौकीन भी इस ब्रांड से आसानी से जुड़ जाएं। ऐसे में बीकानेर के संस्थापक राव बीका के नाम से अपने भुजिया का नाम रखा 'बीकाजी'। आज भले ही करोड़ों रुपए की कंपनी हो गई लेकिन अपनी पुरानी दुकान को आज भी चला रहे हैं। आज भले ही करोड़ों रुपए की कंपनी हो गई लेकिन अपनी पुरानी दुकान को आज भी चला रहे हैं। अब ये बताने की जरूरत नहीं थी कि ये भुजिया असली बीकानेरी है, क्योंकि बीकानेर ने ही भुजिया का आविष्कार किया था। इसी नाम से उन्होंने बीकानेर में पहली भुजिया फैक्ट्री डाली।

रांची में टैलेंट हंट 'नेक्स्ट लेवल' का आयोजन चार नवंबर को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ट्रिनिटी गेमिंग इंडिया ने फेसबुक गेमिंग के साथ साझेदारी में 'नेक्स्ट लेवल' नामक एक टैलेंट हंट और गेमर ऑनबोर्डिंग प्रोग्राम लॉन्च किया है। रांची में टैलेंट हंट 'नेक्स्ट लेवल' का आयोजन चार नवंबर को सरला बिरला स्कूल विश्वविद्यालय में होगा। सरला बिरला विश्वविद्यालय में दिन भर चलने वाले कार्यक्रम में छात्रों को गेमिंग में कैरियर बनाने के तरीके के बारे में प्रशिक्षण और सलाह दी जाएगी। इस कार्यक्रम में ऐसी गतिविधियां शामिल हैं, जहां छात्र पेशेवर गेमर्स और प्रभावशाली लोगों के साथ मंच साझा कर सकेंगे ताकि गेमिंग और स्ट्रीमिंग का रोमांचक अनुभव हो सके। यह प्रोग्राम कॉलेज स्तर पर गेमिंग के प्रति उत्साही को भविष्य के राजस्व धाराओं और करियर की संभावना के साथ पेशेवर गेमर बनने में सक्षम करेगा। कार्यक्रम का समापन एक खुले प्रश्नोत्तर सत्र के साथ होगा, जहां छात्र अपने करियर विकल्पों और गेमिंग में अवसरों के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं। यह कार्यक्रम लोकप्रिय, सफल गेमिंग और गैर-गेमिंग इंस्टाग्राम प्रभावितों को देखेगा जो किसी भी छात्र प्रश्न को संबोधित करने के लिए उपस्थित होंगे। छात्रों को लोकप्रिय और प्रसिद्ध गेमिंग क्रिएटर्स के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा, जिन्होंने फेसबुक गेमिंग पर सफल करियर बनाया है। ट्रिनिटी गेमिंग इंडिया के सह-संस्थापक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न शहरों में अपार सफलता और प्रतिक्रिया मिलने के बाद रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का 16वां चरण 4 नवम्बर को प्रोग्राम लॉन्च होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से 'भारत' की नवोदित और उत्साही गेमिंग प्रतिभाओं को गेमिंग में अत्यधिक सफल पेशेवर करियर की ओर अपनी यात्रा शुरू करने में मदद करेंगे। नेक्स्ट लेवल कार्यक्रम 5 सितंबर को शुरू हुआ और अगले तीन महीनों में 2 दिसंबर 2022 तक 23 शहरों में चलेगा।

ट्रूकॉलर ने भारत में लोगों को परेशानी से बचाने के दमदार ब्रांड कैंपेन की शुरूआत की

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूरी दुनिया में संचार के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज एक अहम संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने नए कैंपेन की शुरूआत की है। ट्रूकॉलर और द वोम्ब ने इस कैंपेन का कॉन्सेप्ट तैयार किया है जिसमें भारत और यहां के लोगों की मूल भावना को दर्शाया गया है। दो नाम और एक पहचान वाले हमारे विशाल और जीवंत भारत में भी बहुत से छोटे भारत मौजूद हैं। हमें मालूम है कि, बड़े शहरों के लोगों की तरह देश के छोटे शहरों में रहने वाले लोगों के लिए भी स्मार्टफोन उतना ही महत्वपूर्ण है। इसी वजह से सभी लोगों को अनचाहे संचार के खतरे से बचाना बेहद जरूरी है। इन फिल्मों के जरिए हमने 'लाल रंग' के उपयोग के बारे में दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़ने की एक छोटी-सी कोशिश की है। इस संदेश को अत्यंत सहज और बेहद असरदार बनाने वाली बात यह है कि, जब धोखाधड़ी/बेवजह परेशानी से संबंधित फोन कॉल को दशार्ने के लिए लाल रंग का उपयोग किया जाता है, तो यह बड़ी आसानी से लोकप्रिय कहावत - 'बुरी नजर वाले तेरा मुँह काला' से जुड़ जाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य ऑनलाइन संचार की दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाना है। ट्रूकॉलर ने हमेशा उपयोगकर्ताओं को स्पैम, स्कैम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने में मदद करने के लिए अपनी ओर से हरसंभव कोशिश की है और इस दिशा में लगातार कदम उठाए हैं, जिनमें अलग-अलग तरह के कैंपेन की शुरूआत करना, भारत सरकार के साथ मिलकर काम करना तथा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण की मदद से युवाओं में जागरूकता पैदा करना जैसी पहल शामिल है। बात चाहे अनजान/अनचाहे फोन कॉल के जरिए लोगों को बेवजह परेशान की हो, या फिर ओटीपी और लॉटरी धोखाधड़ी जैसी परेशानियों की बात हो, ट्रूकॉलर ने लोगों को इन सभी चीजों का सामना करने में हमेशा मदद की है। इस कैंपेन की फिल्मों के बारे में बात करते हुए, श्री कारी कृष्णमूर्ति, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, ट्रूकॉलर, ने कहा, भारतीय संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं, साथ ही हमारी परंपराएं और रीति-रिवाज भी बेहद मजबूत मान्यताओं पर आधारित हैं।

ट्रूकॉलर अपने ग्राहकों के साथ सहज तरीके से जुड़ने में सक्षम बनाते हैं

हम लोगों के बीच आपस में सुरक्षित एवं उपयुक्त तरीके से बातचीत को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ विभिन्न व्यवसायों को अपने ग्राहकों के साथ सहज तरीके से जुड़ने में सक्षम बनाते हैं। धोखाधड़ी और अनचाहे संचार डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं, खासकर उभरते बाजारों के लिए एक बड़ी परेशानी की तरह हैं। हम संचार के क्षेत्र में लोगों के भरोसे को मजबूत बनाने के मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं।

अदाणी ट्रांसमिशन का दूसरी तिमाही में राजस्व 22.3 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी पोर्टफोलियो की अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में समेकित आधार पर राजस्व 22.3 प्रतिशत बढ़कर 3,032 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में 2,479 करोड़ रुपये था। एटीएल ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि आलोच्य तिमाही में उसका कुल परिचालन लाभ (एबिटडा) 5.6 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान यह 1362 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो 30 सितंबर 2021 को समाप्त हुयी तिमाही में 1,289 करोड़ रुपये था। विनिमय दर में घटत-बढ़त के कारण कंपनी का शुद्ध लाभ 32.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 194 करोड़ रुपये रहा जो पहले 289 करोड़ रुपये था। जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में कंपनी का नकद लाभ (एकमुश्त को छोड़कर) यानि किए गए प्रावधानों के साथ 8.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 748 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 692 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में कंपनी ने 352 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) का संचालन किया। ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता 99.76 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस दौरान लकाडिया बनासकांठा (एलबीटीएल) परियोजना पूरी तरह से चालू हो गयी। कंपनी की ट्रांसमिशन उपलब्धता 99.76 प्रतिशत दर्ज की गयी जबकि ऊर्जा की मांग सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 223.3 करोड़ यूनिट पर पहुंच गयी। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में एटीएल को समेकित आधार पर 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 6,081 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि उसका समेकित नकद लाभ (एकमुश्त को छोड़कर) 1,478 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। एटीएल के एमडी और सीईओ अनिल सरदाना कहा, 'चुनौतीपूर्ण वातावरण होने के बावजूद एटीएल का विकास पथ स्थिर बना हुआ है।

मामूली गिरावट के साथ बंद हुए शेयर बाजार, 69 अंक नीचे आया सेंसेक्स



दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 69 अंकों की गिरावट के साथ 60,836 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में 30 अंकों की गिरावट रही और यह 18,052 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं बैंक निफ्टी 151.60 अंक बढ़कर 41,298.30 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार के दोनों मुख्य सूचकांकों में गिरावट का कारण अमेरिकी फेड का कल रात आया वह बयान रहा, जिसमें उसने कहा कि भविष्य में यदि महंगाई कम नहीं होती है तो वह इसी तरह सख्ती करता रहेगा। कल यूएस फेड ने एक बार फिर ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की वृद्धि की है। वहीं जानकारों के अनुसार भारतीय बाजार में आई हल्की गिरावट इस बात का संकेत हो सकती है कि इसने अमेरिकी फेड के बयान को ज्यादा नकारात्मक रूप से नहीं लिया है।

आईपीओ खुलने से पहले ही 80 रुपये प्रीमियम पर पहुंच गया भाव

लिस्टिंग पर हो सकता है जबरदस्त मुनाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्पेशलिटी केमिकल निर्माता आर्कियन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ अगले सप्ताह बुधवार 9 नवंबर, 2022 को निवेश के लिए खुलेगा। निवेशक इस इश्यू में शुक्रवार, 11 नवंबर तक दांव लगा सकते हैं। एंकर निवेशक इस इश्यू में 7 नवंबर को बोली लगा सकेंगे। कंपनी ने अपनी शुरूआती शेयर बिक्री के लिए 386 से 407 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। बाजार जानकारों के अनुसार, आज ग्रे मार्केट में आर्कियन केमिकल के शेयर 80 के प्रीमियम की कमान संभाल रहे हैं। कंपनी के शेयर सोमवार, 21 नवंबर 2022 को स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। आर्कियन केमिकल भारत की प्रमुख मेरिन केमिकल कंपनी है और दुनिया भर में ग्राहकों को ब्रोमीन, औद्योगिक नमक और पोटाश के सल्फेट के प्रोडक्शन और निर्यात पर केंद्रित है। जारी किए जाएंगे 805 करोड़ रुपये के नए शेयर इस आईपीओ का साइज 1,462.3 करोड़ रुपये तक का है। इसमें 805 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी करना और मौजूदा प्रमोटरों और शेयरधारकों द्वारा 1,61,5,00 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। पीरामल ग्रुप और बैन कैपिटल के बीच अपर प्राइस बैंड पर आईपीओ से 1,462 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। प्रमोटर केमिकास स्पेशलिटी ओएफएस के जरिए 20 लाख शेयर बेचेगी, जबकि निवेशक पीरामल नेचुरल रिसोर्सेज और इंडिया रिसर्जेंस फंड 38.35 लाख शेयर बेचेंगे। इंडिया रिसर्जेंस फंड क्क 64.78 लाख शेयर बेचेगा।

फर्जी वेबसाइट से दुबई हॉलिडे टूर बुक करना पड़ा भारी, महिला को लगा चार लाख रुपए का चूना

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के अंधेरी की एक महिला फर्जी वेबसाइट का शिकार हो गई। दरअसल, दुबई में छुट्टियां मनाने के लिए महिला ने वेबसाइट के जरिए परिवार के 7 सदस्यों के लिए 2.8 लाख रुपये का टूर पैकेज बुक किया था जोकि फर्जी निकला है। महिला ने वीजा, टिकट, गाइड, कैब सर्विस और होटल बुकिंग के लिए करीब 4 लाख रुपये का भुगतान किया था। महिला ने इस संबंध में अंधेरी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। 24 वर्षीय महिला को धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला जब उसने संबंधित अधिकारियों से दस्तावेजों की क्रॉस-चेकिंग की। जिस व्यक्ति के साथ वह संपर्क में थी, उसने कॉल का जवाब देना बंद कर दिया जिसके बाद महिला को उसपर शक हुआ। इस संबंध में अंधेरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता को 7 से 28 अक्टूबर के बीच तब ठगा गया, जब उसने वेबपेज पर जाकर दुबई टूर पैकेज के बारे में पूरी जानकारी ले रही थी। अंधेरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि, साइबर पुलिस टीम ने जीपे लेनदेन का विवरण मांगा है जो पीड़िता ने बुकिंग करने के लिए किया है। 28 अक्टूबर को धोखेबाज ने महिला की कॉल का जवाब देना बंद कर दिया था। शिकायत में पीड़िता ने कहा कि उसने शुरूआत में 2.8 लाख रुपये और बाद में दुबई पहुंचने पर सेवाओं के लिए जो शेष राशि देनी थी उसका भुगतान किया।

पेज एक के शेष

ईडी जोनल ऑफिस...

जवानों को ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया था, ताकि कोई अवांछित व्यक्ति कार्यालय में प्रवेश न कर सके। ईडी को सूचना मिली थी कि कार्यालय के बाहर भी प्रदर्शन हो सकता है, ऐसे में सुरक्षा की मांग की गयी थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, टाइम पीटिशन पर सहमति नहीं मिलने पर ईडी दुबारा मुख्यमंत्री को समन कर सकती है। हालांकि, इसके लिये ईडी मुख्यालय के निर्देशों का इंतजार किया जायेगा। दूसरे समन पर हाजिर नहीं होने पर ईडी कोर्ट का सहारा भी ले सकती है। गौरतलब है कि बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 15 नवम्बर तक का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम, सरकार आपने द्वार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की वजह से वक्त की मांग की गयी है।

सीएम ने ईडी...

सीएम ने कहा कि हम घबरानेवाले नहीं हैं, हमें गिरफ्तार करके दिखाये। श्री सोरेन ने कहा कि अगर हमने जेल अभियान शुरू किया, तो जेल में जगह नहीं बचेगी। विरोधियों पर तीखा प्रहार करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि विपक्ष कभी राजभवन, तो कभी ईडी ऑफिस का चक्कर लगा रहा है ताकि किसी तरह इस सरकार को घेरा जा सके। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम अपना अधिकार मांगते हैं तो ये लोग सीबीआई-ईडी को भेजते हैं। उनके संबोधन के दौरान लगातार कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उनका उत्साह बढ़ते रहे। मुख्यमंत्री ने भी उत्साहित होकर अपने तरकश से बयानों के कई तीर छोड़े जो विपक्ष को चुभाने वाले थे।

सदियों से संघर्षरत...

समस्याओं का समाधान देश के आजाद होने के 75 सालों के बाद भी नहीं हो सका है। हमारी सरकार इनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ इनके आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास कर रही है। झारखंड और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के लिए विशेष समारोह का आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय सदियों से अहम भूमिका निभाता आ रहा है। यह एक ऐसा वर्ग है जो सदियों से संघर्षरत रहा है। आज हमारी और छत्तीसगढ़ की सरकार इस समुदाय को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

एक और पांच...

गयी जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या घटकर 62 पर पहुंच गयी। इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी भी अपना दमखम दिखाने जा रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब तक दर्जनों बार वहां का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिछले कुछ समय से गुजरात और हिमाचल प्रदेश का दौरा करते रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उन्होंने गुजरात में सैकड़ों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है।

क्या टारगेट पॉलिटिकल...

लहजे में कहा है कि हेमंत सोरेन जी, उम्मीद थी आप संवैधानिक अधिकारों को लेकर ऐसे धमकी भरी बात नहीं करेंगे, लेकिन आप सरकार गठन के बाद से ही उम्मीदें तोड़ रहे हैं। जवाब जनता देगी, इंतजार कीजिये। घोटाले की गिरफ़्त में फंसे होने के चलते जेल जाने के खतरे से आपकी बेचैनी और बौखलाहट समझ में आ रही है। लूटो और विरोध करनेवालों को सबक सिखाओ इस चक्कर में आपने खुद अपनी यह हालत बनायी है।

भाजपा कार्यकर्ता गीदड़ भभकी से डरनेवाले नहीं : दीपक प्रकाश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री सत्ता मद में अहंकार की भाषा बोलते हुए लोकतंत्र का गला घोटना चाहते हैं। भाजपा ने राज्य गठन की प्रसव वेदना झेली है। भाजपा राज्य के संसाधनों को लूटते और बर्बाद होते नहीं देख सकती। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदने वाले इस दर्द को क्या समझेंगे। भाजपा राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जब आपातकाल में कांग्रेस के दमन से नहीं डरे तो फिर आज क्या डरेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा सदन से सड़क तक खनिज संसाधनों की मची लूट, युवाओं के साथ हुए धोखे, महिलाओं बहन बेटियों पर हो रहे अत्याचार, किसानों के साथ हुए वादा खिलाफी, ध्वस्त विधि-व्यवस्था, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, ठप्प विकास कार्य को लेकर संघर्ष के लिए तैयार है।

युवक-युवतियां पढ़ाई...

लेकिन तबीयत ठीक नहीं हुई। उसे चक्कर आते, सिर में दर्द रहता और बुखार आ जाता। मां-बाप को लगा कि तनाव पढ़ाई का है, क्योंकि परीक्षा नजदीक थी। लेकिन जब मनोचिकित्सक को दिखाया तो पता चला कि उसे दोस्ती में दगा मिली है। उसने मनोचिकित्सक को बताया कि उसकी जिस युवक से दोस्ती थी, वह उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है। उसके साथ जो फोटो खिंचवाई, उन्हें इंटरनेट पर डालने की धमकी दे रहा है। वह इस बात को किसी को बता नहीं पा रही है। मनोचिकित्सक ने बताया कि अंदर ही अंदर घुटने से तनाव का स्तर बहुत बढ़ गया और यह समस्या आयी।

खरीफ प्याज का उत्पादन 13 प्रतिशत घटने का अनुमान

मुंबई। खेती के रकबे में गिरावट और फसल उपज में सुधार न होने के चलते खरीफ सत्र 2022-23 में प्याज का उत्पादन पूर्व वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत घटकर 95 लाख टन रहने की संभावना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2021-22 के खरीफ सत्र में प्याज का कुल उत्पादन एक करोड़ आठ लाख टन का हुआ था। हालांकि, कम उत्पादन के बाद कीमतों में आई तेजी पर रबी प्याज के स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता के कारण अंकुश लगने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि रबी 2021-22 सत्र में दो करोड़ टन का भारी मात्रा में उत्पादन हुआ, जो साल-दर-साल 17 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत हर महीने लगभग 13 लाख टन प्याज की खपत करता है। आपूर्ति का बड़ा हिस्सा चार राज्यों - महाराष्ट्र (1.33 करोड़ टन), मध्य प्रदेश (47 लाख टन), कर्नाटक (27 लाख टन) और गुजरात (25 लाख टन) से आता है। इन राज्यों की 2021-22 में कुल उत्पादन में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

हत्या के आरोपी भारतीय पर ऑस्ट्रेलिया में 5.21 करोड़ का इनाम

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने क्वीन्सलैंड में 2018 में एक समुद्र तट पर 24 साल की ऑस्ट्रेलियाई महिला की कथित हत्या कर भारत भाग जाने वाले भारतीय चिकित्सा सहायक को पकड़ने में मदद के लिए सूचना देने वाले को दस लाख डॉलर (करीब 5.21 करोड़ रुपये) का इनाम देने की घोषणा की है। क्वीन्सलैंड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टोया कॉर्डिंगली 21 अक्तूबर 2018 को केयर्न्स से 40 किलोमीटर दूर वांगेटी बीच पर अपने कुत्ते को घुमा रही थीं, तभी उनकी हत्या कर दी गयी। बयान के अनुसार इनिसफेल में कार्यरत नर्स राजविंदर सिंह (38) मामले में प्रमुख संदिग्ध है, लेकिन वह कॉर्डिंगली की हत्या के दो दिन बाद देश से चला गया और अपनी पत्नी तथा तीन बच्चों को यहीं छोड़ गया। क्वीन्सलैंड पुलिस अब राजविंदर की तलाश में मदद करने वाले नागरिक को 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश कर रही है। यह क्वीन्सलैंड पुलिस द्वारा अब तक के सबसे बड़े इनाम की पेशकश है। एजेंसी की अधिकारी सोनिया स्मिथ ने कहा कि यह अनोखा इनाम होगा। राजविंदर सिंह मूल रूप से पंजाब का रहनेवाला है।

नेतन्याहू की सत्ता में वापसी तय

यरुशलम (एजेंसी)। इजराइल के आम चुनाव में करीब 91 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत दक्षिणपंथी गुट ने गुरुवार को 120 सदस्यीय संसद में 65 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत हासिल कर लिया। इसके साथ ही नेतन्याहू की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। केंद्रीय निर्वाचन समिति के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीट, प्रधानमंत्री याइर लापिड की येश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटें प्राप्त होंगी।

संजय राउत की जमानत याचिका पर नौ को आयेगा फैसला

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार शिवसेना के सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह नौ नवंबर को निर्णय सुनायेगी। राउत को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनकी न्यायिक हिरासत नौ नवंबर तक बढ़ा दी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई करनेवाले विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने कहा कि वह मामले में सह आरोपी प्रवीण राउत की जमानत याचिका पर भी नौ नवंबर को फैसला सुनायेंगे।

झूठे वादों से जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश के जयसिंहपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

धर्मशाला (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष चुनाव में कामयाबी के लिए झूठे वादे कर लोगों को गुमराह कर रहा है। वादे वही होने चाहिए, जिन्हें पार्टियां पूरा कर सकें। गुरुवार को जयसिंहपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा जो वादे करती है, उन्हें पूरा करती है। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटाने का वादा किया था और इसे पूरा कर दिखाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज देश की अच्छी नीतियों की वजह से विश्व में भारत का मान बढ़ा है, भारत की बात को गंभीरता से लिया जाता है, कांग्रेस के समय में ऐसा नहीं था। रक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश को देव भूमि करार देते हुए कहा कि इस प्रदेश के वीरों



ने देश की रक्षा के लिए अनेक आहूतियां दी हैं। प्रदेश के उन वीरों का नाम लेते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें कौन भुला सकता है। मंहगाई के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में कारोना जैसी महामारी और यूक्रेन में हो रही लड़ाई के कारण भी मंहगाई बढ़ रही है। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि मंहगाई नियंत्रण में रहे। रक्षा मंत्री ने स्थानीय विधायक रविन्द्र धीमान को एक लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने वादा किया कि वे धीमान की जीत पर एक बार फिर जयसिंहपुर आकर जनता का आभार प्रकट करेंगे।

शाह ने कांग्रेस को बताया राजा-रानियों की पार्टी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह राजाओं और रानियों की पार्टी है तथा हिमाचल प्रदेश में भले ही उसकी ओर से मुख्यमंत्री पद के कई चेहरे हों, लेकिन हकीकत में किसी को मौका नहीं मिलेगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर चौतरफा हमला किया और कहा कि इसने केवल भाई-भतीजावाद को आगे बढ़ाया है तथा विकास के नाम पर कुछ नहीं किया है। गृह मंत्री ने राज्य के इस क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, एक रैंक, एक पेंशन लागू करने और कश्मीर से अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का भी जिक्र किया। राज्य में 12 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। शाह ने मतदाताओं से हिमाचल प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी भाजपा को चुनकर बार-बार सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अगले पांच साल में राज्य को नशामुक्त बनाने का भी वादा किया।

हंबनटोटा बंदरगाह पर श्रीलंकाई जहाजों से ईंधन भर रहे चीनी युद्धपोत

भारत ने जतायी आपत्ति, कहा - चीनी जहाजों को लेकर एसओपी का पालन हो

कोलंबो (एजेंसी)। चीन के कर्ज जाल में फंसने के बाद भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। भारत लगातार श्रीलंका को मदद मुहैया करा रहा है, लेकिन बीजिंग के लिए कोलंबो की वफादारी कम नहीं हो रही है। श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के युद्धपोत श्रीलंका के टैंकरों से ईंधन भर रहे थे। भारत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए श्रीलंका से चीन के सैन्य जहाजों की डॉकिंग और उनमें ईंधन भरने के लिए पारदर्शी मानकों (एसओपी) का पालन करने के लिए कहा है। कोलंबो में मौजूद भारतीय राजनयिकों ने यह जानकारी दी है। भारत ने श्रीलंका से कहा है कि वह हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के सैन्य जहाजों को ईंधन भरने की अनुमति न दे। अमेरिका ने भी श्रीलंका से चीनी सैन्य जहाजों को हंबनटोटा पोर्ट पर डॉक करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए कहा है।

■ मदद के लिए भारत पर निर्भर है द्वीपीय देश, पहले भी दिया था धोखा

खबरों के मुताबिक श्रीलंकाई टैंकर हंबनटोटा पोर्ट से ईंधन लोड कर रहे थे और चीन के युद्धपोतों में भर रहे थे। माना जा रहा है कि वर्तमान में, पूर्वी अफ्रीकी तट पर चलने वाले समुद्री डकैती रोधी टास्क फोर्स के जहाजों के अलावा हिंद महासागर क्षेत्र में कोई और चीनी जहाज नहीं है। विशेषज्ञों ने भी इस पर चिंता जाहिर की है। विदेश और रक्षा मामलों के जानकार ब्रह्मा चेलानी ने अपने ट्वीट में कहा, 'न्यूज रिपोर्ट्स कह रही हैं कि श्रीलंकाई टैंकर चीनी युद्धपोतों में गुप्त रूप से ईंधन भर रहे हैं'। नकदी की तंगी से जूझ रहा श्रीलंका भले ही ईंधन, भोजन और दवा की आपूर्ति के लिए भारतीय मदद पर निर्भर है, लेकिन उसके 'अमित्र' कार्यों से पता चलता है कि वह चीन के कर्ज जाल में बुरी तरह फंस गया है।'

चीन के जासूसी जहाज को दी थी डॉक की अनुमति

इससे पहले अगस्त में चीन के जासूसी जहाज युआन वांग पांच ने श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर डॉक किया था। भारत और अमेरिका ने इस पर कड़ी आपत्ति जतायी थी। चीन का सबसे खतरनाक जासूसी जहाज भारत से सिर्फ 1100 किमी की दूरी पर मौजूद था। खास बात यह कि जब श्रीलंका चीन के जासूसी जहाज का स्वागत कर रहा था, उसके ठीक एक दिन पहले भारत ने अपने पड़ोसी देश को डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान सौंपा था।

इमरान पर जानलेवा हमले के बाद पाकिस्तान में भड़की हिंसा

पेशावर (एजेंसी)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसान के मुखिया और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर जानलेवा हमले के बाद देश में हिंसा भड़क गई। पाकिस्तान के सियालकोट में हमले से भड़के इमरान खान के समर्थकों ने नेशनल हाइवे जाम कर दिये। डॉन न्यूज टीवी ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने वजीराबाद में अल्लाह हो चौक के पास इमरान खान के बख्तरबंद कंटेनर पर गोलियां चला दीं। हालांकि, हमले में इमरान खान बाल-बाल बच गए। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग हुई। न्यूज के मुताबिक इमरान खान को अस्पताल पहुंचाया गया जहां वो खतरे से बाहर हैं। इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले पर पाकिस्तान के प्रधामंत्री शहबाज शरीफ का बयान भी सामने आया है। उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है की और घटना की तत्काल रिपोर्ट भी मांगी है।

पाकिस्तानी महिला को पसंद आया ड्राइवर के गियर बदलने का अंदाज, दे बैठी दिल

इस्लामाबाद (एजेंसी)। कहतें हैं जो सच्चा प्यार करता है, वह जाति-धर्म, ओहदा आदि नहीं देखता है। प्यार किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकता है। यूं तो आपने लव अफेयर्स की कई कहानियां सुनी होंगी, लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक ऐसी कहानी सामने आयी है, जो अपने आप में अलग है। इस कहानी की काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, पाकिस्तान के अच्छे फैमिली बैकग्राउंड से आनेवाली महिला को अपने ड्राइवर से प्यार हो गया और उसके पीछे वजह यह रही कि वह (ड्राइवर) जिस तरह से गाड़ी के गियर बदलता था, वह तरीका महिला को काफी पसंद आया। महिला ने बताया कि उनके पति, जो कि एक ड्राइवर थे, उन्हें गाड़ी सिखाते थे।

दुनिया के लिए बड़ा खतरा, पृथ्वी पर गिर रहा 23 टन का चीनी रॉकेट

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अपना अंतरिक्ष स्टेशन बना रहे चीन को एक और तगड़ा झटका लगा है। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से भेजा गया 23 टन वजनी रॉकेट लॉन्च होने के बाद फेल गया है और वो वापस पृथ्वी की ओर गिर रहा है। यह रॉकेट मेंगटियन मॉड्यूल को लेकर अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीनी वैज्ञानिक रॉकेट को ऑर्बिट में स्थापित नहीं कर पाये जिसके बाद यह भारी-भरकम रॉकेट पृथ्वी की ओर गिर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने मेंगटियन मॉड्यूल के साथ लॉन्ग मार्ट 5बी रॉकेट को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए लॉन्च किया था। इस रॉकेट के वायुमंडल में क्रैश होने और जलने की उम्मीद है, लेकिन इसके कुछ टुकड़े जमीन पर गिर सकते हैं। स्पेस डॉट कॉम ने एयरोस्पेस कॉरपोरेशन के कॉरपोरेट चीफ इंजीनियर ऑफिस के सलाहकार टेड मुएलहौप्ट के हवाले से कहा है कि चीन के अंतरिक्ष मलबे की वजह से पूरी दुनिया को खतरा है। विश्व की करीब 88 फीसदी आबादी जोखिम में है।

अनियंत्रित हो गया था चीनी रॉकेट

इस साल की शुरुआत में भी चीन का एक रॉकेट अनियंत्रित हो गया था और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया था। यह अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया दूसरा रॉकेट था। लॉन्चिंग के छह दिन बाद ही उसने कंट्रोल खो दिया था। रॉकेट पर से कंट्रोल खोने के बाद चीन ने किसी को भी इसकी जानकारी नहीं दी थी।

मलेशिया और इंडोनेशिया में गिरे थे रॉकेट के पार्ट

रॉकेट का अधिकांश हिस्सा जल गया था। उसके बूस्टर और लॉन्चर के कुछ हिस्से मलेशिया और इंडोनेशिया सहित दक्षिक्ष पूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों में गिरे हुए पाए गए थे। हालांकि, इस रॉकेट की वजह से धरती पर किसी जान-माल का खतरा नहीं हुआ था। चीन पर पहले भी फेल हो चुके रॉकेटों के संबंध में जानकारी नहीं देने का आरोप लग चुका है।

लाल किले पर हमले के दोषी की फांसी की सजा बरकरार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के लाल किले में सेना की बैरक पर हमले का दोषी और मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी अशफाक आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर फांसी की सजा बरकरार रखी। बता दें कि कोर्ट ने साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के दोषी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की एक पीठ ने कहा कि उसने इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार करने के आवेदन को स्वीकार किया है। पीठ ने कहा कि हम उस आवेदन को स्वीकार करते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार किया जाना चाहिए। वह दोषी साबित हुआ है। हम इस अदालत द्वारा किये गये फैसले को बरकरार रखते हैं और पुनर्विचार याचिका खारिज करते हैं। आरिफ, लाल किले पर 22 दिसम्बर 2000 को किये गये आतंकवादी हमले के दोषियों में से एक है। बता दें कि लाल किले पर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने 22 दिसम्बर 2000 को आतंकवादी हमला किया था। उस हमले में दो सैनिकों समेत तीन लोग मारे गए थे। वहीं, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में लाल किला में घुसपैठ करने वाले दो आतंकवादी भी मारे गए थे। जिसके बाद लाल किला हमले के मामले में 31 अक्टूबर 2005 को निचली अदालत ने आरिफ को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। गौरतलब है कि 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की फांसी की सजा को बरकरार रखते हुए पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी जिसे 2014 में भी सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी थी। उसके बाद अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने दोषी की सजा को बरकरार रखने का फैसला लिया।

कोरिया के इर्द-गिर्द तनाव चरम पर, बौखलाया जापान

टोक्यो (एजेंसी)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार सुबह कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं, जिनमें से एक के कारण जापान में अलर्ट जारी हो गया और लोगों को सुरक्षित जगहों पर पनाह लेनी पड़ी। उत्तर कोरिया ने पिछले दो दिनों में दर्जनों मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने भी जवाबी परीक्षण किये और इलाके में तनाव चरम पर पहुंच गया है। मिसाइल दागे जाने के बाद जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने कहा कि इसे कतई माफ नहीं किया जा सकता। बुधवार को उत्तर कोरिया ने 23 मिसाइलों को परीक्षण के लिए दागा था। एक दिन में उसका यह अब तक का सबसे बड़ा परीक्षण था। इनमें से एक तो दक्षिण कोरिया के तट पर गिरी, जो पहली बार हुआ। इसके अगले ही दिन उसने जापान के आसमान पर मिसाइल छोड़ दी, जिसके कारण उत्तरी शहरों मियागी, यामागाता और नीगाता में अलर्ट जारी हो गया। जे-अलर्ट इमरजेंसी ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम ने बताया कि लोगों को सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने की चेतावनी भेजी गयी। इस चेतावनी संदेश में कहा

गया कि जापान के ऊपर से एक मिसाइल गुजरी है। हालांकि, बाद में जापानी रक्षा मंत्रालय ने सफाई दी कि यह मिसाइल जापानी सीमा से नहीं गुजरी थी। लॉन्च की जानकारी मिलने के लगभग 25 मिनट बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने कहा कि यह मिसाइल गिर गयी थी। समाचार प्रसारक एफएनएन ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि यह मिसाइल जापान के पूर्व में 1,100 किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर में गिरी। योनहैप समाचार एजेंसी के मुताबिक यह मिसाइल चरणबद्ध प्रक्रिया में एक के बाद एक अलग होते हुए गिरी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह एक लंबी दूरी का हथियार, मसलन कोई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल हो सकता है। पहले लॉन्च के करीब एक घंटे बाद दक्षिण कोरिया की सेना और जापान के कोस्ट गार्ड ने उत्तर कोरिया से एक और मिसाइल छोड़े जाने की सूचना दी। उसके बाद जापान ने तीसरे लॉन्च की भी संभावना जतायी। चार अक्टूबर को उत्तर कोरिया ने जापान की ओर एक मिसाइल परीक्षण किया था। पांच साल में यह पहली बार था जबकि जापान की ओर उसने कोई बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। उस परीक्षण के कारण भी जापान में अलर्ट जारी हुआ था और नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी थी। वह उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे लंबी दूरी का परीक्षण था।